# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, सोमवार, 30 जून 2025


‘हरिभूमि-आईएनएच’ का अभिनव हेल्थ कॉन्क्लेव ‘आयुष्मान भवः-2025’ में हुआ प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था पर सार्थक संवाद

# स्वास्थ्य मंत्री शुक्ल ने कहा- ‘आयुष्मान योजना’ क्रांतिकारी... आम जनता का बढ़ा भरोसा, चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग में अक्टूबर तक 30 हजार पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

आयुष्मान योजना पूरे देश व प्रदेश के लिए एक क्रांतिकारी कदम है, इसके चलते आम जनता का प्रदेश में ही इलाज कराने का भरोसा बढ़ा है। इस योजना के जरिए 9 हजार करोड़ से अधिक का भुगतान विभिन्न अस्पतालों को किया गया है। अब मरीज सीधे बड़े अस्पतालों में इलाज के लिए जा रहे हैं। हरिभूमि-आईएनएच के अभिनव हेल्थ कॉन्क्लेव आयुष्मान भवः में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्थाओं के विस्तार पर विस्तृत बातचीत की।

उन्होंने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए जानकारी दी कि चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग में अक्टूबर माह तक 30 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। रविवार को यहां होटल कल्चुरि में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवालों का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि मध्य प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य अस्पतालों को जिला अस्पताल के स्तर तक ले जाने की योजना पर अमल शुरू हो चुका है। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इस दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, सांसद आशीष दुबे, विधायकगण अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, संतोष बरकड़े, डॉ. अभिलाष पांडे, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर तथा जिले के ख्यातिलब्ध चिकित्सक मौजूद थे।

## डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री शुक्ल ने बताया

1. प्राथमिक स्वास्थ्य अस्पतालों को जिला अस्पताल के स्तर तक ले जाने की योजना पर अमल शुरू
2. मध्यप्रदेश दे रहा हर साल 5000 चिकित्सक
3. ‘आयुष्मान योजना’ के जरिए 9 हजार करोड़ से अधिक का भुगतान विभिन्न अस्पतालों को किया गया
4. महाकौशल क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाएं दिल्ली, मुंबई, नागपुर की स्वास्थ्य सुविधाओं से बेहतर होंगी
5. कैंसर के इलाज के लिए अत्याधुनिक मशीनें भी शीघ्र ही जबलपुर को मिलेंगी
6. जबलपुर में अब बॉनमेरो ट्रांसप्लांट यूनिट भी शुरू हो चुकी है



हरिभूमि-आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने विशेषज्ञों से की ‘सार्थक चर्चा’



कॉन्क्लेव में सांसद आशीष दुबे व विधायक अजय विश्नोई तथा पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए, वहीं ख्यातिलब्ध चिकित्सकों द्वारा भी विचार साझा किए गए।

## जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की लगातार उपलब्धता होगी

*कार्यक्रम के दौरान शुक्ल ने कहा कि प्रदेश तथा देश में चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है, देश आर्थिक महाशक्ति बन रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार सुधार हो रहे हैं और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे आम जन को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। इन्ही सब प्रयासों से मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य के कलंक से निजात मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए लगातार बेहतर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में इस समय 30 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि 30 हजार पदों की भर्ती की प्रक्रिया जारी है, जो सितंबर-अक्टूबर तक पूरी हो जायेगी। इससे जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक की उपलब्धता होगी।*

### अब आंखों के रेटीना के आधार पर बन रहे आयुष्मान कार्ड

शुक्ल ने कहा कि महाकौशल क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाएं दिल्ली, मुंबई, नागपुर की स्वास्थ्य सुविधाओं से बेहतर होंगी। कैंसर के इलाज के लिए अत्याधुनिक मशीनें भी शीघ्र ही जबलपुर को मिलेंगी। जबलपुर में अब बॉनमेरो ट्रांसप्लांट यूनिट भी शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय व मेडिकल में मरीज आने को अब मजबूर नहीं होंगे, उनके स्वास्थ्य के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सशक्त किया जा रहा है। शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी योजना है, जिससे गरीब लोगों को अब आसानी से स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि 2018 से लेकर 2024 तक आयुष्मान योजना अंतर्गत 9 हजार करोड़ रुपए का भुगतान हुआ है।



### कोई गड़बड़ी न हो, इस पर विजिलेंस टीम की निगरानी

*शुक्ल ने बताया कि आयुष्मान योजना में कुछ गड़बड़ी न हो इसके लिए विजिलेंस टीम लगातार इसके लिए कार्य भी कर रही है। आम तौर पर आयुष्मान कार्ड बनाने में बुजुर्ग व्यक्तियों के अंगुलियों के निशान मिट जाने की समस्या आती है, इसके लिए उन्होंने कहा कि अब आंखों के रेटीना के आधार पर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश में लगातार तेजी से कार्य हो रहे हैं और निःशुल्क स्क्रीनिंग भी चल रही है। उन्होंने कहा कि सावधानी में ही सुरक्षा है अतः अपने स्वास्थ्य की देखभाल को प्राथमिकता दें। आज कल टेलीमेडिसिन की सुविधा है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है और यह प्रयास किया जा रहा है कि हर मरीज को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।*

खातेगांव के खिवनी गांव में वन विभाग द्वारा आदिवासी परिवारों के घर तोड़ने का मामला

# आदिवासियों को लेकर शिवराज पहुंचे मुख्यमंत्री निवास, डॉ. यादव ने सीहोर डीएफओ को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देवास जिले के खातेगांव के खिवनी क्षेत्र में वन विभाग द्वारा आदिवासी परिवारों के घर तोड़े जाने की घटना ने तूल पकड़ लिया है। रविवार सुबह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं पीड़ित आदिवासी परिवारों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निवास पहुंचे। इस मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सीहोर वनमंडल के डीएफओ मगन सिंह डाबर को पद से हटा दिया। उनकी जगह अर्चना पटेल को नया डीएफओ नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों और वंचितों के साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु में इस तरह की कोई भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई न की जाए। साथ ही दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव सहित खातेगांव और इछावर क्षेत्र के आदिवासी समाज के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

- **सीएम ने आदिवासी परिवारों को मदद का भरोसा दिलाया**
- **निर्देश : बारिश में कोई भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई न की जाए**
- **अर्चना पटेल को नया डीएफओ नियुक्त किया गया**



### तत्काल प्रभाव से हुआ तबादला

सीहोर के तत्कालीन डीएफओ मगन सिंह डाबर को हटाकर भोपाल अटैच कर दिया गया है। खिवनी क्षेत्र इसी वनमंडल के अधीन आता है, इसलिए प्रथम दृष्टया कार्रवाई डीएफओ स्तर पर की गई है।

### हमारी सरकार गरीबों की सरकार है, गरीबों के साथ है

डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर लिखा- हमारी सरकार गरीबों की सरकार है, गरीबों के साथ है। सीएम ने आगे लिखा- उनकी शिकायतों को सुना और जांच के निर्देश दिए।

### पैदल चलकर खिवनी गांव पहुंचे मंत्री शाह, ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर लौटे



खातेगांव के खिवनी गांव में आदिवासियों के घर तोड़े जाने के मामले पर सीएम ने संज्ञान लेते हुए जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह को मौके पर जाने के निर्देश दिए थे। विजय शाह प्रदेश के बाहर थे। वे इंदौर एयरपोर्ट उतरे और सीधे खिवनी पहुंचे। खिवनी तक जाने के लिए रास्ता दलदल भरा था। ऐसे में अपनी गाड़ियां छोड़कर अफसरों के साथ मंत्री विजय शाह पैदल ही गांव की ओर निकले।

बढ़ी बारिश की रफ्तार, आज और कल कई जिलों में अति भारी बारिश

# अब धीरे-धीरे जमने लगी ‘झड़ी’

पूरे प्रदेश में सुबह से जारी रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर में रविवार से बारिश की रफ्तार में मामूली इजाफा हुआ है। प्रदेशभर में सुबह से देर शाम तक बारिश का दौर जारी रहा। रविवार को ग्वालियर में सुबह से हल्की बारिश के बाद शाम को तेज बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। धार जिले के मनावर में सुबह भारी बारिश हुई।

अलसुबह से शुरू हुई बारिश 9 बजे के बाद भी जारी रही। नर्मदापुरम में सुबह से बारिश के बाद शाम को तेज बौछारें पड़ीं। यहां कभी रिमझिम और कभी तेज पानी गिर रहा है। रतलाम में भी सुबह से देर रात तक रुक-रुककर कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश हुई। रायसेन में दिनभर रिमझिम बारिश का दौर जारी है।



राजधानी के कोलार रोड में जल भराव

- भोपाल सहित कई जिलों में बारिश से पानी से सड़कें, नदी नाले फुल
- प्रदेश से गुजर रही ट्रफ और आसपास दो सकुर्लेशन से जारी रहेगा बारिश

### रीवा, डिंडौरी और कटनी में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

सोमवार को रीवा, डिंडौरी और कटनी में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है, जबकि मंगलवार को नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, कटनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में अति भारी बारिश होगी। इस बीच भोपाल सहित प्रदेशभर में मध्यम से हल्की बारिश और रिमझिम का दौर जारी रहेगा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले 24 घंटे में प्रदेश में बारिश का दौर ऐसा ही रहेगा। बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने से 2 से 3 जुलाई के बीच भोपाल सहित अधिकांश जिलों में तेज से भारी बारिश होगी।



### तापमान में 5 डिग्री तक घट- बढ़ रही

रविवार को प्रदेश में जारी बारिश के बाद दिन का पारा 5 डिग्री तक गिर गया। भोपाल में 3.6 डिग्री गिरकर 25.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 8.9 डिग्री कम है। बैतूल और नर्मदापुरम में 5-5 डिग्री की गिरावट के साथ पारा 23 से 25 डिग्री तक रहा। रायसेन, रतलाम, छिंदवाड़ा, मंडला और मलाजखंड आदि में पारा 2 से 4 डिग्री तक गिरा।






नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प
# अक्षय जल, सुरक्षित कल

# जल गंगा संवर्धन अभियान
## समापन समारोह
एवं
## वॉटरशेड सम्मेलन

मुख्य अतिथि
## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

**30 जून, 2025 । दोपहर 12 बजे**
**मंडी प्रांगण, खण्डवा, मध्यप्रदेश**





‘जल की हर बूंद में आने वाले कल का भविष्य छिपा है। इसलिए इस अमूल्य धरोहर की किसी भी मूल्य पर रक्षा करना हमारा दायित्व है।’

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## जल संरक्षण का ‘जन संकल्प’

### जल संचय में वृद्धि
- ₹2048 करोड़ लागत के 83 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण पूर्ण, जिससे खेत का पानी खेत में सिंचित होगा
- ₹254 करोड़ लागत से 1 लाख से अधिक कूप रीचार्ज
- अमृत सरोवर 2.0 के तहत ₹ 354 करोड़ लागत से 1 हजार से अधिक नए अमृत सरोवरों का निर्माण
- शहरी क्षेत्रों में 3300 से अधिक जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, 2200 नालों की सफाई एवं 4000 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण पूर्ण

### जनभागीदारी
- 40 लाख लोगों की भागीदारी से 5 हजार से अधिक जल स्त्रोतों का हुआ जीर्णोद्धार
- My Bharat पोर्टल के माध्यम से 2.30 लाख से अधिक जलदूत बनाए गए
- ग्रामीण क्षेत्रों में पानी चौपाल का आयोजन

### तकनीकी नवाचार
- GIS आधारित SIPRI सॉफ्टवेयर के उपयोग से जल स्त्रोतों का चयन एवं AI आधारित मॉनिटरिंग की गई
- नर्मदा परिक्रमा पथ एवं अन्य तीर्थ मार्गों के डिजिटलीकरण के जरिए श्रद्धालुओं की सुविधाओं का रखा जा सकेगा ख्याल

### पर्यावरणीय एवं कृषि प्रभाव
- 57 प्रमुख नदियों में मिलने वाले 194 से अधिक नालों का चिह्नांकन एवं उनके शोधन के लिए योजना तैयार
- जैव विविधता संरक्षण हेतु घड़ियाल और कछुओं का किया गया जलावतरण
- 145 नदियों के उद्गम क्षेत्रों को चिन्हित कर हरित विकास हेतु योजना तैयार
- अविरल निर्मल नर्मदा योजना में 5600 हेक्टेयर में पौधरोपण प्रारंभ
- वन्य जीवों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 2500 से अधिक तालाब, स्टॉप डैम का निर्माण
- पौधरोपण हेतु लगभग 6 करोड़ पौधों की नर्सरी विकसित

### वॉटरशेड हेतु कार्य
- ₹1200 करोड़ लागत की 91 वॉटरशेड परियोजनाएं स्वीकृत, 5.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगी सिंचाई सुविधा
- 9000 से अधिक जल संरक्षण संरचनाओं के जरिए किसानों को 1 वर्ष में दो से तीन फसलों का मिल रहा लाभ

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

#जल_गंगा_संवर्धन_अभियान_MP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

D-11056/25

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






8 सहकारिता क्षेत्र की दिक्कतें हों दूर

मैट्रो 14 अब मेबन फैमिली पर लगा धर्मांतरण ..



सीएम नायब सैनी ने पुष्पांजलि अर्पित की

## योगगुरु स्वामी रामदेव ने दी माता परमेश्वरी देवी जी को श्रद्धांजलि

# बोले: चार पीढ़ियों को दिया आशीर्वाद, अब रहेंगी प्रेरणा बनकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आर्यसमाज, वैदिक परंपरा और योग की भावना को अपने जीवन में पूरी तरह आत्मसात कर जीवन को एक उदाहरण बनाने वाली पूज्य श्रद्धामयी माता परमेश्वरी देवी जी को योगगुरु स्वामी रामदेव ने श्रद्धा और भावनाओं के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को एमडीयू के टैगोर सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बाबा रामदेव ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन एक तपस्विनी, अनुशासित और उदार नारी का प्रेरणास्रोत उदाहरण है, जिन्होंने तीन पीढ़ियों से आशीर्वाद लिया और चार पीढ़ियों को अपना आशीर्वाद देकर उन्हें मजबूत नींव दी।

**रविवार को एमडीयू के टैगोर सभागार में आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा**

**श्रद्धांजलि सभा के दौरान 20 मिनट की एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रस्तुत की गई, जिसमें माता परमेश्वरी देवी जी के साधारण किंतु प्रभावशाली जीवन का चित्रण किया गया**

### बेटे की तरह दुलार करतीं तो डांटती भी थी

बाबा रामदेव ने कहा कि माता जी उन्हें बेहद स्नेह करती थीं। उन्होंने बताया कि मां मुझे अपने बेटों की तरह मानती थीं। मुझे प्यार करती थीं, डांटती थीं, समझाती थीं। एक बार उन्होंने मुझसे कहा कि तू सबके पांव ठीक करता है, मेरे पांव भी ठीक कर दे वरना लाठी से तेरे पांव तोड़ दूंगी। यही उनका स्नेह और अपनापन था। वह 15 दिन पहले ही माताजी से मिलने आए थे, और उन्हें क्या पता था कि मात्र तीन दिन बाद उनके स्वर्गवास की खबर मिलेगी।

### भजनों ने किया भावुक

वैदिक दिनेश की भजन मंडली ने कई भजन प्रस्तुत किए। उन्होंने जब चिट्ठी न कोई संदेश, जाने वो कौन सा देश भजन गाया तो हॉल में बैठे हर किसी व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। इसके अलावा उन्होंने -कहां हो मां, तुझे तेरे दुलारे याद करते हैं जैसी भावपूर्ण प्रस्तुति दी।

### माताजी-एक सामाजिक विरासत की वाहक

माता परमेश्वरी देवी अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। जिसमें उनके 6 बेटे और 3 बेटियां शामिल हैं। उनके बेटों के नाम रुद्रसेन, वीरसेन, व्रतपाल, कैप्टन अभिमन्यु, मेजर सतपाल और देव सुमन हैं, जबकि बेटियों में दया, बिमला और मधु हैं। उनके पति मित्रसेन सिंधु का निधन उनसे पहले ही हो चुका था।





माताजी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते बाबा रामदेव

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पुणे से हैदराबाद जा रही इंडिगो की फ्लाइट डायवर्ट

**नई दिल्ली।** पुणे से हैदराबाद जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6473 को हैदराबाद एयरस्पेस में भारी ट्रैफिक के चलते विजयवाड़ा डायवर्ट करना पड़ा। विमान ने रविवार सुबह 8:43 बजे पुणे एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी और हैदराबाद एयरपोर्ट की ओर जा रहा था।



### बांकेबिहारी मंदिर में भीड़ से बिगड़े हालात

**वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार की सुबह दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी तो व्यवस्था ध्वस्त नजर आईं। रास्ते में लगे बैरियर पर रोके जाने से श्रद्धालुओं को खासी परेशानी हो रही थी। मंदिर के अंदर और बाहर भीड़ के दबाव में हालात बिगड़ गए।



### अनंत अंबानी को करीब 20 करोड़ वेतन, कई भत्ते

**मुंबई।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे पुत्र रिलायंस इंडस्ट्रीज में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए गए अनंत अंबानी को सालाना 10-20 करोड़ का वेतन और मुनाफे पर कमीशन सहित कई भत्ते दिए जाएंगे। शेयरधारकों को ये जानकारी दी गई है।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'मप्र में निवेश अवसरों' पर सूरत में इन्टरैक्टिव सेशन को किया संबोधित

**11 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा**

# सूरत में 15,710 करोड़ रुपए से अधिक के 'निवेश' प्रस्ताव मिले

### अहमदाबाद में स्थापित होगा मप्र औद्योगिक विकास निगम का कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में औद्योगिक विकास को गति देने तथा प्रदेश में निवेश प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए मप्र औद्योगिक विकास निगम का एक कार्यालय अहमदाबाद में शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मप्र में निवेश आकर्षित करने की पहल सूरत में रंग लाई, जहां निवेशकों से 15,710 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए हैं। इन प्रस्तावों के फलीभूत होने पर 11,250 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मप्र में निवेश के अवसरों पर होटल मैरियट सूरत में आयोजित इन्टरैक्टिव सेशन को संबोधित कर रहे थे।

**सीएम ने कहा** कि प्रदेश में वस्त्र उद्योग, फार्मास्युटिकल, स्वास्थ्य,पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों में विस्तार की पर्याप्त संभावना




***मुख्यमंत्री ने कहा** कि मप्र के पन्ना से निकला हीरा गुजरात के सूरत में ही तराशा जाता है, इसी प्रकार मप्र भले ही कॉटन कैपिटल हो, लेकिन कपड़ा और साड़ी उद्योग तो सूरत से ही संचालित हो रहा है*

❑ मप्र भारी उद्योग, एमएसएमई और कुटीर उद्योगों में तेजी से बढ़ रहा है आगे

❑ **मुख्यमंत्री** ने टैक्सटाइल, केमिकल, फार्मा, इंजीनियरिंग और जेम्स और ज्वेलरी सेक्टर के 18 से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों, कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों से वन-टू-वन बैठक में विस्तृत चर्चा की

◆ **गुजरात के उद्योग समूहों की गतिविधियों का विस्तार मप्र में भी हो**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सूरत सहित गुजरात के उद्योग समूहों की गतिविधियों का विस्तार मप्र में भी हो इसी उद्देश्य से यह इन्टरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया है। राज्य सरकार उद्योग-व्यापार तथा निवेश गतिविधियों के विस्तार में हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर है।*

## पुरी में तड़के भगदड़, तीन की मौत, करीब 50 घायल

# डीएम व एसपी का तबादला दो अन्य अधिकारी निलंबित



"सीएम माझी ने कहा मैं और मेरी सरकार महाप्रभु जगन्नाथ के सभी भक्तों से क्षमा याचना करते हैं।"

एजेंसी ▶▶ पुरी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को पुरी में एक मंदिर के पास भगदड़ के लिए भगवान जगन्नाथ के भक्तों से क्षमा मांगी। इस घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है। पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के निकट रविवार को मची भगदड़ में कम से कम तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और करीब 50 अन्य घायल हो गए। यह घटना तड़के करीब चार बजे हुई, जब सैकड़ों श्रद्धालु रथयात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के पास एकत्रित हुए थे। सीएम माझी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए

### दो ट्रकों के बीच में घुसने से मची अफरा-तफरी



अधिकारियों ने बताया कि अनुष्ठान के लिए सामग्री ले जा रहे दो ट्रकों के भगवान जगन्नाथ और उनके भाई भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के रथों के पास भीड़भाड़ वाले स्थान पर घुसने के बाद अफरा-तफरी मच गई।

## बेंगलुरु में दिल दहला देने वाली वारदात

# महिला की हत्या कर बोरे में ठूंसा शव और उसे कचरे वाले ट्रक में फेंक दिया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

यह घटना बेंगलुरु में 33 साल की विवाहित महिला की चौंकाने वाली हत्या के कुछ सप्ताह बाद हुई है। दो बच्चों की मां हरिनी आर की कथित तौर पर यशस (25) नाम के एक तकनीकी विशेषज्ञ ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी जिसके साथ उसका प्रेम संबंध था।

■ सीसीटीवी खंगालने लगी पुलिस, महिला दो बच्चों की मां





### महिला के हाथ और गर्दन बंधे हुए थे

बेंगलुरु के संयुक्त पुलिस आयुक्त सी वामसी कृष्णा ने कहा कि बोरी को रात 1 से 3 बजे के बीच कचरा ट्रक में फेंका गया था। उन्होंने कहा कि महिला के हाथ और गर्दन बंधे हुए थे और शव एक बोरी में था। (बेंगलुरु सिविक बॉडी) बीबीएमपी स्टाफ ने हमें शव के बारे में सूचना दी। हमने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रहे हैं।

**पहला चरण डिजिटल माध्यम से होगा, इस दौरान जाति की भी जानकारी ली जाएगी**

## पहले चरण का आगाज अप्रैल 2026 से

# आजादी के बाद 8वीं जनगणना, पहले मकान सूचीकरण कार्य करेंगे अधिकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जनगणना 2026 की तैयारियां शुरू हो गई है। इसके तहत 1 अप्रैल 2026 से मकान सूचीकरण का काम शुरू होगा। बता दें कि, जनसंख्या गणना का पहला चरण डिजिटल माध्यम से होगा, इस दौरान जाति की भी जानकारी ली जाएगी। रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर बताया कि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन और हाउसिंग जनगणना 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगी। दो चरणों में जनगणना होगी। पहला चरण– मकान सूचीकरण काम जिसे हाउस




लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) भी कहा जाता है। इसमें हर घर की स्थिति, सुविधाएं और संसाधनों की जानकारी ली जाती है। वहीं दूसरा चरण- जनसंख्या गणना का है, यह चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा।

### क्या है मकान सूचीकरण काम?

इस चरण में सरकार यह पता लगाएगी कि घर की दीवार, छत और फर्श किस सामग्री की बनी है। घर में कितने कमरे हैं, कितने लोग रहते हैं, घर में शादीशुदा जोड़े हैं या नहीं, क्या घर का मुखिया महिला है या वह अनुसूचित जाति/जनजाति से है। इस बार की जनगणना खास होगी क्योंकि यह पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। इसके लिए मोबाइल ऐप का इस्तेमाल होगा। साथ ही, लोगों को स्वयं से जानकारी देने की सुविधा भी दी जाएगी।

## मृतक अपने दोस्त के जन्मदिन पर उसके घर गया था

# पुरानी रंजिश में बदमाश ने कपड़े की दुकान के कर्मचारी को गोली से उड़ाया



छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित लीलाधर कॉलोनी में वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित लीलाधर कॉलोनी में पुरानी रंजिश में हुए विवाद के बाद दो पक्ष आमने-सामने हो गए। इस दौरान एक पक्ष की तरफ से फायर कर दिया गया। गोली युवक के सिर और सीने में लगने से उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अमित पिता राधेश्याम वर्मा (24) खटीकपुरा, बरखेड़ी फाटक ऐशबाग में रहता था और कपड़े की दुकान में काम करता था। शनिवार रात वह दुकान से अपने साथी राजा खटीक के घर गया था। वहां राजा खटीक का जन्मदिन का कार्यक्रम था। अमित और उसके साथी राजा खटीक के साथ गली में खड़े होकर बातचीत कर रहे थे, तभी बदमाश नसीम उर्फ बन्ने खां, वसीम और अन्य साथियों के साथ बाइक से पहुंचा। पहुंचने के बाद दोनों पक्षों के बीच कुछ देर बातचीत हुई फिर विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर नसीम ने कट्टे से फायर कर दिया। एक फायर मिस होने के बाद अमित वर्मा के साथ मौजूद सभी लोग यहां वहां भाग निकले, जबकि अमित भाग नहीं सका और आरोपी ने उस पर भी फायर कर दिया।


## पीएम मोदी ने 'मन की बात' में बालाघाट की सूमा उइके की सराहना की

सूमा ने कहा कि वह जीवन में और बड़े मुकाम हासिल करना चाहती हैं, इसके लिए वे लगातार मेहनत कर रही हैं

# सूमा उइके ने पीएम मुद्रा लोन से थर्मल थेरेपी सेंटर शुरू किया, दे रहीं महिलाओं को रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 123वें एपिसोड का रविवार को प्रसारण हुआ। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने बालाघाट जिले के कटंगी के भजियापार गांव की रहने वाली सूमा उइके की सफलता की कहानी सुनाई। कटंगी विकासखंड के अंतर्गत आने वाली सुमा अपने घर-गृहस्थी का काम करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनी। उन्हें आजीविका मिशन के कर्मियों ने स्व-सहायता समूह के बारे में जानकारी दी। सूमा ने अपने आस-पास के परिवारों की महिलाओं को जुटाकर आदिवासी आजीविका विकास स्व-सहायता समूह बनाया जिसमें वह अध्यक्ष भी बनीं।





### प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के जरिए बदली किस्मत

भजियापार की रहने वाली सूमा उईके 2014 में एक स्व सहायता समूह से जुड़ी थी। इसके बाद वह साल 2017 में वह आजीविका मिशन से जुड़ी। तब से उन्हें आत्मनिर्भर बनने की चाहत हुई। इसके लिए वह कई जगह ट्रेनिंग के लिए गईं। और थर्मल थेरेपी की स्किल्स सीखी। आजीविका मिशन के अधिकारियों ने उन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के बारे में बताया और उन्होंने लोन के लिए अप्लाई कर दिया।

### सूमा ने 6 लाख का लोन लिया था

सूमा ने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन की मदद से 6 लाख रु. का लोन लिया था। महिला और आदिवासी समुदाय से होने के कारण उन्हें 5 प्रतिशत की छूट दी गई। वहीं, 3 लोगों को रोजगार भी दे रही हैं। आगे बीस महिलाओं को और जोड़ने की योजना है। अब उनकी मासिक आय लगभग 19 हजार रुपए हो गई है। परिवार की आय भी बढ़कर 32 हजार रुपए हो गई है।

**यमुनोत्री धाम** की ओर जानकीचट्टी, फूलचट्टी, खरसाली राना चट्टी, स्याना चट्टी क्षेत्र में भारी तबाही






# चारधाम यात्रा 24 घंटे के लिए स्थगित, भारी बारिश से यमुनोत्री हाईवे कई जगह बंद, 1 हजार श्रद्धालु फंसे

एजेंसी ▶▶ देहरादून

यमुनोत्री धाम की ओर जानकीचट्टी, फूलचट्टी, खरसाली, राना चट्टी, स्याना चट्टी क्षेत्र में करीब एक हजार से अधिक श्रद्धालु फंसे हुए हैं। भारी बारिश के चलते यमुनोत्री हाईवे समेत कई जगह रास्ते बंद हैं। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने बताया कि भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए चार धाम यात्रा को अगले 24 घंटों के लिए स्थगित कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में तीर्थयात्रियों को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। दुबाटा बैंड पर तैनात एसआई विक्रम सिंह ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से श्रद्धालुओं को क्षेत्र की स्थिति से अवगत करवाते हुए गंगोत्री की ओर भेजा जा रहा है। वहीं, यमुनोत्री धाम की ओर जानकीचट्टी, फूलचट्टी, खरसाली, राना चट्टी, स्याना चट्टी क्षेत्र में करीब एक हजार से अधिक श्रद्धालु फंसे हुए हैं। उधर चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह रावत ने बताया कि जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर सामान्य स्थिति के चलते यहां पर कल से ठहरे हुए श्रद्धालुओं को यमुनोत्री धाम जाने दिया जा रहा है।

1 **सिलाई बैंड** के पास बादल फटने से कई मजदूर लापता

2 **यमुनोत्री हाईवे** से गंगोत्री डायवर्ट किया रूट



### मलबा आने से बदरीनाथ हाईवे समेत 72 से ज्यादा मार्ग बंद

*प्रदेश में बारिश ने जमकर कहर बरपाया है। बारिश के बाद जगह-जगह मार्गों पर मलबा आ गया है। इससे 72 मार्ग से ज्यादा मार्ग बंद हो गए हैं। सबसे अधिक 21 मार्ग चमोली जिले के हैं। बदरीनाथ हाईवे पार्थाडीप और सिरोहबगड़ में देर रात से बंद चल रहा है। सोनला में दलदल होने से यात्रियों के वाहन फंस रहे हैं। कर्णप्रयाग नैनीताल हाईवे रन्डोली के पास गदेरे में मलबा आने से बंद हो गया है। इस दौरान हाईवे के दोनों ओर काफी संख्या में लोग फंस गए है। कई लोग मलबे से ही होकर सड़क पार कर रहे हैं। यमुनोत्री हाईवे पालिगाड, कुथनोर, झाझरगड के पास और गंगोत्री हाईवे नेताला बिशनपुर, लालढांग, नालूणा में बाधित हुआ है।*

### उत्तराखंड में बादल फटने से 2 की मौत, 7 लापता

*उत्तरकाशी में यमुनोत्री मार्ग पर बादल फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि 7 लापता हैं। जिला मजिस्ट्रेट प्रशांत आर्य ने बताया कि मजदूर एक होटल के निर्माण में लगे हुए थे। जब भूस्खलन हुआ, तब कैंप साइट पर 29 मजदूर थे। उनमें से 20 को सुरक्षित निकाल लिया गया। वहीं, सरयू, अलकनंदा और सरस्वती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शनिवार से जारी भारी बारिश के चलते चारधाम यात्रा अगले 24 घंटे के लिए रोक दी गई है। यात्रियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में ही रोकने के आदेश दिए गए हैं। यमुनोत्री हाईवे पर पालीगाड़ ओजरी डाबरकोट के बीच सिलाई बैंड के पास बादल फटने से तबाही मच गई। इस दौरान यहां होटल निर्माण स्थल तबाह हो गया है, जिससे कई मजदूर लापता हो गए। लापता मजदूरों की तलाश में प्रशासन की टीम और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है।*

## खबर संक्षेप

### तंजानिया में बस दुर्घटना में कम से कम 37 की मौत

**दार उस सलाम।** तंजानिया के सुदूर इलाके में दो बसों के टकराने और उनमें आग लगने से 37 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस दुर्घटना में कम से कम 37 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। बसों के बीच यह टक्कर शनिवार शाम को किलिमंजारो क्षेत्र में मोशी-तांगा राजमार्ग के पास सबसाबा इलाके में हुई। पीड़ितों की पहचान और राष्ट्रीयता का पता नहीं चल सका है। आयुक्त नूरदीन बाबू, शोक व्यक्त किया है।




### बलूचिस्तान में 5.3 तीव्रता का भूकंप, 5 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को 5.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कम से कम पांच लोग घायल हो गए। मीडिया में आई खबर से यह जानकारी मिली। अर्धसैनिक बल के अधिकारी तौकीर शाह ने बताया कि भूकंप का केंद्र बरकान शहर के निकट था और यह स्थानीय समयानुसार तड़के लगभग साढ़े तीन बजे आया। उन्होंने कहा, हमारे पास बरकार के पास रारा शाइम इलाके में कम से कम पांच लोगों के घायल होने की सूचना है, जिनमें एक दंपति भी शामिल है।



### ट्रंप पर भड़के मस्क कहा खत्म होंगी नौकरियां

**वाशिंगटन।** उद्योगपति एलन मस्क ने शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक कर एवं व्यय कटौती विधेयक के प्रति एक बार फिर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिस विधेयक को रिपब्लिकन पार्टी के सांसद पारित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उससे नौकरियां खत्म हो जाएंगी और उभरते उद्योग ठप्प पड़ जाएंगे। मस्क ने एक्स पर लिखा, सीनेट का नवीनतम मसौदा विधेयक अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को भारी रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा।



### बांग्लादेश में पीड़िता का वीडियो बनाकर किया वायरल

# हिंदू महिला से दरिंदगी करने घर में घुसा फज्रअली, बीएनपी नेता समेत 5 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट और मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से हिंदुओं के प्रति हिंसा बड़े स्तर पर पढ़ गई है। कहीं हिंदुओं के मंदिरों को तोड़े जा रहे हैं तो कहीं उन पर जानलेवा हमला किया जा रहा है। हाल ही में सामने आई एक नई घटना में एक 21 साल की हिंदू महिला के साथ दुष्कर्म किया गया। महिला की शिकायत के बाद आरोपी फज्र अली को गिरफ्तार किया गया. बता दें कि आरोपी बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) का नेता है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक पुलिस घटना को लेकर 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। फज्र अली इनमें से मुख्य संदिग्ध है।

वहीं 3 अन्य लोगों को पीड़िता का वीडियो रिकॉर्ड करने और उसे सोशल मीडिया पर शेयर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 26 जून 2025 की है। रामचंद्रपुर पचकित्ता गांव का 38 साल का फज्र अली रात लगभग 10 बजे पीड़िता के पिता के घर में घुस गया। पीड़िता का पति दुबई में काम करता है। वह स्थानीय त्यौहार हरि सेवा सेलिब्रेट करने के लिए अपने बच्चों के साथ कुछ दिनों के लिए पिता के घर पर रह रही थी। पीड़िता की 27 जून 2025 को दी गई लिखित शिकायत के आधार पर फजोर अली के खिलाफ महिला और बाल उत्पीड़न निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं मामले को लेकर मुरादनगर पुलिस ने भी जांच शुरू की। इस घटना के बाद से क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया गया। लोगों ने हिंदू महिला के साथ हुए इस अत्याचार पर नाराजगी जाहिर की है।

**»** ***अराजक हुई बांग्लादेश सरकार हिंदुओं पर ढाए जा रहे जुल्म***

**»** ***अपनी इज्जत बचाने की पीड़िता लगाती रही गुहार***



घटना के विरोध में कई जगह हुए प्रदर्शन

### घर में जबरदस्ती घुसा मारपीट की

केस स्टेटमेंट के मुताबिक पीड़िता के दरवाजा खोलने से मना करने पर फज्र अली जबरदस्ती उसके घर में घुस गया और मारपीट करने लगा। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने अली को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई लगाई, हालांकि वह मौके से फरार होने में सफल हो गया। पुलिस ने रविवार 29 जून 2025 को सुबह करीब 5 बजे ढाका के सैदाबाद इलाके से फज्र अली को गिरफ्तार किया।

#### दुबई में काम करता है पति

स्थानीय लोगों के मुताबिक पीड़िता का पति दुबई में काम करता है। स्थानीय त्यौहार हरि सेवा के लिए अपने बच्चों के साथ अपने पिता के घर पर रह रही थी। केस स्टेटमेंट के अनुसार, पीड़िता द्वारा दरवाजा खोलने से मना करने पर अली जबरन घर में घुस गया और उसके साथ मारपीट की। स्थानीय लोगों ने अली को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की लेकिन वह मौके से भागने में सफल रहा।

#### सड़कों पर फूटा लोगों का गुस्सा, हुए प्रदर्शन


*घटना के बाद मुरादनगर और कुमिल्ला के आसपास के इलाकों में लोगों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग की है। पूरे बांग्लादेश में इस घटना को लेकर आक्रोश है और सोशल मीडिया पर भी लोग खुलकर इंसाफ की मांग कर रहे हैं।*

#### बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमले

*बांग्लादेश में हिंदू समुदाय और उनके पूजा स्थलों पर हमले किसी से छिपे नहीं हैं। भारत लगातर अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस मुद्दे को उठाता रहा है। इसी साल फरवरी में जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भी उल्लेख किया गया था कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हिंसक भीड़ के हमले शेख हसीना के भारत भागने से पहले ही शुरू हो गए थे। रिपोर्ट में यह भी खुलासा किया गया था कि हिंदुओं के साथ-साथ चटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अहमदिया मुसलमानों और स्वदेशी समूहों को भी बांग्लादेश में अत्याचारों का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट में कहा गया कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान और उसके बाद चटगांव पहाड़ी क्षेत्र में हिंदू समुदाय, अहमदिया मुसलमानों और स्थानीय समूहों के सदस्यों पर भीड़ की ओर से हिंसक हमले किए गए, जिनमें घरों को जलाना और पूजा स्थलों पर हमले शामिल थे।*

### पाकिस्तानी कनेक्शन आया सामने

# एलओसी के पास दो नाबालिगों के शव मिलने से 'सनसनी'



एजेंसी ▶▶ जोधपुर

राजस्थान के जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास एक युवक और नाबालिग लड़की का शव मिला है। जिले के एसपी ने इसकी पुष्टि की है। मौके से एक पाकिस्तानी सिम और आईडी कार्ड भी बरामद किया गया है। दरअसल, ये दोनों शव जैसलमेर जिले के साधेवाला क्षेत्र में स्थित भारत-पाकिस्तान सीमा के पास मिले हैं। मृतकों में एक 18 वर्षीय युवक और एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की शामिल हैं। शवों की हालत से अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों की मौत करीब सात दिन पहले हुई होगी। शव भारत-पाक तारबंदी से 10-12 किलोमीटर भीतर भारतीय क्षेत्र में पाए गए हैं। घटनास्थल पर एक पाकिस्तानी सिम कार्ड और एक आईडी कार्ड मिलने से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। आईडी कार्ड के अनुसार, युवक का नाम रवि कुमार (उम्र 18 वर्ष) है। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दो शव मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गईं। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और बीएसएफ के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने शवों को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में रख दिया। जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुधीर चौधरी ने पुष्टि की है कि मामला अत्यंत संवेदनशील है और हर पहलू से जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास के गांवों में भी पूछताछ शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में शवों के पास कोई हथियार या जहर नहीं मिला है। मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

#### पाकिस्तानी सिम कार्ड और एक आईडी कार्ड बरामद हुआ


*साथ ही घटनास्थल का मुआयना किया, जिसमें उन्हें उनके पास से एक पाकिस्तानी सिम कार्ड और एक आईडी कार्ड बरामद हुआ है। आईडी कार्ड में युवक का नाम रवि कुमार और उम्र 18 वर्ष दर्ज है। हालांकि, नाबालिग लड़की की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है।*

### छह पुलिसकर्मी हुए घायल

## पुलिस से झड़पः हिरासत में लिए गए दर्जनों प्रदर्शनकारी

एजेंसी ▶▶ बेलग्रेड

सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में बड़ा प्रदर्शन हुआ। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं, जिसमें दर्जनों को हिरासत में लिया गया। यह प्रदर्शन सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जांदर वूचिच के खिलाफ था। लोग जल्द चुनाव की मांग कर रहे थे। इस विशाल रैली में हजारों लोग शामिल हुए, खासतौर पर विश्वविद्यालय के छात्र थे। पिछले आठ महीनों से लगातार हो रहे इन विरोध प्रदर्शनों ने वूचिच की सत्ता को हिला दिया है। हमें चुनाव चाहिए के नारे लगाते हुए राजधानी के स्लाविजा चौक और उसके आस-पास की कई सड़कों पर भीड़ उमड़ पड़ी। इतने लोग इकट्ठा हुए कि कई लोग आयोजन स्थल तक भी नहीं पहुंच सके। सड़कों पर संघर्ष के दौरान पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हथकड़ी लगाकर गिरफ्तार किया।




### रिश्तेदारों से मदद की अपील

## शादी करने अमेरिका पहुंची भारतीय युवती हुई लापता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय युवती सिमरन (24) भारत से अमेरिका अरेंज मैरिज के लिए पहुंची थी, लेकिन अब वह यूएस से लापता हो गई है। उसे 20 जून को न्यू जर्सी में आखिरी बार देखा गया था। न्यू जर्सी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में देखा कि वह अपने फोन लगातार चेक कर रही थी, जैसे किसी का इंतजार कर रही हो, लेकिन वह परेशान नहीं दिखी। एनआरआई समुदाय और रिश्तेदारों ने मदद की अपील की है। अधिकारियों के मुताबिक, सिमरन को अंग्रेजी बोलने में मुश्किल है और उसके पास जो फोन है, वह सिर्फ वाई-फाई के जरिए ही काम कर सकता है। पुलिस का मानना है कि सिमरन की शादी के लिए अमेरिका आने का जो दावा किया गया है, वह शायद सही नहीं हो। अधिकारियों को शक है कि वह मुफ्त हवाई यात्रा करने के लिए अमेरिका आई हो सकती है। सिमरन के परिवार से संपर्क की कोशिश की जा रही है।



अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का ट्रंप के पक्ष में फैसला

## अमेरिका में जन्मसिद्ध नागरिकता कानून का अब रास्ता हुआ साफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अपने कार्यकाल के पहले दिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जन्मसिद्ध नागरिकता समाप्त करने के लिए एक कार्यकारी आदेश जारी किया, जोकि अमेरिका में जन्मे सभी बच्चों को नागरिकता प्रदान करता है। यह अधिकार संविधान में 160 वर्षों से निहित है। इस आदेश को चुनौती देने वाले मुकदमे दायर किए गए और कई राज्यों के न्यायाधीशों ने इसे रोकने के लिए निषेधाज्ञाएं जारी कीं। हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के पक्ष में निर्णय दिया, जिससे आदेश लागू होने का रास्ता साफ हो गया। इससे कई सवाल उठते हैं जैसे कि क्या कुछ राज्यों में अवैध रूप से रहने वाले प्रवासियों के बच्चों को नागरिकता का अधिकार होगा? क्या ऐसे माता-पिता के बच्चों को निर्वासित किया जा सकता है? 22 राज्यों, जहां डेमोक्रेटिक सरकारें है, वहां जन्मसिद्ध नागरिकता आदेश के खिलाफ केस दायर किए गए थे। इसके विपरीत 28 राज्यों में जहां आदेश को चुनौती नहीं दी गई, अवैध रूप से रहने वाले प्रवासियों के बच्चों को अमेरिकी नागरिकता से वंचित किया जा सकता है। बता दें कि कई प्रवासी अधिकार समूहों ने इस आदेश के खिलाफ आपातकालीन रोक लगाने की मांग की है। इस निर्णय के संभावित प्रभावों पर चर्चा जारी है। बता दें कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने जन्मसिद्ध नागरिकता नीति को चुनौती देने वाले मामलों को निचली अदालतों में वापस भेज दिया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, निचली अदालतों यह तय करना होगा कि नए फैसले का पालन करने के लिए अपने आदेशों को कैसे तैयार किया जाए।



ट्रंप ने लाखों भारतीयों को दी राहत

## रेमिटेंस टैक्स घटाकर किया 1% पैसे भेजने पर लगेगा 0% टैक्स

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में रहकर नौकरी कर रहे लाखों भारतीयों के लिए राहत भरी खबर है। इतना ही नहीं इसमें भी अगर कोई भारतीय एनआरआई बैंक खातों, डेबिट या क्रेडिट कार्ड के जरिए पैसे भेजता है तो उसपर 0 टैक्स लगेगा। वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट को संशोधित करके रेमिटेंस टैक्स कम किया गया है। वन बिग ब्यूटीफुल बिल के संशोधित मसौदे में प्रस्तावित पैसे ट्रांसफर करने पर पहले से प्रस्तावित 3.5% टैक्स को घटाकर मात्र 1% कर दिया गया है। ट्रंप सरकार के इस कदम से अमेरिका में रह रहे लाखों भारतीयों को राहत मिली है। यह बिल अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव से पारित हो गया है। सीनेट रिपब्लिकन ने 27 जून को इस बिल का अपडेटेड ड्राफ्ट जारी किया। डिबेट के बाद सीनेट से बिल पारित होने के बाद इसे राष्ट्रपति के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। इस प्रोसेस को 4 जुलाई तक पूरे होने की उम्मीद है। 27 जून, 2025 को जारी किए गए संशोधित विधेयक के अनुसार रेमिटेंस टैक्स को पहले प्रस्तावित 3.5% से घटाकर मात्र 1% कर दिया गया है। इसमें बैंक खातों, डेबिट या क्रेडिट कार्ड के जरिए अगर पैसे भेजे गए पैसे को इस टैक्स से पूरी तरह छूट दे दी गई है। लेकिन अगर आप नकद, मनी ऑर्डर, कैशियर चेक या अन्य समान भौतिक साधनों के जरिए पैसे भेजते हैं तो आपको इसके लिए 1 फीसदी का टैक्स चुकाना पड़ेगा। लेकिन अगर आप इससे भी बचना चाहते हैं तो आपको अमेरिका में जारी डेबिट या क्रेडिट कार्ड या किसी वित्तीय संस्थान के खाते के माध्यम से पैसे भेजने होंगे। वन बिग ब्यूटीफुल बिल में संशोधन गैर-निवासी भारतीयों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। लाखों भारतीय अमेरिका में रहकर नौकरी करते हैं और हर महीने अपने परिवार को पैसे भेजते हैं।



### खेरसॉन में 2 लोगों की मौत, करीब 10 लोग घायल

226 ड्रोन और मिसाइलों को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से जाम किया

## रूस ने यूक्रेन पर किया 3 साल का सबसे बड़ा हमला 477 ड्रोन और 60 मिसाइलों से थर्रा गया पूरा कीव

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने शनिवार और रविवार की रात यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। रूस के इस हमले के बाद तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने की कोशिशों को बड़ा झटका लगा है। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि यह हमला अभूतपूर्व पैमाने पर किया गया। इससे यूक्रेन को बड़े नुकसान की आशंका जाहिर की गई है। प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार 1 व्यक्ति की मौत की बात सामने आ रही है। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार रूस ने इस हमले के दौरान कीव पर कुल 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें दागीं। हालांकि यूक्रेनी सेना ने इनमें से 249 ड्रोन मार गिराने का दावा किया। जबकि 226 ड्रोन और मिसाइलों को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से जाम करने की बात कही गई है। वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनात ने बताया कि यह हमला यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था, जिसमें कई प्रकार की मिसाइलें और शहीद ड्रोन शामिल थे।



***यूक्रेन ने 249 ड्रोन मार गिराने का दावा किया***

#### तेहरान की कुख्यात एविन जेल पर हमला, 71 की मौत

*ईरान से चल रहे युद्ध के दौरान इजराइल ने तेहरान की कुख्यात एविन जेल पर बहुत भयानक हमला किया था। ईरान की न्यायपालिका ने कहा कि जेल पर गत सोमवार को इजराइल द्वारा किए गए हमले में कम से कम 71 लोग मारे गए थे। इस जेल में कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं को रखा गया है। यह ईरान के ऊपर इजराइल का बहुत बड़ा हमला माना जा रहा है। रविवार को प्रसारित खबर में न्यायपालिका के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने कहा कि मारे गए लोगों में कर्मचारी, सैनिक, कैदी और मिलने आए परिवारों के सदस्य शामिल हैं।*

#### ट्रंप ने बढ़ाया दबाव, हमास से कहा बंधकों को छोड़ें



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और हमास से गाजा में एक समझौता करने का आग्रह किया है। इस समझौते का मकसद 7 अक्टूबर 2023 को अपहरण किए गए शेष बंधकों को वापस लाना है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल नेटवर्क पर लिखा, गाजा में समझौता करें। बंधकों को वापस लाएं। ट्रंप के इस पोस्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि वह इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर युद्धविराम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दबाव डाल रहे हैं।

## एक कदम स्वच्छ, स्वस्थ जबलपुर के लिए






# गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं सुधरेंगी और दूरियां मिटेंगी

### हरिभूमि-आईएनएच के अभिनव हेल्थ कान्कलेव आयुष्मान भवः परिचर्चा का प्रथम सत्र

**हरिभूमि, जबलपुर।** रविवार को संस्कारधानी में आयोजित हरिभूमि-आईएनएच के अभिनव हेल्थ कान्कलेव आयुष्मान भवः में प्रदेश के महाकौशल व विशेष तौर पर जबलपुर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार से विश्लेष्ण किया गया। परिचर्चा के पहले सत्र में डॉ अशोक खण्डेलवाल उपकुलपति मेडिकल विवि, डॉ पुष्पराज बघेल कुलसचिव मेडिकल विवि डॉ संजय मिश्रा मुख्य जिला स्वास्थ्य व चिकित्सा अधिकारी व डॉ नवनीत सक्सेना डीन मेडिकल कालेज शामिल हुए। संचालन आईएनएच के मप्र प्रदेश ब्यूरो प्रमुख अनुराग मालवीय ने किया। चर्चा की शुरुआत करते हुए डॉ अशोक खण्डेलवाल उपकुलपति ने बताया कि ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्रों में डॉक्टरों की सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सेवा अंकुर कार्यक्रम सेकेण्ड व थर्ड ईयर के छात्र प्रत्येक माह के एक हफ्ते इन क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। इस प्रयोग से डाक्टरों व अंदरूनी गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं सुधरेंगी और दूरियां मिटेंगी। उन्होंने आगे जानकारी दी कि मेडिकल विवि अब पटरी पर आ गया है। विवि ने ऑनलाइन मूल्यांकन व डिजिटलाईजेशन कर अपने स्तर को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर लिया है। विवि में गत वर्षों में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अब परीक्षाएं व परिणाम समय पर हो रहे है। कुलसचिव डॉ पुष्पराज बघेल ने बताया कि मेडिकल विवि की स्थापना स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए ही की गई है। विवि ने मंडला के 3 गांवों को गोद लिया है। रोग खास तौर पर कैंसर के अनुसंधान के लिए फैलोशिप भी स्थापित की गई है। डॉ नवनीत सक्सेना डीन मेडिकल कालेज ने बताया कि गत 15 वर्षों में कालेज का इंफ्रास्टरक्चर सुधरा है। एमबीबीएस की सीटें बढ़कर 250 हो गई है। ओपीडी में परीक्षण की क्षमता 2500 हो गई है और भर्तियों की क्षमता भी बढाई गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में फैली सिकल सेल की बीमारी के इलाज के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। रिसर्च में और सुधार लाकर मेडिकल कालेज महत्वपूर्ण संस्थान बनने की ओर अग्रसर है। सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि जिले में मेडिकल स्टाफ के 1400 पद सृजित किए गए है और भर्ती प्रक्रिया भी शुरु हो गई है। सत्र में यह जानकारी दी गई कि प्रदेश में अभिनव कार्यक्रम के तहत मेडिकल की सभी विषयों की किताबों का अनुवाद किया गया है और पूरे देश में केवल मप्र में चिकित्सा शिक्षा मातृभाषा हिन्दी में प्रदान करने का गौरव हासिल किया है।

# आयुष्मान योजना नागरिकों के लिए एक बड़ी सुविधा, 50 करोड़ लोग इससे लाभांवित



## द्वितीय सत्र

## जनप्रतिनिधियों ने कहा- जल्द रूकेगी नागपुर दौड़

जनप्रतिनिधियों से स्वास्थ्य सेवाओं पर मंथन के दूसरे विशिष्ट सत्र की शुरुआत करते हुए हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि आयुष्मान भव श्रेष्ठ आशीर्वाद है। आयुष्मान योजना नागरिकों के लिए एक बड़ी सुविधा के रुप में सामने आया है। एक सर्वे के मुताबिक 50 करोड़ लोग इससे लाभांवित हुए है। प्रधान संपादक श्री द्विवेदी के तीखे प्रश्न नागपुर दौड़ पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अजय विश्नोई ने बताया कि बेहतर की तलाश में नागपुर जाने की प्रवृत्ति विकसित हुई है और इसमें व्यवस्थाओं की मौजूदगी व कम पैसों में ईलाज के बावजूद विश्वास व जागरुकता की कमी के चलते बाहर जाकर ईलाज करवाने का चलन कुछ समय चला लेकिन अब फिर जबलपुर में सेवाओं की बढ़ौत्री के चलते अब यह प्रथा टूट रहीं है। महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए बताया कि नगर निगम जबलपुर ने शहर में 53 वार्ड क्लीनिक है । यहां चेकअप की सभी मशीनें व निशुल्क इलाज जरुरतमंदों को प्रदान किया जा रहा है। विधायक सुशील तिवारी इंदु ने कहा कि अब जबलपुर में ही सभी सुविधाएं मिलने लगी है और मुंबई या नागपुर जाकर ईलाज की प्रवृत्ति में कमी आनी शुरु हो गई है। सिहोरा विधायक संतोष बरकडे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाए तो बढ़ी हैं लेकिन हम अभी इतने से संतुष्ट नहीं है। शहर की तुलना में गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में कमी है जिस पर बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

सांसद आशीष दुबे ने चर्चा को गति प्रदान करते हुए अपने विशिष्ट संवाद में जानकारी दी कि केंद्र व राज्य सरकारों के विशेष प्रयासों से शहर को काफी सुविधाएं मिल रहीं है व आगे बहुत योजनाएं व सुविधाएं शहर को मिलने जा रहीं है। उन्होनें कहा कि मेडिकल कालेज श्रेष्ठ इलाज दे रहा है लेकिन कुछ लोग पूर्वाग्रह युक्त मानसिकता के चलते इलाज करवाने में शर्म महसूस करते है। प्रधान संपादक द्वारा शहर के दामाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से शहर को पूर्व में कैंसर इंस्टीटयूट की तरह एक बार फिर बड़ी उपलब्धि के प्रयास करने के प्रयासों की जरुरत किए जाने की आवश्यकता पर सांसद जी ने भरोसा दिलाया कि जल्द बड़ी योजना के प्रस्ताव के साथ वह उनसे मिले है और जल्द बड़ी उपलब्धि देखने को मिलेगी। पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने महत्वपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए मय उदाहरण के आमजन की शिकायतों से वास्ता रखते हुए बताया कि क्षेत्रीय शासकीय अस्पतालों में सर्जन नहीं है खास तौर पर रात में तो कोई सीनियर डॉक्टर मिलते ही नहीं है और रात में प्राईवेट हास्पिटल भी इलाज देने में परहेज करते है, जिससे काफी विषम जानलेवा परिस्थितयां उत्पन्न हो जाती है। उन्होने आश्चर्य व्यक्त किया कि अब जाकर शहर में पेट स्कैन मशीन लगी है और मेडिकल कालेज में नहीं लगी है जबकि 80 करोड़ का चिकित्सा बजट है।

## तृतीय सत्र

## डॉक्टरों ने आयुष्मान योजना में रजिस्ट्रेशन में सुधार की आवश्यकता पर दिया जोर

हकीकत बयां करने वाले तृतीय सत्र का हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने आगाज व संचालन करते हुए आयुष्मान योजना पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए इसमें व्याप्त कमियों को सामने बैठे स्वास्थ्य मंत्री के सम्मुख प्रस्तुत करने डॉक्टरों से आह्वान किया। इस सत्र में डॉ पुष्पराज पटैल, डॉ विक्मी मान सिंह, डॉ संजय भारती, डॉ विशाल कस्तवार व डॉ अभिजीत विश्नोई शामिल हुए और उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने इस मंथनकारी सत्र को ध्यानपूर्वक सुना। डॉ पुष्पराज पटैल ने बताया कि आयुष्मान योजना के आने के बाद से सामान्य लोग भी ईलाज बगैर चिंताओं के करवाने लगे है। कुछ विसंगतियों की ओर इंगित करते हुए उन्होने बताया कि अनेक बीमारियों इस योजना में शामिल नहीं है जिससे नागरिक वाकिफ नहीं है और काफी उम्मीद से इलाज कराने आते है लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगती है। सत्र में डाक्टरों ने जानकारी दी कि 5 साल पुरानी व्यवस्था से निर्धारित फीस पर इलाज के लिए डाक्टर बाध्य है जिसे हर साल महंगाई के तुलनात्मक रेशियों से जोड़कर बढाएं जाने की आवश्यकता है। रेट पर्याप्त नहीं होने से अस्पतालों को दिक्कते आ रहीं है और सस्ती दवाईयां भी उपयोग में नहीं ले सकते इलाज के दौरान अतः सुधार की तीव्र आवश्यकता है। डॉ संजय भारती ने बताया कि वैसे तो कार्ड के जरिए आसानी से इलाज उपलब्ध करवाया जा रहा है लेकिन बहुत सारे मामलों में बार-बार मेडिकल डीन से परमीशन लेनी पड़ती है। सत्र में बताया गया कि अस्पतालों को आयुष्मान बिलों के भुगतान में 4 से 6 माह तक लग जाते है और अनेकों बार पार्ट पेमेंट मिलता है व कई केस अस्वीकृत हो जाते है जिससे डाक्टरों व मरीजों को परेशानी होती है। उपस्थित डॉक्टरों ने मरीज के परिजनों द्वारा अनहोनी की दशा में तोड़फोड व धमकी पर भी चिंता व्यक्त की और इस पर अंकुश लगाकर डॉक्टरों को भयमुक्त वातावरण में इलाज के लिए माहौल उपलब्ध करनाने का शासन प्रशासन से आग्रह किया। डाक्टरों ने आयुष्मान योजना में रजिस्ट्रेशन में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ विशाल कस्तवार ने मधुमेह के इलाज को भी आयुष्मान में शामिल किए जाने की जरुरत बताई क्योंकि डायबिटीज अनेक बड़ी बीमारियों की जड़ है। ऐसा करके आगे आने वाले बड़े खर्चे से जनता व सरकारें भी बच सकती है।




आयुष्मान भवः के प्रथम सत्र में आईएनएच के स्टेट ब्यूरो हेड अनुराग मालवीय के साथ चर्चा करते हुए डॉ.संजय मिश्रा (सीएचएमओ), डॉ. नवनीत सक्सेना (डीन मेडीकल कॉलेज जबलपुर), डॉ. अशोक खंडेलवाल (उपकुलपति मप्र मेडीकल विवि), डॉ.पुष्पराज बघेल (कुलसचिव, मप्र मेडीकल विवि)

# मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने की पश्चिम मध्य रेल की आपत्ति ख़ारिज

## निर्णय आने तक एक पद खाली रखना होगा

हरिभूमि, जबलपुर।

**मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति दिनेश कुमार पालीवाल की खंडपीठ ने पश्चिम मध्य रेलवे की आपत्ति खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को पूर्व में दिए गए अंतरिम संरक्षण को जारी रखते हुए केंद्रीय प्राधिकरण से आग्रह किया है कि वो तीन माह के भीतर मामले में अंतिम निर्णय लेलें।**



आवेदक कोटा निवासी बृजमोहन रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुआ था जिसमें योग्यता दसवीं कक्षा या आईटीआई करना आवश्यक था आवेदक ने 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी और आईटीआई कर रहा था इसके साथ-साथ उसने लिखित और इंटरव्यू भी पास कर लिए थे लेकिन जब रेलवे ने कागजातों की जांच की तो ये पाया कि वो अभी आईटीआई कर रहा है जिसके आधार पर उसकी नियुक्ति रद्द कर दी। रेलवे के आदेश के खिलाफ जबलपुर में सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल में याचिका दायर की गई थी लेकिन ट्रिब्यूनल ने इसे अस्वीकार कर दिया । ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ आवेदक ने जबलपुर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की, आवेदक की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता निखिल भट्ट ने तर्क प्रस्तुत करते हुए बताया कि आवेदन पत्र में हुई त्रुटि ऐसी थी, जिसका पात्रता मापदंडों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता ,इस तर्क को स्वीकार करते हुए उच्च न्यायालय के न्यायपूर्ति श्री संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति श्री विनय सराफ ने आवेदक को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था ।,इसके खिलाफ पश्चिम मध्य रेलवे ने आपत्ति दर्ज करते हुए अंतिम संरक्षण को खारिज करने की मांग की परन्तु आवेदक के अधिवक्ता निखिल भट्ट के तर्कों से सहमत होते हुए खंडपीठ ने रेलवे की आपत्ति को खारिज करते हुए आवेदक को पूर्व में दिए गए अंतरिम संरक्षण को जारी रखते हुए सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल से आग्रह किया कि वो इस मामले में आगामी तीन महीने में अंतिम निर्णय ले ले और तब तक रेलवे एक पद खाली रखे।

## जल संरचनाओं के निर्माण के साथ रोपित किए 30 हजार पौधे

**जबलपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एक महत्वपूर्ण पहलु है। इसके अंतर्गत वर्षा जल को संचित करने के लिए कुऐं, तालाब, बावड़ी आदि जल संरचनाओं की साफ-सफाई कर उनमें जल संचयन की मात्रा को बढ़ाना है। इसी उद्देश्य से जिले में कई जल संरचनाओं के पुनर्जीवन का कार्य किया गया। साथ ही नए जल संरचनाओं का निर्माण भी किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं के आस-पास वृक्षारोपण का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि वे जल संवर्धन में सहायक हो सकें। इसी तारतम्य में पनागर विकासखंड के ग्राम सुंदरपुर में पंचायत और वन विभाग द्वारा नवीन जल संरचना का निर्माण कर उसके आस-पास विभिन्न प्रजातियों के लगभग 30 हजार पौधों का रोपण किया गया। यह सर्वविदित है कि वृक्ष जल को आकर्षित करते हैं, इसी कारण प्रत्येक नदी-नाले का उद्गम उसी स्थान से हुआ है जहां वृक्ष समूह हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लोगों में जागरूकता आई है और वे जल संचयन व संरक्षण के लिए आगे आकर काम कर रहे हैं, ताकि पेयजल के साथ सिंचाई के लिए पानी मिल सके, साथ ही भावी पीढ़ी को भी इसका लाभ मिल सके।



# भारी मात्रा में शराब और लाहन बरामद

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में मदिरा के अवैध निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर विशेष सतर्कता एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सहायक आबकारी आयुक्त संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में तथा कंट्रोलरूम प्रभारी परमानन्द कोरचे के नेतृत्व मे कटंगी थाना अंतर्गत कूड़न मोहल्ला एवं 27 मील में अवैध मदिरा निर्माण एवं संग्रहण की सूचना पर दबिश दी गई। जहां पर अलग -अलग स्थानों से कुल 60 लीटर हाथ भट्टीशराब एवं लगभग 1210 किग्रा महुआ लाहन बरामद किया गया। कार्यवाही में जप्त मदिरा एवं लाहन का अनुमानित मूल्य लगभग 1 लाख 40 हजार रूपये है। सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क, (च) के तहत कुल 11 प्रकरण दर्ज किये गये। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक प्रवीण रतन वरकडे, जिनेन्द्र जैन,रविशंकर मरावी, शिल्पा स्वर्णकार, सोनाली गुप्ता एवं रुपाली जैन तथा आबकारी मुख्य आरक्षक एवं आरक्षक उपस्थित रहें।

### 190 ग्राम गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

**जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर 190 ग्राम गांजा और 3 हजार रुपये नगद बरामद किये हैं। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी की एक व्यक्ति चोरी के जेवर बेचने की फिराक में प्यासी मार्केट के पास खड़ा है. पुलिस ने जब यहां दबिश दी तो भैरव नगर निवासी सलीम अंसारी पुलिस के हाथ लगा उसके बैग की तलाशी लेने पर जेवर की जगह गांजा निकला आरोपी के खिलाफ धारा 8, 20 एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# यूपीएस और एनपीएस के खिलाफ आयुध कर्मियों ने भरी हुँकार

## जीसीएफ में सभी यूनियनों की कार्यशाला

जबलपुर।

जीसीएफ जबलपुर स्थित ऑफिसर मेस में समस्त यूनियनों व एसोसियशनों के सहयोग से एन. पी. एस. एवं यू.पी.एस. पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एन.पी.एस. यू.पी.एस. एवं ओ.पी.एस. को लेकर केंद्रीय कर्मचारियों की चिंताओं, अपेक्षाओं एवं सुझावों पर गहन मंथन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंजीत सिंह पटैल, अध्यक्ष, ऑल इंडिया एन.पी.एस. एम्प्लॉई फेडरेशन ने, कार्यशाला में यू.पी.एस. और एन.पी.एस. के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि शेयर बाजार पर आधारित दोनों ही पेंशन स्कीम चाहे वह एन.पी.एस. हो या यू.पी.एस. हो. यह किसी भी हिसाब से कर्मचारियों के हित में नहीं है।



कार्यशाला में भारी संख्या में उपस्थित सभी यूनियन प्रतिनिधियों, एसोसियेशन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों/अधिकारियों ने पुरानी पेंशन (ओपीएस) को कर्मचारियों को संवैधानिक अधिकार बताते हुए इसके लिए एकजुट प्रयास करने का आव्हान किया।

## स्वर्गीय ईश्वरदास रोहाणी जन्म सप्ताह पर लगा स्वास्थ्य एवं रक्त दान शिविर

**जबलपुर।** स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी के जन्म सप्ताह पर 29/6/2025 को केंट विधायक अशोक रोहाणी के द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर एवं रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जो रांझी स्थित बड़ा पत्थर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में संपन्न हुआ। इस शिविर में पीएमपी ऐसोसिएशन ऑफ इंडिया जबलपुर शाखा के लगभग 40 चिकित्सकों ने अपनी महत्वपूर्ण सेवा प्रदान की।इस शिविर में पीएमपी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. चंद्रेश जैन एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. कमल विश्वास के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष डॉ. आरडी गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. मकसूद चिश्ती, सचिव डॉ. अनंत वर्मा, डॉ. नारायण पाण्डेय, डॉ. एसपी यादव, डॉ. एससी रजक, डॉ. अखिलेश्वर मिश्रा, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. एन तिवारी, डॉ. मकबूल अली, डॉ. अशोक यादव, डॉ. मुकेश पटेल, डॉ. दिनेश कोष्टा, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. एके राजपूत, डॉ. एनडी सिंह, डॉ. संतोष जैन, डॉ. एके राजपाल, डॉ. नामदेव, डॉ. पीसी साहू, डॉ. ओपी मिश्रा, डॉ. सुलेखिया एवं पीएमपी जबलपुर शाखा के अन्य पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की और कई चिकित्सकों ने रक्तदान भी किया ।

# 967 बूथों में सुना गया मन की बात कार्यक्रम

जबलपुर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में सुना गया। मन की बात कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने पूर्व विधानसभा अंतर्गत बूथ क्रमांक 148 में विद्यापति शिक्षा सदन चुंगी कांचघर में, सांसद आशीष दुबे ने रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म न. 6 में, विधायक अभिलाष पांडे उत्तर विधानसभा के बूथ क्रमांक 169 में कार्यकर्ताओ एवं स्थानीय जानो के साथ मन की बात सुनी। इसी के साथ ही जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में मन की बात का प्रसारण हुआ जिसे भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ ने क्षेत्रीय जनों के साथ सुना।आपातकाल लगाने बालों ने संविधान की हत्या की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा आपात कल लगाने वालों ने न सिर्फ संविधान की हत्या की बल्कि हमारे न्यायपालिका को भी गुलाम बनाए रखने का प्रयास किया इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। आख़िरकार, जनता-जनार्दन की जीत हुई — आपातकाल हट गया और आपातकाल थोपने वाले हार गए। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गईं। मीसा के तहत किसी को भी गिरफ्तार कर लिया जाता था। छात्रों को भी परेशान किया गया। अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंटा गया।प्रधानमंत्री जी ने 'मन की बात' के माध्यम से योग दिवस के बारे में आप सब इस समय योग की ऊर्जा और 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की स्मृतियों से भरे होंगे। इस बार भी 21 जून को देश-दुनिया के करोड़ों लोगों ने 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' में हिस्सा लिया। आपको याद है, 10 साल पहले इसका प्रारंभ हुआ। अब 10 साल में ये सिलसिला हर साल पहले से भी ज्यादा भव्य बनता जा रहा है। ये इस बात का भी संकेत है कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं। हमने इस बार योग दिवस की कितनी ही आकर्षक तस्वीरें देखी हैं। विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर तीन लाख लोगों ने एक साथ योग किया। विशाखापत्तनम से ही एक और अद्भुत दृश्य सामने आया, दो हजार से ज्यादा आदिवासी छात्रों ने 108 मिनट तक 108 सूर्य नमस्कार किए। सोचिए, कितना अनुशासन, कितना समर्पण रहा होगा।भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने इस अवसर पर कहा प्रधानमंत्री का उद्बोधन हम सभी में प्रेरणादायी है एवं आपातकाल में हमारे लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष की याद दिलाता है। हमारे नेताओं एवं कार्यकर्ताओ ने सामूहिक रूप से महानगर के 967 बूथों में मन की बात सुनी और प्रेरणा ली। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने मन क़ी बात कार्यक्रम के पूर्व वृक्षारोपण किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक शरद जैन, अंचल सोनकर, जीएस ठाकुर, सदानंद गोडबोले, प्रभात साहू, अभय सिंह ठाकुर, कार्यक्रम के जिला प्रभारी राजेश मिश्र, निगम अध्यक्ष रिंकू विज, डॉ जितेंद्र जामदार, दीपांकर बैनर्जी, एस के मुद्दीन, राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, राजेश मिश्रा, कमलेश अग्रवाल के साथ जिला पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों ने स्थानीय जनों के साथ मन की बात सुनी।

## जबलपुर में सम्पन्न हुआ इंटरनेशनल समुराई स्किल्स ट्रेनिंग एवं ब्लैक बेल्ट एग्जाम

**जबलपुर।** ऑल इंडिया समुराई फेडरेशन के संस्थापक/ अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि इंटरनेशनल समुराई स्किल्स टेक्निकल ट्रेनिंग एवं ब्लैक बेल्ट एग्जाम 2025 का आयोजन 27 जून से 28 जून तक जबलपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल राइट टाउन स्टेडियम में सफलतापूर्वक किया गया। वर्ल्ड समुराई फेडरेशन जापान के मार्गदर्शन में ऑल इंडिया समुराई फेडरेशन द्वारा आयोजित किया गया। यह आयोजन समुराई कला, अनुशासन और तकनीकी प्रशिक्षण का जीवंत प्रतीक बना। इंटरनेशनल समुराई स्किल्स ट्रेनिंग एवं ब्लैक बेल्ट एग्जाम क्योशी मनोज यादव संस्थापक एवं अध्यक्ष, ऑल इंडिया समुराई फेडरेशन, शीहान अब्दुल सत्तार अंसारी, तकनीकी समिति, भारत, सेंसेई पीयूष उके महासचिव, ऑल इंडिया समुराई फेडरेशन द्वारा सम्पन्न कराई गई। इंटरनेशनल समुराई स्किल्स ट्रेनिंग एवं ब्लैक बेल्ट परीक्षा में देश के विभिन्न राज्यों के समुराई संघों के प्रमुख पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही। कृपाकांत सोनी अध्यक्ष, मध्यप्रदेश समुराई संघ, मनीष गौर महासचिव, मध्यप्रदेश समुराई संघ, रेन्शी प्रवीन बाबूलाल तिवारी अध्यक्ष, महाराष्ट्र समुराई फेडरेशन, सेंसेई अनिल कुमार बर्णवाल अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ समुराई संघ, सेंसेई संदीपकुमार पंडिया अध्यक्ष, गुजरात समुराई संघ, सेंसेई राजेन्द्र सिंह अध्यक्ष, राजस्थान समुराई संघ, शीहान सी. ससीकुमार अध्यक्ष, तमिलनाडु समुराई संघ, सेंसेई जे. सत्या अध्यक्ष, पांडुचेरी समुराई संघ। इस दो दिवसीय सेमिनार के दौरान ब्लैक बेल्ट परीक्षा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने अपने अनुशासन, तकनीकी दक्षता और समर्पण का शानदार प्रदर्शन किया। हर्ष की बात यह है कि सभी छात्रों ने ब्लैक बेल्ट की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है।

# इमामबाड़ों में बढ़ी अकीदतमंदों की तादाद

## जिक्रे शहादतेन का एहतेमाम

**जबलपुर।** शहादत के पर्व मोहर्रम की पहली तारीख से नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित इमामबाड़ों में अक़ीदतमंदों की हाजिरी का सिलसिला शुरू हो गया है। इस मौके पर इमामबाड़ों में प्रतिदिन जिक्रे शहादतेन का एहतेमाम किया गया है।

### सवारी के 163 वर्ष पूर्ण

गढ़ा मुजावर मुहल्ला कादरी नगर में डॉ. सैय्यद मकबूल अली कादरी के इमामबाड़े में रखी जाने वाली सवारी इस वर्ष 163 वर्ष पूर्ण कर रही है। इस मौके पर रात्रि 10 बजे जिक्रे शहादतेन का एहतेमाम किया गया है। मरहूम सरदार अली कादरी (पत्रकार) द्वारा सन 2012 में 150 वर्ष पूर्ण करने पर आयोजित जल्से का एहतेमाम विगत वर्षों से जारी है। इसी तरह मौलाना की गली में स्थित इमामबाड़े में अंजुमन खादिमाने अहले बैत कमेटी द्वारा 10 दिवसीय 'जिक्रे शहादतेन' का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। सदर बाजार में अफजल बाबा एवं चांदी का ताजिया कमेटी द्वारा भी गली नंबर 9 में नजरो नियाज पेश की गई, सदर में अब्बास अलमदार कमेटी व निवासियों द्वारा हर दिन जिक्रे शहादतेन का आयोजन किया जा रहा है।मोहर्रम की 01 तारीख के मौके पर मदन महल दरगाह में परचम कुशाई की गई एवं गढ़ा मुजावर मोहल्ला कादरी नगर में मुबारक कादरी, वारिस कादरी के संयोजन में लंगर ए आम का एहतेमाम किया गया जिसमें काफी



## अंजुमन इस्लामिक महिला कॉलेज में पौधारोपण किया

**जबलपुर।** गोहलपुर स्थित अंजुमन इस्लामिक महिला कॉलेज में सीआईओ के द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए बच्चों के द्वारा संगोष्ठी में हिस्सा लिया गया, इसके पश्चात प्रांगण में ही सीआईओ के सदस्यों द्वारा प्रेस ब्रीफिंग कराई गई तथा रैली निकालकर क्रमबद्ध तरीके से अनुशासन में पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देते हुए पूरे मैदान में पौधरोपण किया गया। सीआईओ द्वारा पूरे देश में 10 लाख वृक्षारोपण का संकल्प किया गया है। पदाधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत बच्चे स्कूल, मदरसों, मस्जिदों, पड़ोस के पार्कों को और यहां तक कि अपने घरों के सामने भी पौधा रोपण करें तथा प्रत्येक बच्चे अपने पौधे का नाम रखें, एक मित्र की तरह उसकी देखभाल करें तथा चित्र, कविता आदि के माध्यम से अपने अनुभव को साझा करें।

# हनुमान मंदिर अखाड़ा में 8 दिवसीय संकीर्तन आज से

**जबलपुर।** अनाथों के नाथ महाप्रभु जगन्नाथ जी की संस्कारधानी में अद्वितीय रथयात्रा की कीर्तिलब्ध छटा रही, नगर भ्रमण उपरांत श्री हरि विष्णु बड़े भाई बलराम, बहन सुभद्रा के साथ सैकड़ों भगवद्भक्तों, संतों के सुगंधित सानिध्य में नगर भ्रमण कर हनुमान मंदिर अ खा ड़ा गढ़ाफाटक में 10 दिन के लिए विराजमान हैं। इस मंगल अवसर पर चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जबालीपुरम के तत्वावधान में हनुमान मंदिर में 30 जून सोमवार से 07 जुलाई तक भगवान श्री के समक्ष प्रतिदिन प्रातः8.30 से 9.30 भव्य हरि संकीर्तन भजन कार्यक्रम आयोजित है। संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया 07 जुलाई सर्वार्थ सिद्धि योग सोमवार को अपरान्ह 4 बजे हनुमान मंदिर अखाड़ा से भगवान श्री बड़े धूमधाम से संकीर्तन शोभायात्रा के साथ अपने घर जगदीश मंदिर में विराजेंगे। इस अवसर पर संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे, ज्ञानेंद्रसिंह बघेल, मुख्य पुजारी पं. देवेंद्र त्रिपाठी, देवेंद्र नेमा, मोहित तिवारी, सत्यप्रकाश नामदेव, पं. देवेंद्र त्रिपाठी, प्रभाकर चतुर्वेदी, अमित विश्नोई, मनोज विश्वकर्मा, विशाल पंड्या, सुरेश विश्वकर्मा, श्याम मनोहर पटेल, विवेक अग्रवाल ने सभी भक्तजनों से प्रतिदिन एवं शोभायात्रा में अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।






**श्री हरि शंकर कोरी-** अम्बेडकर कॉलोनी अधारताल निवासी श्री हरि शंकर कोरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सरबजीत सिंह-** मदनमहल स्थित राधास्वामी सत्संग भवन के पास निवासी श्री सरबजीत सिंह (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती माधुरी पंडित-** बीटी तिराहा गढ़ा निवासी श्री अरूण कुमार पंडित की धर्मपत्नी श्रीमती माधुरी पंडित (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री साहिल बांगड़े-** राधाकृष्णन वार्ड शारदा मंदिर के पास निवासी श्री पवन बांगड़े के पुत्र श्री साहिल बांगड़े (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र प्रसाद झारिया-** पोलीपाथर बजरिया निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद झारिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता चौहान-** कौशल्या धाम कटंगी रोड निवासी श्री शिवेंद्र सिंह चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती ममता चौहान (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नरबदा प्रसाद पाण्डेय-** कंचन विहार विजयनगर निवासी श्री नरबदा प्रसाद पाण्डेय (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राहुल राजपूत-** रामराज विहार कॉलोनी रैगवां निवासी श्री दिलीप राजपूत के पुत्र श्री राहुल राजपूत (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री संतोष पांडे-** गुप्ता कॉलोनी गढ़ाफाटक निवासी श्री संतोष पांडे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- रंगीन
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

# पाठक, खरे, शुक्ला सहित अनेक शिक्षक आज होंगे सेवानिवृत्त

सिहोरा-

अपनी शासकीय सेवा की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर आज शिक्षा विभाग से अनेक कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### राकेश पाठक माध्यमिक शाला धनवाही

माध्यमिक शाला धनवाही में पदस्थ शिक्षक,समग्र शिक्षक संघ,मध्यप्रदेश के प्रांतीय सचिव,ब्राम्हण समाज सिहोरा के अध्यक्ष,कर्मचारी नेता राकेश पाठक अपनी 42 वर्ष 4 माह की शासकीय सेवा पूर्ण कर,आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। विद्यालय परिवार द्वारा उनके सम्मान में बिदाई समारोह का आयोजन दोपहर में 11 बजे से किया गया है।





### ब्रजेश खरे पोंडा विद्यालय

माध्यमिक शाला पोंडा में पदस्थ शिक्षक बृजेश खरे अपनी शासकीय सेवा की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर शिक्षा विभाग में 42 वर्षों की सेवा देने के पश्चात आज सेवानिवृत हो रहे हैं। विद्यालय परिवार द्वारा उनके सम्मान में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया है।

### कोमल प्रसाद शुक्ला रिठौरी विद्यालय

शासकीय माध्यमिक शाला रिठौरी में पदस्थ शिक्षक कोमल प्रसाद शुक्ला अपनी शासकीय सेवा की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर आज शिक्षा विभाग में 39 वर्ष की सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं विद्यालय परिवार द्वारा उनके सम्मान में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया है।

# आरबीआई 12.5 किलो ईंट के रूप में रखता है अपना स्वर्ण भंडार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में हर घर की तरह भारतीय रिजर्व बैंक सोने की अहमियत को समझता है। यही कारण है कि वह 1991 के आर्थिक संकट के बाद सोने का भंडार कई गुणा बढ़ा चुका है और वर्तमान में यह लगभग 870 टन पहुंच गया है। केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन की सोने की ईंट के रूप में विभिन्न जगहों पर यह स्वर्ण भंडार रखता है। आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को लोगों के सामने लाने के लिए हाल में जारी वृत्तचित्र के जरिये यह भी बताया है कि हमारा देश दुनिया में करेंसी नोट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।

- वर्तमान में केंद्रीय बैंक का स्वर्ण भंडार लगभग 870 टन पहुंच गया

## वर्ष 1991 के आर्थिक संकट के बाद कई गुना बढ़ा सोने का भंडार

### आज नोट की छपाई के सभी चीजों का विनिर्माण भारत में

वृत्त चित्र में दी गयी जानकारी के अनुसार, ''आज करेंसी नोट की छपाई में इस्तेमाल होने वाली मशीन, इंक से लेकर सभी प्रकार की चीजों का विनिर्माण भारत में ही होता है।'उल्लेखनीय है कि पहले, आयातित कागज से नोटों की छपाई होती थी। यह कागज दुनिया की कुछ कंपनियां ही बनाती थीं, जिससे बाजार में इन कंपनियों का दबदबा रहता था और इस कारण बाजार में नकली नोट आने की आशंका बनी रहती थी।



*सोना केवल धातु नहीं देश की ताकत :* केंद्रीय बैंक के अधिकारी कहते हैं, ''सोना केवल धातु नहीं बल्कि देश की ताकत है। देश बनते रहेंगे, बिगड़ते रहेंगे। अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव होता रहेगा लेकिन सोना हमेशा अपना मूल्य बनाये रहेगा। 20 जून को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 57.3 करोड़ डॉलर घटकर 85.74 अरब डॉलर रहा। वहीं विदेशी मुद्रा भंडार इस दौरान 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर रहा।

### नोट के लिए कागज बनाने का कारखाना चार राज्यों में

*इसमे कहा गया है, ''इस स्थिति को देखते हुए आरबीआई ने अपनी मुद्रा के लिए कागज बनाने को लेकर देवास (मध्य प्रदेश), सालबोनी (पश्चिम बंगाल), नासिक (महाराष्ट्र) और मैसूर (कर्नाटक) में कारखाने लगाये हैं। और आज जो भी करेंसी में कागज का उपयोग हो रहा है, वह भारत में ही विनिर्मित हो रहा है।*

### आरबीआई के कार्य वित्त चित्र के जरिए लाए गए

*जहां अमेरिका में यह लगभग 5,000 करोड़ इकाई, यूरोप में 2,900 करोड़ इकाई है वहीं भारत में यह 13,000 करोड़ इकाई (दो मई, 2025 की स्थिति के अनुसार चलन में कुल नोट का मूल्य 38.1 लाख करोड़ रुपये) है। यह पहली बार है जब आरबीआई के कार्यों को वृत्तचित्र के रूप में लाया गया है।*

### पहले नोट के लिए कागज आयात करना पड़ता था

वृत्त चित्र में आरबीआई की पूर्व डिप्टी गवर्नर ऊषा थोराट कहती हैं, ''हमें करेंसी नोट के लिए कागज आयात करना पड़ता था। नासिक और देवास में आयातित कागज से नोटों की छपाई होती थी। ये कागज कुछ ही इकाइयां विनिर्माण करती थीं...। वर्ष 2010 में पाया गया कि कई नकली नोट अच्छी गुणवत्ता के थे और वो देखने में बिल्कुल यहां छपे नोट की तरह थे।''


## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी रिन्यूएबल ने शुरू की शाजापुर सौर परियोजना



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने रविवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने 120 मेगावाट की तीसरी और अंतिम क्षमता का संचालन करने के बाद 220 मेगावाट की शाजापुर सौर परियोजना (यूनिट-II) का पूर्ण परिचालन शुरू कर दिया है।

### हाइड्रोजन वाहनों के लिए नई नंबर प्लेट का प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले वाहनों के लिए पंजीकरण नंबर प्लेट की एक नई श्रेणी का प्रस्ताव दिया है। सड़क परिवहन द्वारा जारी एक मसौदा अधिसूचना के अनुसार, हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले वाणिज्यिक वाहन के मामले में, नंबर प्लेट का ऊपरी आधा हिस्सा हरा और निचला आधा हिस्सा नीला होगा, जबकि अंक पीले रंग में होंगे।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 2,34,565.53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,650.73 अंक या दो प्रतिशत चढ़ गया।

### भारत का विदेशी ऋण 10% बढ़कर 736.3 अरब डॉलर



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि भारत का बाह्य यानी विदेशी ऋण मार्च 2025 के अंत तक 10 प्रतिशत बढ़कर 736.3 अरब डॉलर हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 668.8 अरब डॉलर था। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में बाह्य ऋण एक साल पहले के 18.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 के अंत तक 19.1 प्रतिशत हो गया।

### अमूल, मदर डेयरी शीर्ष दो भारतीय खाद्य ब्रांड



**नई दिल्ली।** अमूल ने 4.1 अरब अमेरिकी डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ भारत के शीर्ष खाद्य ब्रांड के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर स्थित मदर डेयरी 1.15 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ दूसरे स्थान पर है। ब्रांड फाइनेंस की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

### एनएलएसी को एनटीपीसी से मिला आवंटन पत्र




**चेन्नई।** एनएलसी इंडिया लिमिटेड को राजस्थान में 450 मेगावाट की अंतर-राज्य पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) कनेक्टेड पवन-सौर हाइब्रिड बिजली परियोजना की स्थापना के लिए एनटीपीसी लिमिटेड से आवंटन पत्र मिला है। एनएलसी इंडिया 450 मेगावाट आईएसटीएस कनेक्टेड पवन-सौर बिजली परियोजना की स्थापना करेगी। इस परियोजना से उत्पन्न हाइब्रिड बिजली की आपूर्ति एनटीपीसी लिमिटेड को बिजली खरीद करार के तहत 25 साल की अवधि के लिए की जाएगी।

## अनंत, मुकेश अंबानी के सबसे छोटे पुत्र हैं

# रिलायंस के अनंत अंबानी को मिलेगा 10-20 करोड़ रुपए वेतन, लाभ कमीशन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे पुत्र और तीन भाई-बहनों में सबसे पहले प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए गए अनंत अंबानी को सालाना 10-20 करोड़ रुपये का वेतन और कंपनी के मुनाफे पर कमीशन सहित कई भत्ते दिए जाएंगे। शेयरधारकों को भेजी गई सूचना में यह जानकारी दी गई है।

जहां सबसे अमीर एशियाई के तीनों बच्चे - जुड़वां आकाश और ईशा, और अनंत को 2023 में गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में तेल-से-दूरसंचार-और-खुदरा समूह के निदेशक मंडल में शामिल किया गया था, वहीं सबसे छोटे अनंत को इस साल अप्रैल में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया था।

### अनंत सभी आवश्यक शर्तों के हकदार होंगे

गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में, तीनों को कोई वेतन नहीं मिल रहा था और प्रत्येक को वित्त वर्ष 2023-24 में चार लाख रुपये का शुल्क और 97 लाख रुपये का लाभ पर कमीशन दिया गया था। हालांकि, कार्यकारी निदेशक के तौर पर 30 वर्षीय अनंत वेतन और अन्य आवश्यक शर्तों के हकदार होंगे।

रिलायंस इंड में अनंत कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए गए

कंपनी के मुनाफे पर कमीशन सहित कई भत्ते दिए जाएंगे

शेयरधारकों को भेजी गई सूचना में दी गई जानकारी

### रिलायंस ने नियुक्ति के लिए शेयरधारकों से मंजूरी मांगी थी

रविवार को शेयर बाजार को दिए गए नोटिस में रिलायंस ने कहा कि नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की मंजूरी पोस्टल बैलेट के जरिये मांगी गई है। साल 2023 में नियुक्तियां भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी में उत्तराधिकार योजना का हिस्सा थीं, जिसे कई लोगों ने 2002 में उनके पिता की मृत्यु के बाद भाई-बहन के झगड़े से बचने के लिए अंबानी के प्रयास के रूप में देखा।



### अनंत कंपनी द्वारा दी जाने वाले सुरक्षा के हकदार होंगे

अनंत को अपने या पत्नी तथा व्यावसायिक यात्राओं के दौरान सहायकों के लिए यात्रा, भोजन तथा आवास पर किए गए व्यय की पैसा भी मिलेगा। साथ कंपनी के व्यवसाय के लिए कार की व्यवस्था तथा निवास पर संचार व्यय का खर्च भी मिलेगा। वह चिकित्सा के साथ-साथ अपने और अपने परिवार के सदस्यों के लिए कंपनी द्वारा व्यवस्थित सुरक्षा के भी हकदार होंगे।

### ईशा खुदरा, ई-कॉमर्स व लक्जरी कारोबार संभालती है

सबसे बड़े पुत्र आकाश कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2014 में समूह की दूरसंचार इकाई जियो की नेतृत्व टीम में शामिल हुए। उन्हें जून, 2022 में दूरसंचार इकाई जियो इन्फोकॉम का चेयरमैन बनाया गया। वह इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस क्रिकेट टीम का प्रबंधन भी करते हैं। ईशा कंपनी के खुदरा, ई-कॉमर्स और लक्जरी कारोबार को संभालती हैं।

### अनंत रिलायंस के ऊर्जा कारोबार से जुड़े

कहा जाता है कि कंपनी के ई-कॉमर्स ऐप के जरिए फैशन के क्षेत्र में कंपनी की मौजूदगी बढ़ाने और शीर्ष अंतरराष्ट्रीय लक्जरी ब्रैंड के साथ बढ़ती साझेदारी के पीछे भी उनका ही हाथ है। अनंत रिलायंस के ऊर्जा कारोबार से जुड़े हैं, जिसमें जीवाश्म ईंधन से लेकर सौर पैनल निर्माण का विकास शामिल है। ब्राउन यूनिवर्सिटी से स्नातक अनंत, अपनी मां के साथ रिलायंस फाउंडेशन के बोर्ड में भी हैं, जो समूह की परमार्थ इकाई है।

# एस्कॉर्ट्स कुबोटा का भारतीय ट्रैक्टर बाजार में दूसरे नंबर पर आने का लक्ष्य



- कंपनी अपनी लागत दक्षता व जापानी भागीदारी से उच्च गुणवत्ता हासिल करेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि मशीनरी और निर्माण उपकरण कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड भारतीय ट्रैक्टर बाजार में दूसरे नंबर की कंपनी बनने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

एस्कॉर्ट्स कुबोटा के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि कंपनी अपनी लागत दक्षता और जापानी भागीदार की प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता की ताकत के संयोजन से यह लक्ष्य हासिल करना चाहती है। एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड (ईकेएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक निखिल नंदा और उप-प्रबंध निदेशक सेजी फुकुओका ने पीटीआई-भाषा के साथ संयुक्त साक्षात्कार कहा कि कंपनी 2031 तक के लिए एक मध्यावधि योजना (एमटीपी) को अंतिम रूप देने के लिए काम कर रही है। इस योजना के तहत कई उत्पादों को उतारने की तैयारी है। नंदा ने आगे की राह के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, ''अगले चार से पांच साल में तीन ब्रांड - फार्मट्रैक, पावरट्रैक और कुबोटा - के बीच सफलता नए उत्पादों से मिलेगी, जिन्हें हम पेश करने जा रहे हैं। बहुत सारा काम हो चुका है, और अब से लेकर अगले पांच साल के बीच बहुत सारे उत्पाद लाइन पेश करने की योजना है...।'उन्होंने अधिक ब्योरा दिए बिना कहा कि ये उत्पाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए हैं।

### कंपनी ने लक्ष्य की समय सीमा नहीं बताई

वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में ट्रैक्टर की खुदरा बिक्री 8,83,095 इकाई रही है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 8,92,410 इकाई थी। हालांकि, कंपनी ने ट्रैक्टर बाजार में दूसरे नंबर का खिलाड़ी बनने के लक्ष्य की समयसीमा नहीं बताई है।

# नायरा एनर्जी में हिस्सेदारी बेचने रिलायंस से चर्चा कर रही रोसनेक्ट

- नायरा भारत में रिफाइनरी और पेट्रोल पंप चलाती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- रोसनेक्ट, नायरा में अपनी 49 .13 फीसदी हिस्सेदारी बेचेंगी

रूस की दिग्गज कंपनी पीजेएससी रोसनेफ्ट ऑयल कंपनी नायरा एनर्जी में अपनी 49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ शुरुआती बातचीत कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। नायरा एनर्जी भारत में दो करोड़ टन सालाना क्षमता वाली तेल रिफाइनरी और 6,750 पेट्रोल पंप का परिचालन करती है। रिलायंस ने नायरा के अधिग्रहण के लिए शुरुआती बातचीत की है, जिससे उसे सार्वजनिक क्षेत्र की आईओसी को पछाड़कर भारत की नंबर एक तेल रिफाइनरी बनने में मदद मिलेगी। साथ ही इससे उसे ईंधन विपणन क्षेत्र में एक सार्थक उपस्थिति में भी मिलेगी। बातचीत अभी शुरुआती चरण में है और इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि यह किसी निश्चित सौदे पर पहुंचेगी, क्योंकि मूल्यांकन अब भी एक पेचीदा आधार बना हुआ है। पिछले एक साल में रोसनेफ्ट के शीर्ष अधिकारियों ने संभावित निवेशकों से बातचीत के लिए अहमदाबाद और मुंबई सहित कम से कम तीन बार भारत का दौरा किया है।

## देशभर के डाकघरों में होगा अगस्त से डिजिटल भुगतान



**नई दिल्ली।** देश में डाकघर अगस्त से काउंटरों पर डिजिटल भुगतान स्वीकार करना शुरू कर देंगे। आईटी व्यवस्था में एक नए एप्लिकेशन का क्रियान्वयन के बाद यह कदम उठाया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। फिलहाल डाकघर डिजिटल भुगतान स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उनके खाते यूपीआई (यूनिक पेमेंट इंटरफेस) प्रणाली से जुड़े नहीं हैं। आधिकारिक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''डाक विभाग अपने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) ढांचे को लागू कर रहा है, जिसमें नए एप्लिकेशन होंगे जो क्यूआर कोड के साथ लेनदेन करने में सक्षम होंगे। अगस्त, 2025 तक सभी डाकघरों में क्रियान्वयन पूरा हो जाएगा।''आईटी 2.0'' के तहत नई प्रणाली का परीक्षण के तौर पर उपयोग कर्नाटक सर्कल में शुरू किया गया है। मैसूर मुख्यालय (एचओ), बागलकोट मुख्यालय और इसके अधीनस्थ कार्यालयों में मेल उत्पादों की क्यूआर-आधारित बुकिंग सफलतापूर्वक की गई।

# विश्व बैंक ने दी 39 नाजुक देशों को चेतावनी




**वाशिंगटन।** दुनिया के सबसे नाजुक देश और भी पीछे जा रहे हैं, क्योंकि लगातार बढ़ते संघर्षों के कारण उनकी स्थिति खराब हो रही है। विश्व बैंक के पहले व्यापक अध्ययन में ये गंभीर निष्कर्ष दिए गए। 2020 में कोविड-19 महामारी के आने के बाद से ''''नाजुक और संघर्ष प्रभावित स्थितियों'''' से जूझ रहे 39 देशों का प्रदर्शन कैसा रहा है। विश्व बैंक के उप मुख्य अर्थशास्त्री अयहान कोसे ने कहा, ''''संघर्ष और अस्थिरता से प्रभावित अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि के बजाय आर्थिक ठहराव आम बात है। प्रशांत क्षेत्र में मार्शल द्वीप से लेकर उप-सहारा अफ्रीका में मोजाम्बिक तक फैले इन 39 देशों की अर्थव्यवस्था 2020 से प्रति व्यक्ति आर्थिक उत्पादन के लिहाज से 1.8 प्रतिशत घटी है।

# अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- आईआईपी और वृहद आर्थिक आंकड़े भी डालेंगे प्रभाव
- कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा अन्य वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार, ''इस सप्ताह भारत और अमेरिका से कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी किए जाएंगे, जो बाजार की धारणा और केंद्रीय बैंक के परिदृश्य को प्रभावित करेंगे। भारत में सप्ताह की शुरुआत 30 जून को मई के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से होगी।''

इसके अलावा एक जुलाई को विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे, जिससे भारत के औद्योगिक क्षेत्र और ऑर्डर प्रवाह की स्थिति की जानकारी मिलेगी। इसके बाद तीन जुलाई को सेवा पीएमआई के आंकड़े जारी किए जाएंगे। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के कारण पिछले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में तेज उछाल आया। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,650.73 अंक या दो प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 525.4 अंक या दो प्रतिशत के लाभ में रहा।

### व्यापारिक समझौतों को लेकर उत्सुकता बढ़ी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''जैसे-जैसे पहली तिमाही के नतीजों का सत्र नजदीक आ रहा है, निवेशक वृद्धि के रुझानों के शुरुआती संकेतकों के रूप में कंपनियों के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में अमेरिका द्वारा प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ अंतिम रूप दिए जाने वाले व्यापार समझौतों को लेकर भी उत्सुकता बढ़ गई है।''

# टाटा स्टील को इनपुट कर क्रेडिट पर कारण बताओ नोटिस




**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने रविवार को कहा कि उसे वित्त वर्ष 2018-19 और 2022-23 के बीच 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के 'इनपुट कर क्रेडिट के कथित अनियमित लाभ' पर कर अधिकारियों से कारण बताओ एवं मांग नोटिस मिला है। टाटा स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि शनिवार को मिले नोटिस के अनुसार, उसे 30 दिन के भीतर केंद्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, जमशेदपुर के अतिरिक्त/संयुक्त आयुक्त के सामने कारण बताना होगा कि ''वित्त वर्ष 2018-19 से वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 10,07,54,83,342 रुपये का माल और सेवा कर (जीएसटी) उससे क्यों नहीं मांगा और वसूला जाए।

# नयी कंपनियों के प्रवेश से पेंट उद्योग में प्रतिस्पर्धा हुई तेज

- आक्रामक मूल्य निर्धारण और छूट देने से प्रतिस्पर्धा में तेजी
- प्रमुख कंपनियों की बिक्री और मार्जिन पर 2024-25 में असर पड़ा है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय पेंट उद्योग में नयी कंपनियों के आक्रामक मूल्य निर्धारण और छूट देने से प्रतिस्पर्धा तेज हो रही है। ऐसे में प्रमुख कंपनियों की बिक्री और मार्जिन पर 2024-25 में असर पड़ा है और चालू वर्ष में भी मामूली वृद्धि की उम्मीद है।

उद्योग को शहरी बाजारों से मांग में सुस्ती का भी सामना करना पड़ा, जहां उपभोक्ता अधिक किफायती विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि, अनुकूल व्यापक आर्थिक स्थितियों, बढ़ते शहरीकरण और निर्माण तथा बुनियादी ढांचे से जुड़ी गतिविधियों में वृद्धि के कारण 2025-26 में मामूली वृद्धि हो सकती है। एशियन पेंट्स, जो घरेलू बाजार में 50 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखता है, ने कहा कि नयी कंपनियों के आने के साथ ही स्थापित कंपनियों के आक्रामक मूल्य निर्धारण और छूट देने के साथ प्रतिस्पर्धा तेज हो रही है। इससे मुनाफा प्रभावित हुआ है। एशियन पेंट्स के वाइस चेयरमैन मनीष चोकसी ने कंपनी की हालिया वार्षिक आम बैठक में कहा कि 2024-25 में कमजोर खपत ने घरेलू सजावटी पेंट बाजार पर नकारात्मक प्रभाव डाला है।

## दान के मामले में भी कभी पीछे नहीं हटे वॉरेन

# बफेट का बड़ा फैसला, दान किए 6 बिलियन डॉलर के शेयर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट दान देने के मामले में कभी पीछे नहीं हटते हैं। उन्होंने गेट्स फाउंडेशन और चार फैमिली चैरिटी संस्थाओं को बर्कशायर हैथवे के 6 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त शेयर दान कर दिए हैं।

- गेट्स फाउंडेशन और चार फैमिली चैरिटी संस्थाओं को दिये दान

यह लगभग दो दशक पहले अपनी संपत्ति दान करने के बाद से उनका सबसे बड़ा वार्षिक दान है। बर्कशायर क्लास बी के लगभग 12.36 मिलियन शेयरों के दान ने बफेट के दान को चैरिटी को 60 बिलियन डॉलर से भी अधिक तक बढ़ा दिया।

**बफेट निदेशक मंडल के चेयरमैन बने रहेंगे:** बीते दिनों बताया गया कि ग्रेग एबेल के 2026 की शुरुआत में बर्कशायर हैथवे का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बनने के बाद भी अरबपति निवेशक वॉरेन बफेट निदेशक मंडल के चेयरमैन बने रहेंगे। इस समय बफेट कंपनी के चेयरमैन एवं सीईओ हैं जबकि एबेल इसके वाइस चेयरमैन हैं।



### 5वें सबसे रईस अरबपति

फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, शुक्रवार के दान से पहले वॉरेन बफेट की 152 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति थी। वह दुनिया के 5वें सबसे अमीर व्यक्ति थे। दान के बाद बफेट छठे स्थान पर होंगे, जो पिछले जून में उनके द्वारा दान किए गए 5.3 बिलियन डॉलर से अधिक है। उन्होंने पिछले नवंबर में फैमिली चैरिटी को 1.14 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त दान दिया था।

### सन 2006 से कर रहे हैं दान

94 वर्षीय बफेट ने साल 2006 में अपनी संपत्ति दान करना शुरू कर दिया था। उन्होंने पिछले साल अपनी वसीयत बदली और अपनी मृत्यु के बाद बची हुई संपत्ति का 99.5% अपने बच्चों की देखरेख में एक धर्मार्थ ट्रस्ट को दे दिया। बता दें कि वॉरेन बफेट 1965 से ओमाहा, नेब्रास्का स्थित बर्कशायर का नेतृत्व कर रहे हैं। 1.05 ट्रिलियन डॉलर समूह बर्कशायर के पास करीब 200 व्यवसाय और ऐप्पल, अमेरिकन एक्सप्रेस सहित दर्जनों स्टॉक हैं।

### गेट्स फाउंडेशन को 9.43 मिलियन शेयर

बफेट ने गेट्स फाउंडेशन को 9.43 मिलियन शेयर, सुसान थॉम्पसन बफेट फाउंडेशन को 9,43,384 शेयर और अपने बच्चों हॉवर्ड, सूसी और पीटर द्वारा संचालित तीन चैरिटी में से प्रत्येक को 6,60,366 शेयर दान किए। ये चैरिटी- हॉवर्ड जी. बफेट फाउंडेशन, शेरवुड फाउंडेशन और नोवो फाउंडेशन हैं। हालांकि, वॉरेन बफेट अभी भी बर्कशायर के 13.8% शेयर के मालिक हैं।

चिंतन

# सामाजिक सुरक्षा दायरे को निरंतर मजबूती की जरूरत

हाल के दस वर्षों में निश्चित रूप से सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ा है। इसका ही नतीजा है कि करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। देश में अब करीब पांच प्रतिशत लोग ही अत्यंत गरीबी के भंवर में हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि करीब 95 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं, जबकि वर्ष 2015 तक सरकारी योजनाएं 25 करोड़ से भी कम लोगों तक पहुंची थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, देश की 64 प्रतिशत से अधिक आबादी किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उठा रही है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज का दायरा 19 प्रतिशत से बढ़कर 64.3 प्रतिशत (94.3 करोड़ से अधिक लोग) हो गया है। लाभार्थियों की संख्या के मामले में, नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में भारत अब चीन के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। यह दर्शाता है कि जब नीति, प्रौद्योगिकी और राजनीतिक इच्छाशक्ति लोगों की सेवा के लिए मिलकर काम करती है तो बड़ा लक्ष्य भी संभव है। भारत में सामाजिक सुरक्षा प्रणाली व्यापक है, जिसमें केंद्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर सामाजिक बीमा और सामाजिक सहायता योजनाएं शामिल हैं। श्रम कानून सरल बनाए गए, आयुष्मान योजना के साथ कई बीमा योजनाएं, मनरेगा, पेंशन, मुफ्त अनाज व छात्रवृत्ति योजनाएं, जेएएम, डिजिटल कनेक्टिविटी, डीबीटी, किसान सम्मान निधि, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की पेंशन के लिए श्रम योगी मानधन योजना, उज्ज्वला व लखपति दीदी योजनाएं, पीएम ग्रामीण व शहरी आवास योजना, लोन के लिए मुद्रा, विश्वकर्मा व स्वनिधि योजनाएं, दिव्यांग व ट्रांसजेंडरों के लिए सहायता योजनाएं आदि के चलते जहां सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ा है, वहीं गरीबी उन्मूलन में भी मदद मिली है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को आंखों के रोग 'ट्रेकोमा' मुक्त घोषित किया जाना भी उल्लेखनीय उपलब्धि है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज में इस व्यापक विस्तार को मोदी सरकार द्वारा गरीबों और श्रम कल्याण योजनाओं की सफलता के रूप में देखा जा सकता है और इसका फोकस समावेशी और अधिकार आधारित सामाजिक सुरक्षा इकोसिस्टम बनाने पर है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों को दारूण गरीबी से बाहर आने में मदद मिली है, लेकिन इसका दूसरा पहलू है कि वे न ही आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने हैं और न ही उनकी जीविका के साधन सुनिश्चित हो सके हैं। वे सरकार की योजनाओं से बस गरीबी रेखा के दायरे से बाहर आए हैं, इन्हें अर्थशास्त्र की भाषा में नियो मिडिल क्लास कहते हैं, जिनके वापस बीपीएल श्रेणी में आने का खतरा बना रहता है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को अनंतकाल तक नहीं चलाया जा सकता है, सरकार पर सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने का दबाव भी है, ऐसे में जहां सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का सोशल ऑडिट होते रहना चाहिए, वहीं सभी सोशल वेलफेयर स्कीम्स को मर्ज कर रोजगार सृजन योजना पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। गरीबी उन्मूलन लक्ष्य के लिए जरूरी है कि नागरिक सक्षम बनें, समर्थ बनें और आत्मनिर्भर बनें। वे आश्रित आबादी न रहें। रोजगार योजनाओं के सतत क्रियान्वयन से जहां एक से डेढ़ दशक में स्थाई गरीबी खत्म करने में मदद मिलेगी, सरकार का बोझ कम होगा, वहीं देश विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल कर सकेगा। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है।



आर्थिकी

शंभू भद्रा

# सहकारिता क्षेत्र की दिक्कतें हों दूर

सहकारिता मंत्री के तौर पर अमित शाह ने सोये हुए कॉपरेटिव सेक्टर को न केवल जगाया है, बल्कि नई नीतियों व कार्यक्रमों से इसमें ऊर्जा का संचार भी किया है। आज देश में सहकारिता 'सहकार से समृद्धि' के मोटो के साथ एक आर्थिक बदलाव और गरीबी उन्मूलन का केंद्रीय अस्त्र बन चुकी है। देश में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सहकारी योजनाओं ने भी अहम भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2025 को संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया। साफ है कि दुनिया सहकारी अर्थशास्त्र की ओर तेजी से बढ़ रही है। भारत के पास इस क्षेत्र में प्रगति के लिए पारिस्थितिकी भी है और प्रगाढ़ आवश्यकता भी।

आज केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिए मंथन बैठक कर रही है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह देश में सहकारिता के विकास में खास रुचि ले रहे हैं। सहकारिता मंत्री के तौर पर अमित शाह ने सोये हुए कॉपरेटिव सेक्टर को न केवल जगाया है, बल्कि नई नीतियों व कार्यक्रमों से इसमें ऊर्जा का संचार भी किया है। आज देश में सहकारिता 'सहकार से समृद्धि' के मोटो के साथ एक आर्थिक बदलाव और गरीबी उन्मूलन का केंद्रीय अस्त्र बन चुकी है। देश में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में कॉपरेटिव योजनाओं ने भी अहम भूमिका निभाई है।

जब मौजूदा विश्व में पूंजीवादी अर्थवाद और कॉरपोरेट पूंजीवाद उम्मीदें नहीं जगा रहे हैं, उल्टे ये आर्थिक असमानता की खाई बढ़ा रहे हैं व आर्थिक क्रांति के तौर पर पेश किए गए साम्यवाद नब्बे के दशक में ही दम तोड़ चुका है और सही मायने में इस वक्त दुनिया नव आर्थिक वैचारिकी (नए आर्थिक मॉडल) के संकट के दौर से गुजर रही है, तब कॉपरेटिव इकोनॉमिक सिस्टम (सहकारी आर्थिक तंत्र) उम्मीद जगाता है। आर्थिक स्वतंत्रता, समावेशी विकास, गरीबी उन्मूलन, आर्थिक लोकतंत्र, आर्थिक असमानता के गैप को भरने के भागीरथ लक्ष्यों को सहकारी आर्थिक तंत्र के कुशल क्रियान्वयन से हासिल किया जा सकता है। भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति भी की है, लेकिन अभी भी भारत की आर्थिक नीति व विकास मॉडल में कॉपरेटिव इकोनॉमिक सिस्टम को केंद्रीय स्थान नहीं मिला है। यूं तो भारत की प्राचीनता और संस्कृति में सहकारिता के बीज हैं। वैदिक काल से स्वतंत्रता एक सहकारिता अनेक सामाजिक व आर्थिक बदलाव की शनैः शनैः साधन बनी है। आजादी के बाद इसे सरकार ने नीतिगत तौर पर गति दी। देश में आर्थिक शक्ति का विकेंद्रीकरण करने तथा सामाजिक न्याय पर ध्यान केंद्रित करते हुए आर्थिक विकास में लोक भागीदारी को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया, पंचवर्षीय योजनाओं में सहकारिता को शामिल किया गया। वर्ष 1963 में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) और वर्ष 1982 में नाबार्ड बना। 97वें संविधान संशोधन अधिनियम 2011 द्वारा सहकारी समितियां बनाने के अधिकार को मूल अधिकार (अनुच्छेद 19) के रूप में स्थापित किया गया। हालांकि कांग्रेस नीत सरकारों की लचर नीतियों, लाल फीताशाही और संस्थागत भ्रष्टाचार के चलते सहकारिता क्षेत्र को वैसी मजबूती नहीं मिली, जिसकी जरूरत थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सहकारिता के आर्थिक क्रांति सामर्थ्य को पहचाना और वर्ष 2021 में अलग से सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। अमित शाह जैसे फोकस्ड और दूरदर्शी विजन वाले नेता को इस मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई। नीतिगत तौर पर मोदी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र का कायाकल्प किया है, शाह के मंत्रित्व में अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं। बहु-राज्य सहकारी समितियां (संशोधन) अधिनियम 2023 लाया गया। कृषि, बागवानी, डेयरी, मत्स्य पालन, अनाज भंडारण, सस्ती दवा विपणन, सुलभ ऋण वितरण, सौर पंप, और ब्रिकी केंद्र जैसे क्षेत्र में सहकारिता कार्यक्रम क्रियान्वित हो रहे हैं। भारत ने गत नवंबर में अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) वैश्विक सम्मेलन की



मेजबानी की है। इसके बावजूद सहकारिता क्षेत्र अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, जिन्हें एड्रेस करने की जरूरत है। उम्मीद है कि इस मंथन बैठक में चुनौतियों को हल करने की दिशा में पहल हो। सहकारिता आंदोलन देश की समावेशी विकास रणनीति का आधार है। वित्तीय समावेशन, सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के माध्यम से सहकारी समितियों ने असमानताओं को कम करने एवं स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सहकारी समितियां पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं की कमी की चुनौतियों से जूझती हैं। कई सहकारी समितियों की वित्तीय संसाधनों तक पहुंच नहीं है। उनके पास वित्तीय संस्थाओं द्वारा अपेक्षित औपचारिक दस्तावेज़ का अभाव होता है, जिससे ऋण प्राप्त करना कठिन हो जाता है। सहकारी समितियों को अक्सर समावेशिता की कमी, संरचनात्मक असमानताओं के अस्तित्व आदि से संबंधित मुद्दों का सामना करना पड़ता है। अवसंरचना संबंधी बाधाएं और कनेक्टिविटी की कमी उनकी दक्षता और प्रभावशीलता को प्रभावित करती है, जिससे पहुंच सीमित हो जाती है। तकनीकी और प्रबंधकीय प्रशिक्षण और कौशल विकास पहलों का अभाव एक और चुनौती है, जो मानव संसाधनों को पंगु बना देती है। सहकारी समितियों के कामकाज में राजनीतिक हस्तक्षेप उनकी स्वायत्तता को कमज़ोर करता है और सदस्यों के हितों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की उनकी क्षमता को प्रभावित करता है। मूल्य श्रृंखलाओं को मज़बूत करने और सहकारी उत्पादों के लिए बाज़ार पहुंच बढ़ाने के लिए गोदामों, शीत भंडारण सुविधाओं और प्रसंस्करण इकाइयों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में अधिक निवेश की आवश्यकता है। सहकारिता की धारणा को नव प्रयोग और नवप्रवर्तन के केंद्र के रूप में परिवर्तित करना जरूरी है। सहकारी नेतृत्व वाली पर्यटन पहल होनी चाहिए। यह नया क्षेत्र होगा। वित्तीय सहकारी समितियां संसाधनों, विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए क्रेडिट यूनियनों सहित अन्य सहकारी समितियों के साथ सहयोग कर सकती हैं। इससे कार्यकुशलता में सुधार और लागत कम करने में मदद मिल सकती है।

वित्तीय सहकारी समितियां पारंपरिक बचत और ऋण से आगे बढ़कर निवेश उत्पादों, बीमा और वित्तीय शिक्षा को शामिल करने के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार कर सकती हैं। सहकारिता को केंद्रीय आर्थिक मॉडल के घटक रूप में अपनाया जाना चाहिए। दरअसल, सहकारी अर्थशास्त्र 1700 के दशक के अंत और 1800 के दशक की शुरुआत में औद्योगिक पूंजीवाद के सिद्धांत के साथ स्टेट सोशलिज्म के रूप में विकसित हुआ। सहकारिता समाजवाद की स्थापना का ही मार्ग है। सहकारी अर्थशास्त्र आवास, भोजन, रोजगार और गरीबी की समस्याओं को हल करने में सक्षम है, जो आधुनिक पूंजीवादी व औद्योगिक व्यवस्था अब तक हल करने में असमर्थ हैं। 2012 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया था, जिसमें सामाजिक-आर्थिक विकास में सहकारी समितियों के योगदान पर प्रकाश डाला गया। अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली महिला एलिनोर ओस्ट्रोम ने सहकारी उद्यमों और संगठनों की प्रबंधन की क्षमता को राजनीतिक या बाजार के साधनों से कहीं अधिक प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। वैश्विक मानवता का 12 फीसदी हिस्सा किसी न किसी सहकारी समिति का सदस्य है। फरवरी 2024 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2025 को संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया। साफ है कि दुनिया सहकारी अर्थशास्त्र की ओर तेजी से बढ़ रही है। भारत के पास इस क्षेत्र में प्रगति करने के लिए पारिस्थितिकी भी है और आवश्यकता भी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व आर्थिक जानकार हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# फ़रिश्ता होने से इंसान होना श्रेष्ठ मानते थे बाबा नागार्जुन


मैं यानी /अर्जुन नागा/उर्फ बैजनाथ मिसिर/ उर्फ यात्री जी/साकिन मौजे तरउनी बड़की/ थाना बहेड़ा/ जिला दरभंगा/ बिहार राज्य/ होशोहवास/अपनी धर्मपत्नी/आदरणीय श्रीमती/ अपराजिता देवी के/चंद लफ़्ज़ों के मुताबिक/ 'हम तो आज तक/इन्हें समझ ही नहीं पाये'/ हां/ वही, जो/कोटि-कोटि/अन्नहीन वस्त्रहीन जनों का प्रतिनिधि/ नागार्जुन है न। हिंदी व मैथिली के अलबेले बहुभाषाविद प्रगतिशील कवि व कथाकार बाबा नागार्जुन ने अपनी इस कविता में स्वयं अपने हाथों अपने कान उमेठते हुए-से अपना जैसा परिचय दिया है, शायद ही किसी और साहित्यकार ने दिया हो। निस्संदेह, यह उनकी उस प्रवृत्ति के अनुरूप ही है, जिसमें वे यावत्जीवन हर चंद कोशिश करते नजर आते हैं कि उनके और उनके पाठकों (या कि जनता) के बीच कहीं भी कोई छद्म न रह पाए। इसीलिए अपने इस परिचय में वे यह भी नहीं छिपाते कि वे रात को बहुत थोड़ा सोने वाले, दमा के सनातन मरीज और घुमक्कड़ी के शौकीन हैं। इस आत्म-परिचय के बरक्स उन्हें किसी दूसरी



अपनत्वभरी निगाह से देखना चाहें तो प्रसिद्ध आलोचक विजय बहादुर सिंह याद आते हैं, जो 1967 के बाद के कई दशकों तक इस मायने में बाबा के 'सहचर' रहे कि उस दौर में मध्य प्रदेश में विदिशा स्थित उनका घर बाबा के प्रवास का सबसे पसंदीदा ठौर हुआ करता था। यों तो बाबा को बीसवीं सदी का ऐसा सबसे बड़ा यायावर कहा जाता है, पूरा देश ही जिसका अपना घर था। विजय बहादुर उनके 'कुछ कुछ अष्टावक्री तेवर और बहुत कुछ दुर्वासाई अंदाज' को इन शब्दों में याद करते हैं, सरलता ऐसी कि बच्चा भी सटकर बतिया ले और गूढ़ता ऐसी कि बड़े-बड़े पंडित भी खौफ खा जाएं। प्रखरता ऐसी कि रौब-दाब वाली कथित प्रवर बौद्धिकता भी पानी भरे।.. वेश जैसे नगरपालिका के चुंगी नाके का रिटायर्ड नाकेदार।...ठाठ देखें तो लगे, जैसे खैनी तम्बाकू का कोई बूढ़ा व्यापारी। गले में पुरबिया गमछा। धड़ पर कुर्ता या कोट। कमर में पतलून या पैजामा और दाढ़ी बिल्कुल ऋषियों जैसी।...हंसे तो कत्थई मटमैले दांतों के साथ मसूड़े भी मुसकी मारें। खीझे तो भौंहों और नथुनों से बरसे कोप। ठेंपी खुले तो खुली ही रह जाये। बंद रहे तो गूंगापन भी झख मारे। आगे, बाबा की इन सारी पहचानों से ऊपर उनकी उपस्थिति को लेकर वे लिखते हैं कि वह इतनी सतेज व जीवंत थी कि गांधी के भक्तजन तो उससे चौंकते ही रहते थे, मार्क्स और लेनिन के चेले भी ...। बहरहाल, एक वाक्य में कहें तो बाबा अपनी मिसाल आप ही थे। भले ही उनकी घुमक्कड़ी के चलते उनको दूसरा राहुल सांकृत्यायन कहा जाता था और फक्कड़पने को लेकर दूसरा कबीर, जानकारों का उनके जीवन और साहित्य के बारे में यही निष्कर्ष है कि अपनी सहज रूप से जिंदादिल और संप्रेषणीय कविताओं की मार्फत वे ऐसा मनोरम काव्य संगीत रच गये हैं जो बार-बार हमें जीवन के विविध छंदों व लक्ष्यों की याद दिलाता रहेगा। हम जानते हैं कि बाबा अपनी कविताओं में जनविरोधी सत्ता प्रतिष्ठानों पर प्रायः हमलावर हो उठते और उनसे इस तरह सवाल पूछने लगते थे कि जैसे जवाब लिये बिना टलेंगे ही नहीं। कुछ समीक्षकों के अनुसार हिंदी व मैथिली में लिखे बाबा के संपूर्ण साहित्य में अन्याय के खिलाफ लड़ाई का आह्वान तो है ही, जनविरोधी शक्तियों के खिलाफ उद्वेलन भी है, क्रांति के सपने भी और भूख व गरीबी से गरिमा के साथ जूझने की यथार्थवादी तरकीबें भी। कह सकते हैं कि हिंदी के गद्य साहित्य में जो काम कभी प्रेमचंद ने किया, पद्य में वही काम बाबा ने। प्रसंगवश, अपनी कविताओं की बाबत एक साक्षात्कार में बाबा ने कहा था कि वे कविताएं तब लिखते हैं, जब उन्हें समाज या व्यवस्था पर बहुत गुस्सा आता है। एक आदर्श कवि के बारे में उन्होंने बताया था कि वे अच्छे कवि की अपेक्षा अच्छे नागरिक को कहीं अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। यह पूछे जाने पर कि तब क्या वे अपने को कवि नहीं मानते, उनका उत्तर था : कविता की मैंने कभी परवाह नहीं की और इस सवाल का जवाब मांगने के लिए मैं सही पात्र नहीं हूं। हां, किसी शायर की ये पंक्तियां मेरे दिमाग में गूंजती रहती है : फ़रिश्ते से इंसान बनना है बेहतर, मगर इसमें पड़ती है मुश्किल जियादह। उन्होंने कहा था : हम तो ऐसे हैं, साधु का लबादा छोड़ने पर भी जो एक अच्छा पति नहीं बन सका, एक अच्छा पिता नहीं हो सका। वह भला अच्छा कवि और अच्छा नागरिक कैसे होगा? प्रत्येक बंधन से छुटकारा पाने की कोशिश में, किसी प्रकार के दायित्व को न निभा पाने की निराशा में आहिस्ता-आहिस्ता औघड़ बन जाना ही मैं अपने लिए सहज मानता आया हूं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कण-कण में हैं भगवान, मुझमें भी, तुझमें भी




संकलित

दर्शन

ज्ञान प्राप्त कर लौटे श्वेतकेतु को देखते ही महर्षि उद्दालक समझ गए कि पुत्र में घमंड घर कर गया है। उन्होंने एक दिन श्वेतकेतु से पूछा, पुत्र क्या तुमने कभी उस ज्ञान की खोज की है, जिसके द्वारा अनसुना सुना जा सकता है, अदृश्य देखा जा सकता है और अज्ञेय जाना जा सकता है? महर्षि ने तब मिट्टी, पानी और बीज के उदाहरण से समझाया कि किस तरह संपूर्ण सृष्टि एक ही तत्त्व से बनी है। बीज का उदाहरण- महर्षि उद्दालक ने श्वेतकेतु को बरगद का एक फल देते हुए काटने को कहा। अंदर क्या निकला, श्वेतकेतु ने जवाब दिया, बीज। अब इस बीज को काटकर देखो कि इसके भीतर क्या है? इसमें तो कुछ भी नहीं है पिताजी, पुत्र की इस बात पर महर्षि ने मुस्कराते हुए कहा, जिसे तुम नहीं देख पा रहे, उसी से बरगद का एक बड़ा पेड़ बनेगा। पानी में नमक- इसी तरह, एक गिलास पानी में नमक घोलकर उन्होंने बेटे से पूछा, नमक कहां है? नमक तो पानी में घुल गया, पर इसका स्वाद हर बूंद में है। श्वेतकेतु को असली ज्ञान मिल चुका था कि जिस तरह नमक पानी में अदृश्य होकर भी हर जगह मौजूद है, उसी तरह संपूर्ण ब्रह्मांड में ब्रह्म व्याप्त है। वह हर कण में है, हर जीव में। वह मुझमें भी है, वह तुम में भी। किसी का भी अस्तित्व केवल वहीं तक सीमित नहीं होता, जैसा वह बाहर दिखता है। मूल तो वह ब्रह्म है, वह एटम, जो दिखता नहीं, लेकिन हमेशा से वहीं है जो नष्ट नहीं होता और अनंत काल से चक्र में चला आ रहा है।

## मन ही इंसान का प्रिय मित्र और परम शत्रु




संकलित

प्रेरणा

भगवद्गीता में कहा गया है 'बन्धुरात्मात्मनस्तस्य येनात्मैवात्मना जितः। अनात्मनस्तु शत्रुत्वे वर्तेतात्मैव शत्रुवत॥ 6.6॥' अर्थात जो मनुष्य मन को वश में कर लेता है, उसका वह मन ही परम मित्र बन जाता है, लेकिन जो मनुष्य मन को वश में नहीं कर पाता है, उसके लिए वह मन ही परम शत्रु के समान होता है। अब यदि हम अपने मन को वश करना चाहते है, तो उसका वशीकरण मंत्र है खुद को आत्मा समझना जी हां! मन, बुद्धि, संस्कार यह तीनों ही चैतन्य आत्मा के साधन हैं, अतः इन तीनों को यदि कोई नियंत्रित कर सकता है, तो वह है उनका स्वामी यानी की आत्मा। तो आइए हम सभी खुद को आत्मनिश्चय करें और तटस्थ भाव से शरीर रूपी साधन व उसके संसाधनों का उपयोग कर ध्यान साधना द्वारा अपने जीवन को सुखी व शांतमय बनाएं। आज हालात ऐसे हो गए है कि हम आत्मा रूपी सारथी को दिव्य गुणों से श्रृंगारने के बजाय शरीर रूपी रथ को स्वर्ण आभूषणों से सजा रहे हैं। परमात्म ज्ञान रूपी शक्तिवर्धक खुराक से आत्मा को वंचित करके हम उसे भूखा मार रहे हैं और शरीर रूपी स्थूल साधन को दूध और घी पिला रहे है, यह कैसी विचित्र स्थिति है। ऋषियों के मतानुसार इसी को 'कलियुग' कहा जाता है कि जहां पर स्वामी (आत्मा) अपने उत्तरदायित्वों को सर्वदा भुलाकर सेवकों (शरीर) की सेवकाई में लगा रहे। इन सभी बातों के पीछे का सार यह है कि जब तक मनुष्य अपनी विस्मृति से बहार निकलकर उसे स्मृति में नहीं बदलेगा, तब तक वह किसी भी प्रकार की 'ध्यान साधना' में अपना मन लगा नहीं सकेगा।

## सटाका




## आज की पाती

### बरसात के दिनों में पानी का जमाव न होने दे

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनाफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक होना चाहिए। अक्सर बरसात के दिनों में पानी का जमाव होता है, जिससे मच्छर पैदा होने का खतरा बढ़ जाता है। इससे हमें बचना चाहिए। *-विनोद कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### पौधरोपण करें



हम गांधीनगर को सबसे हरित लोकसभा क्षेत्र बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रहे हैं। पिछले 4 वर्षों में गांधीनगर में 42 लाख से अधिक पौधे लगाये जा चुके हैं। सभी अधिक से अधिक पौधरोपण करें।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### कोटि-कोटि नमन!



काकोरी ट्रेन एक्शन' के वीर नायक, महान क्रांतिकारी राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन! उनका बलिदान राष्ट्र की अमिट धरोहर है, जो हमें देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का पथ दिखाता रहेगा।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### गो सेवा का सौभाग्य



आज आर्ष गुरुकुल खानपुर महेंद्रगढ़, हरियाणा में बाल एवं युवा - संस्कार प्रशिक्षण शिविर समापन के दौरान पूज्य आचार्य श्री प्रद्युम्न जी महाराज का आशीष मिला। इस अवसर पर गो सेवा का सौभाग्य मिला।
**- डा. भूपेंद्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री**

### भगदड़ की घटना दुःखद



पुरी में रथ यात्रा के दौरान हुई भगदड़ की घटना अत्यंत दु:खद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना और घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। ओडिशा सरकार से अपील है कि राहत कार्यों में तेजी लाए और कांग्रेस कार्यकर्ता इसमें हरसंभव मदद करें।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

## करंट अफेयर


# जंग से ईरान- इजरायल को लगी आर्थिक चपत



इजरायल व ईरान में फिलहाल युद्ध विराम हो गया है लेकिन 12 दिन की इस जंग में दोनों देशों को लंबी चपत लगी है। दोनों देशों को इस त्रासदी से उबरने में लंबा वक्त लगेगा। ईरान ने युद्ध में अपने जीडीपी का लगभग छह से नौ प्रतिशत तक खो दिया है। वहीं ईरानी मिसाइलों से इजरायल को करीब तीन अरब डॉलर से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। इजरायल की ओर से युद्ध में कूदे अमेरिका को भी झटका लगा है लेकिन पश्चिम एशिया में अपनी धमक बरकरार रखने के लिए वह यह भार आसानी से उठा सकता है। ईरान ने युद्ध में अपने जीडीपी का लगभग छह से नौ प्रतिशत तक खो दिया कुछ अनुमानों के अनुसार, ईरान ने युद्ध में अपने जीडीपी का लगभग छह से नौ प्रतिशत तक खो दिया है। रक्षा विश्लेषक क्रेग ने बताया कि ईरान का कुल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नुकसान 24 से 35 अरब डॉलर के बीच हो सकता है। अमेरिका और इजराइल के हमलों ने ईरान के बुनियादी ढांचे को बुरी तरह तहस-नहस कर दिया है। इसे दुरुस्त करने में लंबे वक्त के साथ अरबों डॉलर का खर्च आएगा। ईरान के तेल निर्यात भी ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमलों से प्रभावित हुए हैं। इससे देश की रिकवरी की गति और भी कम हो सकती है क्योंकि यह तेल निर्यात पर बहुत निर्भर है।

## ऑफ बीट

# सूर्य मंदिर में पांडवों ने काटा था अपना अज्ञातवास



हिमाचल प्रदेश के रामपुर से 18 किलोमीटर दूर सतलुज नदी के किनारे बसा नीरथ गांव, यहां बने सूर्य मंदिर के लिए जाना जाता है। मंदिर के गर्भगृह में पाषाण सूर्य मूर्ति तीन फुट ऊंची और 4 फुट चौड़ी है। इस मूर्ति में भगवान सूर्य को सप्त अश्वों पर सवार दिखाया गया है। माना जाता है कि यह मंदिर भगवान परशुराम ने बनाया है। यह मंदिर नागर शैली में बना है। यह उत्तर भारत में स्थित एकमात्र सूर्य मंदिर है। मंदिर का अधिकतर हिस्सा लकड़ी का बना है। मुख्य मंदिर लाल रंग का है और दीवारों पर खास शिल्पकला को उकेरा गया है। इस मंदिर में मूर्तिकला को भी चित्रों में देखा जा सकता है। मंदिर प्रांगण में कई शिवलिंग रखे गए हैं। इस गांव में रहने वाले लोग हिंदू धर्म में आस्थावान है और यह गांव सूर्यदेव को समर्पित है। यह भी कहा जाता है कि पांडव अपने अज्ञातवास के दौरान यहां पर रुके थे। इस मंदिर का उल्लेख साल 1908 में मार्शल ने किया था। हर साल बूढ़ी दिवाली के मौके यहां पर मेला लगता है। इस मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इस मंदिर तक पहुंचने का रास्ता बेहद खस्ताहाल है। रास्ते के नाम पर यहां सिर्फ दो फुट की पगडंडी है। नीरथ गांव के इस सूर्य मंदिर को प्रसिद्ध पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## जजों की नियुक्ति पर जस्टिस दत्ता ने कहा

# बाहरी ताकतें कॉलेजियम सिस्टम को कर रहीं प्रभावित



### समाज की धारणा की आलोचना की, सीजेआई से की अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कॉलेजियम सिस्टम और न्यायिक नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली बाहरी ताकतों के बारे में गंभीर चिंताएं जताईं। उन्होंने इस धारणा की कड़ी आलोचना की कि जज ही जजों की नियुक्ति करते हैं और कहा कि यह धारणा गलत है। दत्ता ने कहा कि इन बाहरी ताकतों से कड़ी कार्रवाई से निपटा जाना चाहिए। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार जस्टिस दत्ता ने कहा कि हमें समाज को यह बताने की ज़रूरत है कि अगर जज जजों की नियुक्ति करते तो सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सभी सिफारिशों पर अमल होता। लेकिन ऐसा नहीं होता।

### योग्यता पर विचार तय हो, अपना उदाहरण भी बताया

कलकत्ता हाई कोर्ट कॉलेजियम में अपने कार्यकाल के दौरान 2019 के एक उदाहरण को याद करते हुए उन्होंने उल्लेख किया कि कैसे एक वकील की न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी, लेकिन उस पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है और अब 6 साल हो गए हैं। ऐसा क्यों होता है? कोई भी इस पर सवाल नहीं उठाता है। जस्टिस दत्ता ने कहा कि कॉलेजियम की सिफारिशों पर कार्रवाई करने से रोकने वाली बाहरी ताकतों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

### सीजेआई कॉलेजियम सिस्टम में अधिक पारदर्शिता लाएं

न्यायमूर्ति दत्ता ने सीजेआई बीआर गवई से अपील की कि वे इस गलत धारणा को तोड़ें कि न्यायाधीश न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं और कॉलेजियम सिस्टम में अधिक पारदर्शिता लाएं। दत्ता ने कहा कि सर (सीजेआई गवई) यह आपसे एक अपील है। अब समय आ गया है कि हम इस गलत धारणा को दूर करें। आलोचक मुखर हो गए हैं। कॉलेजियम प्रणाली पर सवाल क्यों नहीं उठाया जाना चाहिए?

### हाईकोर्ट के 3 न्यायाधीशों पर दी जानकारी

उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे 1980 के दशक में बॉम्बे हाई कोर्ट के तीन मुख्य न्यायाधीशों एमएन चंदुरकर, चित्तोश मुखर्जी और पीडी देसाई को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत नहीं किया गया था। उन्होंने सवाल किया कि कॉलेजियम से पहले के दौर में उनकी क्षमताओं के बावजूद ऐसे बहिष्कारों की आलोचना क्यों नहीं की जाती? क्या कोई सवाल करता है कि सीजे चंदुरकर, सीजे मुखर्जी या सीजे देसाई अपनी साख के बावजूद सुप्रीम कोर्ट में क्यों नहीं आ सके?

### वर्तमान नेतृत्व के तहत प्रणाली पारदर्शी बनी

जस्टिस दत्ता ने कॉलेजियम में अतीत की अस्पष्टता को स्वीकार किया, लेकिन कहा कि वर्तमान नेतृत्व के तहत प्रणाली पारदर्शी हो गई है। दत्ता ने कहा कि सीजेआई गवई के तहत हम पूरी तरह से पारदर्शी प्रक्रिया की उम्मीद करते हैं। योग्यता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

## सीजेआई ने नागपुर में विधि विश्वविद्यालय भवन का किया उद्घाटन, पुस्तकालय भी लोकार्पित



**नागपुर।** भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने रविवार को नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन और केंद्रीय पुस्तकालय भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान सीजेआईगवई ने संकाय और छात्रों से एमएनएलयू को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक बनाने को कहा। गवई एमएनएलयू के कुलाधिपति भी हैं। उन्होंने संस्थान की एक दशक लंबी यात्रा को भी याद करते हुए इसमें योगदान देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया तथा फडणवीस और गडकरी के सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दीक्षांत समारोह में आज शामिल होंगी राष्ट्रपति

**बरेली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को बरेली के पशु चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान के 11 वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया सोमवार को संस्थान के स्वामी विवेकानंद सभागार में दीक्षांत समारोह होगा और समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी।



### प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94,000 पैकेट जब्त

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में पुलिस ने एक गोदाम पर छापेमारी करके प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94,000 पैकेट बरामद किए और कर्नाटक निवासी एक व्यक्ति समेत दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान परीक्षित और कर्नाटक निवासी पीपी चेंगप्पा के रूप में हुई है।



### मिट्टी की ढाय गिरने से 4 लोगों की मौत

**आगरा।** यहां के फतेहपुर सीकरी के राजस्थान सीमा में ग्राम दौलत गढ़ के पास चंबल पाइपलाइन के लिए खोदाई कार्य चल रहा है। यहां गड्ढे में से मिट्टी लेने गए दर्जनभर महिला-पुरुष ढाय गिरने से दब गए। सूचना पर राजस्थान के गहनोली थाना की फोर्स मौके पर पहुंच गई है। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। घटना में 3 महिला समेत 4की मौत हो गई।



### जहां झुग्गी-वहां मैदान बरसे केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में झुग्गियों के तोड़ने के विरोध में आप जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। संयोजक अरविंद केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज, आतिशी समेत बड़े नेता पहुंचे। केजरीवाल भाजपा पर बरसे। उन्होंने कहा, 'मोदी जी ने 'जहां झुग्गी-वहां मकान' की गारंटी दी थी लेकिन तोड़ दिया।



### 'मन की बात' में पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर देश को किया संबोधित

# जनभागीदारी की ताकत से देश ने आपातकाल के अंधेरे को हराया... उस दौर में 'संविधान' की हत्या

### कहा... काले दौर में भी भारतीय जनता न झुकी, न टूटी, और न ही समझौता किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 123वें एपिसोड में कई महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों से बात की। इनमें से एक अहम मुद्दा था 1975 में कांग्रेस शासनकाल के दौरान लगाया गया आपातकाल। इस दौरान पीएम मोदी ने देशवासियों को उस दौर की भयावहता और संकट से अवगत कराने के लिए विभिन्न नेताओं के ऑडियो संदेशों को भी सुनाया। इसमें लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश की गई थी। जनभागीदारी की शक्ति से, बड़े-बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। इसके बाद उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी भाई देसाई के एक ऑडियो का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने आपातकाल की क्रूरता को बयां किया। इमरजेंसी में अमानवीय बर्ताव किया गया। लोगों के स्वतंत्रता के हक छीन लिए गए, अखबारों को कोई स्वतंत्रता नहीं रही। न्यायालय बिल्कुल निर्बल बना दिए गए। जिस ढंग से एक लाख से ज्यादा लोग जेल में बंद कर दिए और फिर सरकार की मनमानी होती रही, उसकी मिसाल दुनिया के इतिहास में




123वें एपिसोड में रखे विचार

#### ऐसी ताकतों को बाहर का रास्ता दिखाया

पीएम मोदी ने इस दौरान भारत की जनता की अदम्य शक्ति की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उस काले दौर में भी भारतीय जनता न झुकी, न टूटी, और न ही लोकतंत्र के साथ कोई समझौता किया। आखिरकार, जनता-जनार्दन की जीत हुई और आपातकाल को हटाने के साथ-साथ इसे थोपने वाली ताकतों को भी सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

#### फर्नांडिस को जंजीरों में जकड़ा गया

इमरजेंसी लगाने वालों ने न सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। जॉर्ज फर्नांडिस को जंजीरों में बांधा गया था। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गई। 'मीसा' के तहत किसी को भी ऐसे ही गिरफ्तार कर लिया जाता था। विद्यार्थियों को भी परेशान किया गया और अभिव्यक्ति की आजादी का भी गला घोंट दिया गया।

#### योग का सिलसिला भव्य बन रहा

पीएम मोदी ने कहा 'आप सब इस समय योग की ऊर्जा और 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की स्मृतियों से भरे होंगे। इस बार भी 21 जून को देश-दुनिया के करोड़ों लोगों ने 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' में हिस्सा लिया। अब 10 साल में ये सिलसिला हर साल पहले से भी ज्यादा भव्य बनता जा रहा है। 'हिमालय की बर्फीली चोटियां और` जवानों ने योग किया वडनगर में 2121 लोगों ने एक साथ भुजंगासन किया और नया रिकॉर्ड बना दिया।

#### प्रभु से जोड़ रहीं ये यात्राएं

'मेरे प्यारे देशवासियो, जब कोई तीर्थयात्रा पर निकलता है, तो एक ही भाव सबसे पहले मन में आता है, 'चलो, बुलावा आया है'। यही भाव हमारे धार्मिक यात्राओं की आत्मा है। ये यात्राएं शरीर के अनुशासन का, मन की शुद्धि का, आपसी प्रेम और भाईचारे का, प्रभु से जुड़ने का माध्यम हैं। ये धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसरों का एक महाअभियान भी होती हैं।

#### 95 करोड़ लोग ले रहे सामाजिक सुरक्षा का लाभ

पीएम मोदी ने कहा कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को टाइकोमा फ्री घोषित कर दिया है। ये लाखों लोगों की मेहनत का फल है। जिन्होंने बिना तके, बिना रुके बीमारी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। ये सफलता हमारे हेल्थ वर्कर्स की है। आज देश के 95 करोड़ लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ ले रहे हैं।

#### 'सिंदूर वन' ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को समर्पित

पीएम मोदी ने कहा कि 'इस महीने हम सबने 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया। मुझे आपके हजारों संदेश मिले। कई लोगों ने अपने आस-पास के उन साथियों के बारे में बताया जो अकेले ही पर्यावरण बचाने निकल पड़े थे और फिर उनके साथ पूरा समाज जुड़ गया। यहां नगर निगम ने 'मिशन फॉर मिलिनय ट्रीज' अभियान शुरू किया है। उसका लक्ष्य है- लाखों पेड़ लगाना। यह वीरों को समर्पित है।

#### भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर गर्व जताया

पीएम मोदी ने इस एपिसोड में भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि इस समय सबकी निगाहें अंतरराष्ट्रीय स्पेस सेंटर पर भी हैं। भारत ने एक नया इतिहास रचा है। इस संदर्भ में उन्होंने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से अपनी हालिया बातचीत का जिक्र किया, जो इस समय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### शाह ने हल्दी बोर्ड का किया उद्घाटन

## भारत का 2030 तक एक अरब डॉलर के हल्दी निर्यात का लक्ष्य



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य रखा है। निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय के उद्घाटन के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बोर्ड पैकिंग, ब्रांडिंग, विपणन और हल्दी के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि हल्दी बोर्ड किसानों के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, उनके उत्पाद के निर्यात, साथ ही अनुसंधान और विकास के लिए कार्य करेगा। शाह ने कहा कि आपको आश्चर्य होगा कि भारत सरकार ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। हमने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एक अरब अमेरिकी डॉलर के (हल्दी) निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने तैयारी भी कर ली है।

#### पीएम मोदी ने वादा पूरा किया

शाह ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में हल्दी बोर्ड स्थापित करने का वादा किया था। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हल्दी की फसल की गुणवत्ता में सुधार, अनुसंधान और किसानों की आय में सुधार के लिए 200 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। हल्दी बोर्ड की स्थापना निजामाबाद के हल्दी किसानों की एक प्रमुख मांग रही है और यह एक प्रमुख चुनावी मुद्दा भी था। निजामाबाद से भाजपा के लोकसभा सदस्य डी. अरविंद ने इस का वादा किया था।

#### तेलंगाना ने जताई खुशी

भाजपा की तेलंगाना इकाई ने 'एक्स' पर कहा कि पीएम ने किसानों के सपने को पूरा किया है। हल्दी बोर्ड की स्थापना निजामाबाद के हल्दी किसानों की एक प्रमुख मांग रही है और यह एक प्रमुख चुनावी मुद्दा भी था। इस अवसर पर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बी. संजय कुमार, भाजपा सांसद के. लक्ष्मण, निजामाबाद से भाजपा के लोकसभा सदस्य डी. अरविंद और पार्टी के अन्य नेता उपस्थित थे। इससे पहले, बेगमपेट हवाई अड्डे पर शाह के पहुंचने पर किशन रेड्डी और अन्य नेताओं ने उनकी अगवानी की।

### कोलकाता में गैंगरेप के बाद बयानबाजी चरम पर

## हनीमून से आते ही उन्होंने किया हमला एक परिवार को तोड़ने का आरोप जड़ा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता में गैंगरेप के बाद सियासत गरम है। इस बीच पार्टी के वरिष्ठ सांसद कल्याण बेनर्जी और महुआ मोइत्रा के बीच जुबानी जंग निजी आरोपों तक पहुंच गई है। पार्टी की आंतरिक कलह खुलकर सामने आ गई है। बेनर्जी ने कहा कि महुआ नई शादी कर हनीमून पर गई थीं और आते ही उन्होंने मेरे ऊपर हमला बोल दिया है। उन्होंने उन पर एक परिवार को तोड़ने का भी आरोप लगाया। पिछले महीने महुआ ने पूर्व बीजद सांसद और सीनियर वकील पिनाकी मिश्रा के साथ बर्लिन में शादी की थी।

■ कल्याण ने साधा मोइत्रा पर निशाना


#### हिरासत से छूटे मजूमदार बोले हमने सोती पुलिस को जगाया

कोलकाता में विरोध-प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्रीसुकांत मजूमदार को रविवार सुबह रिहा कर दिया गया है। मजूमदार ने कहा कि मेरे साथ 32 भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी रात लालबाजार में बिताई है। जब हमें विरोध प्रदर्शन के लिए गिरफ्तार किया गया, तो पुलिस ने हमें रिहाई के लिए जमानत के कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा। हमने इसका विरोध किया और बिना हस्ताक्षर किए पूरी रात लालबाजार में बिताई।जब पुलिस सोती है तो किसी न किसी कार्यकर्ता को जागना पड़ता है और हमने पुलिस को जगाने का काम किया है।



### छात्रा का सनसनीखेज आरोप, मां दे रही सेक्स की ट्रेनिंग

**बेंगलुरु।** यहां चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां पर नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा ने अपनी ही मां पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। छात्रा का दावा है कि उसकी मां ही उसका यौन उत्पीड़न कर रही है। छात्रा का आरोप है कि उसकी मां, उसे सेक्स करने की ट्रेनिंग देती है। छात्रा के मुताबिक मां कहती हैं कि यह ट्रेनिंग शादी के बाद पति के साथ संबंध बनाने में काम आएगी। महिला अपने बेटी के इन आरोपों से इनकार किया है। अब पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।



### पुरी रथ यात्रा में भगदड़ पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

## राहुल-खरगे ने प्रशासन की लापरवाही का नतीजा बताया व जांच की मांग की

#### पुरी स्थित श्री गुंडिचा मंदिर के पास हादसा

एजेंसी ▶▶ पुरी

ओडिशा के पुरी स्थित श्री गुंडिचा मंदिर के पास रविवार सुबह हुई भगदड़ की घटना को लेकर कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस हादसे को बेहद दुखद और दर्दनाक बताया। पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। राहुल ने एक्स पर लिखा कि यह त्रासदी इस बात की गंभीर याद दिलाती है कि इस तरह के बड़े आयोजनों के लिए सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की तैयारी बहुत मजबूत होनी चाहिए। उन्होंने ओडिशा सरकार से राहत कार्यों को तेज करने की अपील की।



#### लापरवाही और अव्यवस्था माफ नहीं होगी: खरगे

खरगे ने भी गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह हादसा प्रशासन की लापरवाही और अव्यवस्था का नतीजा है, जो किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। खरगे ने कहा कि रथ यात्रा के दौरान शुक्रवार को भी 500 से अधिक श्रद्धालु घायल हुए थे और अब यह हादसा हुआ है। यह साफ दर्शाता है कि प्रशासन की तैयारी पूरी तरह नाकाम रही। साथ ही खरगे ने राज्य सरकार से इस मामले में गंभीर जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### विपक्ष ने सरकार का न्योता ठुकराया

## महाराष्ट्र में विपक्षी दलों ने सरकार की चाय पार्टी का बहिष्कार किया

मानसून सत्र में हंगामे के आसार बढ़े

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर विपक्षी दलों ने रविवार को सरकार की चाय पार्टी का बहिष्कार करने की घोषणा की। यह कार्यक्रम हर साल विधानमंडल के मानसून सत्र से पहले आयोजित होता है। विपक्ष ने इस बहिष्कार का कारण व्यापक भ्रष्टाचार, जनविरोधी नीतियां और फंड का दुरुपयोग बताया है।विधान परिषद में विपक्ष के नेता और शिवसेना (उद्धव गुट) के अंबादास दानवे ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि यह बहिष्कार एक 'बेईमान सरकार' के खिलाफ विरोध का प्रतीक है।



#### मराठी और अंग्रेजी को ही प्रमुखता: आदित्य

महाराष्ट्र में भाषा को लेकर चल रहे विवाद के बीच पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे और विधायक आदित्य ठाकरे ने बड़ा बयान दिया है। आदित्य ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में मराठी और अंग्रेजी को ही प्रमुखता दी जानी चाहिए।

#### राणे यूं ही नहीं पहुंचे 'ऊपर'

महाराष्ट्र के मंत्री भारत गोगावले ने भाजपा सांसद और राज्य के पूर्व सीएम नारायण राणे को लेकर ऐसा कुछ कह दिया है, जिस पर विवाद हो सकता है।गोगावाले ने कहा कि राणे आज जहां हैं, वहां वे आसानी से नहीं पहुंचे हैं और उसके लिए उनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हुए। वे जेल गए और लड़ाई और हत्या की घटनाओं में शामिल रहे। उनके बेटे और मंत्री नितेश ने कहा कि उनके पिता का कोई पुलिस रिकॉर्ड नहीं है।

### मौसम विभाग ने बताया 8 दिन पहले ही पहुंचा मानसून

## आज से देशभर में होगी झमाझम, यलो अलर्ट जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने पूरे देश को कवर कर लिया है। दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के बड़े हिस्से में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। तय समय से 8 दिन पहले ही मॉनसून देशभर में छा गया है। आम तौर पर 8 जुलाई तक मॉनसून उत्तर भारत को पूरी तरह कवर कर पाता है। विभाग ने रविवार को दिल्ली में येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक राजधानी दिल्ली में मॉनसून दो दिन देरी से पहुंचा है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में अब तेजी से प्रभावी होगा। 29 जून को मॉनसून पूरे देश को कवर कर चुका है।


#### अब कई राज्यों में होगी भारी बारिश और गरज-चमक

#### 12 जून को लगा था ब्रेक



जून के पहले सप्ताह में मॉनसून की गति को ब्रेक लग गई थी। इसके बाद 12 जून से मॉनसून का फिर आगे बढ़ना शुरू हो गया। मौसम विभाग ने पहले कहा था कि 24 जून को मॉनसून दिल्ली पहुंचेगा। 24 जून को कहा गया कि अगले 36 घंटे में मॉनसून दिल्ली पहुंच सकता है।

**झमाझम बारिश का अलर्ट :** विभाग ने ओडिशा और झारखंडा में भारी से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। बंगाल, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, पंजाब और उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान है। अंडमान निकोबार, रायलसीमा और तेलंगाना में तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश होगी। बिहार, तटीय आंध्र प्रदेश, , आंतरिक कर्नाटक, झारखंड, केरल और तमिलनाडु में भी तेज हवाएं चलेंगी।



#### भारी बारिश से मुल्लापेरियार बांध के 13 गेट खुले

**इडुक्की।** मुल्लापेरियार बांध का जलस्तर पूरी क्षमता के करीब पहुंचने के बाद रविवार को प्राधिकारियों ने बांध के 13 फाटक खोल दिए और पानी पेरियार नदी में छोड़ दिया। प्रत्येक फाटक को 10 सेंटीमीटर ऊपर उठाया गया है तथा अब प्रति सेकंड लगभग 250 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध का जलस्तर 136 फीट को पार कर जाने के बाद फाटक खोल दिए गए।

# आयुष्मान भवः2025



हरिभूमि और आईएनएच के 'आयुष्मान भवः' कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल एवं हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी, जबलपुर सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, डॉ.अभिलाष पाण्डे, सुशील तिवारी (इंदू), नगर अध्यक्ष भाजपा रत्नेश सोनकर द्वारा डॉ. विशाल कस्तवार के स्वास्थ्य पर लिखित पुस्तक 'डायबिटीज और जीवन का बेहतर प्रबंधन' का विमोचन किया गया।



व्यवसायी रोहित तिवारी, एडी.एसपी संदीप मिश्रा एवं प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी



आईएनएच जबलपुर के ब्यूरो हेड संजय साहू एवं हरिभूमि के शुभम शुक्ला उप मुख्यमंत्री की अगवानी करते हुए।



जनप्रतिनिधि सत्र में उपस्थित डॉ. बीके पांसे, डॉ. अनुपम शाहनी, हरिभूमि के यूनिट हेड अनुरोध पटेरिया



पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता विनय सक्सेना का सम्मान करते हुए प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी, विधायक अशोक रोहाणी एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल।



मप्र पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष आशीष गोंटिया, सुहाने न्यूज एजेंसी के संचालक राकेश सुहाने एवं पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ.सुधीर तिवारी।



गोल्डन हॉर्ट हास्पिटल के डॉ.पुष्पराज पटेल द्वारा भेड़ाघाट की संगमरमर से निर्मित कृति उप मुख्यमंत्री को भेंट की गई।



डॉ.सुशील कैली, डॉ.आदर्श विश्नोई, डॉ.अनूप जैन, डॉ. विनीत कुमार वाजपेयी तृतीय सत्र के दौरान मोबाइल पर कार्यक्रम का लाइव कवरेज देखते हुए ।



डॉ.अतुल सुले को सम्मानित करते हुए सांसद आशीष दुबे, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल।



डॉ. राजीव मालवीय का सम्मान करते हुए अतिथिगण।



कॉनक्लेव में उपस्थित सम्माननीय अतिथिगण।

छायाकार : राशिद खान/जीतू वैष्णव

**एक या दो तारीख से चुनाव प्रक्रिया संभावित**

# जुलाई के पहले सप्ताह में मिल सकता है भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष

## जल्दी ही चुनाव अधिकारी मप्र पहुंचकर अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की सरगर्मी अब और तेज हो गई है। जल्दी ही चुनाव अधिकारी मप्र पहुंचकर अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराएंगे। संभावना जताई जा रही है कि अगले महीने के पहले सप्ताह में मप्र को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए एक जुलाई को नामांकन पत्र दाखिल होंगे। जबकि दो को कार्यसमिति की बैठक होगी। इसके बाद अध्यक्ष को चुन लिया जाएगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पिछले छह महीने से बना असमंजस अब दूर होने जा रहा है। एक या दो जुलाई को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के संभावित चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र प्रधान भोपाल आएंगे। प्रधान के भोपाल आने की तारीख अभी तय नहीं हैं। वह एक या दो जुलाई को भोपाल आएंगे।



### चुनाव का कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल घोषित होगा

प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम आधिकारिक तौर पर भाजपा के केन्द्रीय चुनाव अधिकारी करते हैं। चुनाव की तारीख एक दो दिनों में जारी हो जाएगा। चुनाव कार्यक्रम में उम्मीदवार के नामांकन दाखिल करने, स्क्रूटनी और नाम वापसी के साथ ही निर्वाचन की घोषणा का पूरा शेड्यूल घोषित होगा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव काफी देर से होने जा रहा है, किंतु अंदरखाने में प्रदेश अध्यक्ष को लेकर कई नेताओं की दावेदारी सामने आ रही है। दावेदारों की भी लंबी फेहरिस्त चल रही है, किंतु जिस तरह से भाजपा में परपंरा रही है, ऐसे में कोई भी नेता खुलकर सामने नहीं आ रहा है। चुनाव अधिकारी की घोषणा के साथ ही चुनाव में यह साफ हो सकेगा कि किस नेता को हाईकमान मौका देती है। सूत्रों ने बताया कि दावेदारों की संख्या ज्यादा होने की स्थिति में इस बार भी सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने के प्रयास होंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए दलित या आदिवासी पर हो सकता है विचार

देश व प्रदेश में जिस ढंग से माहौल चल रहा है, ऐसे में भाजपा दलित या आदिवासी अध्यक्ष पर भी दांव आजमा सकती है। हालांकि यह भी देखने की कोशिश की जाएगी कि 2028 का आम चुनाव कराने में कौन सक्षम होगा। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा प्रदेश में जातिगत समीकरण किस तरफ जा रहे है। जहां तक दावेदारों की बात है तो आदिवासी नेताओं में खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, मंडला सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक कुंवर सिंह टेकाम और राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी अध्यक्ष के दावेदारों में शुमार हैं। दलित चेहरे के लिए अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, देवास सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नाम पर भी विचार मंथन चल रहा है।

### किसी नए नाम पर बन सकती है सहमति

*सूत्रों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों की रेस में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल का नाम सबसे ऊपर है। हेमंत के पिता दिवंगत सांसद व प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय खंडेलवाल का नाम पुराने नेताओं में शुमार था, किंतु उन्हें कोई अहम पद नहीं मिला था बताते हैं कि हेमंत खंडेलवाल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ संघ की ओर से भी ग्रीन सिग्नल है। ऐसे में खंडेलवाल प्रदेश अध्यक्ष की रेस में सबसे आगे हैं। दूसरी तरफ वीडी शर्मा की जगह भाजपा ब्राह्मण पर फिर से दांव लगाती है, तो पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा प्रबल दावेदार हैं। नरोत्तम के अलावा वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव, अर्चना चिटनीस, विधायक और पूर्व प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा, सांसद आलोक शर्मा भी इस रेस में शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का नाम भी प्रदेश अध्यक्ष बनने की दौड़ में हैं।*

### इन समाज के नेताओं को भी नजरअंदाज करना मुश्किल

*विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। इनके बाद किसी भी राजपूत नेता को कमान नहीं मिली। ऐसे में चुनावों में भाजपा को अपेक्षित परिणाम मिले। ऐसे में ठाकुर नेताओं की दावेदारी भी मजबूत है। पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया, विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह इस रेस में शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप

### जयस पार्टी के प्रदेश सचिव सहित जनप्रतिनिधियों ने ली भाजपा की सदस्यता

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के समक्ष शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ विधानसभा के जयस पार्टी के प्रदेश सचिव राजेश कुमार सरठिया, जनपद सदस्य नेमा सिंह मार्को, पूर्व जनपद सदस्य धनीराम सिंह मरावी, ग्रामसभा अध्यक्ष जगदीश सिंह धुर्वे, सरपंच महेन्द्र सिंह परस्ते, पूर्व पंच, सरपंच सहित 31 से अधिक जयस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।

### पटवारी पर एफआईआर के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पीसीसी के सामने प्रदर्शन किया। वहीं सरकार के खिलाफ नारे लगाए। एनएसयूआई कार्यकर्ता कागज की तलवार लेकर प्रदर्शन करते रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़े तो पुलिस ने दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि जब-जब जीतू पटवारी शोषितों, दलितों, वंचितों के साथ खड़े होकर उनकी आवाज उठाते हैं, जब उनके साथ खड़े होते हैं, तब तब सरकार उनके विरोध में कार्रवाई करते हैं। इसी कारण कायरता पूर्ण रवैया दिखाते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है।

**दंदरौआ धाम में 44.50 करोड़ की लागत वाले विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन**

# भिंड के किसानों के लिए 2800 करोड़ रुपए से बनाई जाएगी रतनगढ़ माता बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

*परीक्षण कराकर धारौली एवं अमायन को बनाएंगे नगर परिषद*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सबके कल्याण के लिए हमारी सरकार लगतार काम कर रही है। हमारी सरकार मिशन मोड पर इनके कल्याण के लिए प्रयासरत है। किसानों के खेत-खलिहान और घर द्वार में समृद्धि आए इसके लिए सरकार सभी प्रयास कर रहे है। खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल, पीएम किसान सम्मान निधि, मौसम की मार और कीट प्रकोप से सुरक्षा कवच देते हुए फसल योजना जैसी सुविधाओं के साथ अब हमारी सरकार किसानों को सोलर पम्प देने जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ, यादव शनिवार को भिंड जिले की मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के दंदरौआ सरकार धाम परिसर में आयोजित किसान एवं रोजगार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इसी पावन धरती से प्रदेश के सभी किसानों के लिए प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत रिमोट का बटन दबाकर राज्य स्तरीय सोलर पॉवर पंप पोर्टल लांच किया। इन सोलर पम्पों के लिए किसान अपनी जरूरत के अनुसार सौर ऊर्जा से बिजली पैदा कर अपने खेतों में सिंचाई कर सकेंगे। सोलर पंप के जरिए हम किसानों को बिजली आपूर्ति और बिजली बिल की चिंता से मुक्ति दिला देंगे।

**खास बातें**

- दंदरौआ धाम में आयुर्वेदिक, आयुर्वेदिक नर्सिंग कॉलेज और पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट खुलेगा
- मेहगांव में युवाओं के लिए खेल स्टेडियम और छोटे बच्चों के लिए अमृत 2 योजना से बनाया जाएगा चिल्ड्रन पार्क



### नगर परिषद बनाने की घोषणा की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धारौली एवं अमायन ग्राम पंचायत को नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग से परीक्षण कराकर नगर परिषद बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहगांव में युवाओं के लिए खेल स्टेडियम और छोटे बच्चों के लिए अमृत-2 योजना से एक सुंदर चिल्ड्रन पार्क बनाया जाएगा। दंदरौआ सरकार धाम में दूर दराज से आने वाले श्रद्धाजुओं एवं भक्तों के लिए इस धाम तक सुगम आवागमन के लिए मौ से गोहद तक वर्तमान एकल मार्ग का चौड़ीकरण कराकर इसे टू लेन रोड बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने दंदरौआ सरकार धाम से ही भिंड जिले के लिए 44.50 करोड़ से अधिक की लागत वाले करीब 50 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।

### पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि राज्य सरकार ने ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने के लिए पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना की सौगात दी है। प्रदेश का सिंचाई रकबा अभी 55 लाख हेक्टेयर है, इसे आगामी वर्षों में 100 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाएंगे। प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए सोलर पंप योजना का शुभारंभ हुआ है। इस योजना के तहत किसानों को मात्र 90 प्रतिशत अनुदान 5 हार्स पॉवर से लेकर 10 हार्स पॉवर तक के सोलर पंप दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को 5 हार्सपॉवर का सोलर पावर पंप मात्र 30 हजार रुपए में, 7.5 हार्स पॉवर का पंप 41 हजार रुपए में और 10 हार्स पॉवर को सोलर पावर पंप 58 हजार रुपए में मुहैया कराएगी।

**परियोजना की लागत करीब 2800 करोड़ रुपए होगी**

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान सम्मेलन में भिंड जिले को कई सौगातें दीं। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि भिंड जिले की पावन धरती दंदरौआ धाम में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेदिक नर्सिंग कॉलेज और पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट खोला जाएगा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर भिंड जिले के किसानों के हित में रतनगढ़ माता बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना प्रारंभ करने को मंजूरी दी। परियोजना की लागत करीब 2800 करोड़ रुपए होगी। इस परियोजना से मेहगांव और गोहद विधानसभा क्षेत्र के किसानों को विशेष लाभ मिलेगा।

**गरज चमक और वज्रपात की गतिविधियों में बढ़ोतरी भी संभव**

# आज से प्रदेश भर में तीव्र बारिश की संभावना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय हो गया है। गरज चमक और बारिश के साथ वज्रपात की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। रविवार को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में हल्की मध्यम बारिश हुई।

वहीं कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश हुई। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि 30 जून से प्रदेश में बारिश की तीव्रता में बढ़ोतरी होने की संभावना है। पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश होने की संभावना है। वहीं राजधानी रायपुर में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। बारिश की स्थिति बनी हुई है। वहीं रात में कई इलाकों में बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की उत्तर पश्चिमी खड़ी, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के समवर्ती तटीय क्षेत्रों पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो की चक्रवर्ती परिसंचरण के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है। ओडिशा और समवर्ती पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदान झारखंड और छत्तीसगढ़ के पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश में अधिकांश जगहों पर हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं एक दो जगह पर मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ भारी बारिश हो सकती है। राजधानी रायपुर में रविवार को सुबह से ही बादल छाए हुए थे। पिछले 48 घंटे के दौरान छत्तीसगढ़ के सभी संभागों में भारी बारिश हुई है। सभी इलाकों में तीव्र बारिश दर्ज की गई है।

### पीएम आवास के हितग्राहियों से पैसे मांगने पर बर्खास्त

**बलौदाबाजार।** जिला प्रशासन की ओर से कदाचरण और कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कठोर करवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से जिओ टैगिंग और मस्टर रोल प्रस्तुत करने के एवज में राशि लेने की शिकायत जांच में पुष्टि होने पर रोजगार सहायक को बर्खास्त कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलारी (क) में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा के विरुद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से जिओ टैगिंग व मस्टर रोल प्रस्तुत करने के एवज में राशि लेने एवं अभद्र व्यवहार करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल द्वारा शिकायत जांच कराई गई। जांच में रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा के विरुद्ध शिकायत सही पाए जाने तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के अनुमोदन उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल द्वारा ग्राम पंचायत बिलारी (क ) के रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा को संविदा पद से पृथक कर दिया गया है।




हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों का ध्यान रखें। कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। अध्ययन में रुचि रहेगी।

**वृष** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। मानसिक शान्ति के लिए प्रयासरत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**मिथुन** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में आपसी मनमुटाव से बचें।

**कर्क** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में उतार-चढ़ाव

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। शासन-सत्ता का सहयोग। कारोबार को गति मिलेगी। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या** — आय में वृद्धि होगी। भागदौड़ बढ़ेगी। परिश्रम भी अधिक रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। मन परेशान रहेगा।

**वृश्चिक** — शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। जिम्मेदारियों का विस्तार होगा।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**मकर** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है।

**कुंभ** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। मन परेशान हो सकता है। माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मान-सम्मान मिल सकता है। पारिवारिक समस्याओं पर ध्यान दें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं।

**प्रदेश के किसानों को एक्सपोर्ट के लिए किया जा रहा है तैयार**

# पेरिस और लंदन में महकेगा गुना का गुलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल


गुलाबों की नगरी के रूप में नई पहचान बनाते जा रहे गुना के किसानों की मेहनत को मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से नई उड़ान मिलने जा रही है। गुना के 20-25 किसान उद्यानिकी विभाग और एनबीसी के सहयोग से गुलाब की खेती कर गुलाबी नगरी जयपुर और देश की राजधानी दिल्ली में अपनी पहचान बना रहे हैं। गुना के गुलाब को लंदन और पेरिस तक पहुंचाने के प्रयास प्रारंभ हो गए हैं। जल्दी ही इसकी महक लंदन और पेरिस के बाजार में बिखरेगी।



### किसानों की आय को दोगुना करने का रखा लक्ष्य

राज्य शासन उद्यानिकी (फ्लोरी-कल्चर) के माध्यम से किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में गुना के गुलाब को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए मप्र औद्योगिक विकास निगम एमपीआईडीसी भी आगे आ गया है। आगामी 16 जुलाई एमपीआईडीसी एक्सपर्टस की टीम गुना का भ्रमण करेगी। टीम में शामिल विशेषज्ञ किसानों को एक्सपोर्ट की संभावनाओं के साथ एक्सपोर्ट करने में आने वाली फॉर्मेलिटी के लिए तैयार करेंगे। एमपीआईडीसी किसानों का एक्सपोर्टर के साथ समन्वय स्थापित करने में भी सहयोग करेगा।

## शब्द पहेली - 5913



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -5912 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5923

✱✱✱✱✩ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 5922 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



# शादी में जरूर आना में साथ काम करेंगे नितांशी-अभय

**मुंबई।** बॉलीवुड में एक और मच अवेटेड सीक्वल को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ गया है। साल 2017 की सुपरहिट फिल्म शादी में जरूर आना अब एक नए अध्याय के साथ वापसी करने जा रही है और इस बार लीड रोल में हैं दो यंग और टैलेंटेड चेहरे- अभय वर्मा और नितांशी गोयल। जहां पहली फिल्म में राजकुमार राव और कृति खरबंदा की जोड़ी ने दर्शकों का दिल जीता था, वहीं इस बार कहानी को एक नई सोच, नया जमाना और नई जोड़ी देने की कोशिश की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 'मुंज्या' फेम अभय वर्मा और लापता लेडीज की नितांशी गोयल को लेकर निर्देशक रत्ना सिन्हा ने ये भरोसा जताया है कि यह फ्रेश जोड़ी पुराने दर्शकों को भी जोड़े रखेगी।

लाइफ Style

# सारा

## प्रमोशन के लिए अपना रहीं अलग-अलग हथकंडे

सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' के प्रमोशन में जुटी हैं। इसके लिए वह अलग-अलग तरीके अपना रही हैं। इसके लिए वह अलग-अलग तरीके अपना रही हैं। हाल ही में वह अपनी फिल्म का प्रमोशन करने के लिए एक रेस्तरां में पहुंची।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब उन्होंने एक कार पर बैठ कर बेहतरीन पोज दिया है। उनकी पोस्ट पर फैंस रिएक्शन दे रहे हैं। सारा अली खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में सारा अली खान आदित्य रॉय कपूर के साथ पोज दे रही हैं। दोनों एक पीली कार पर बैठे हैं। सारा अली खान ने अपना सिर आदित्य के कंधे पर रखा है। सारा ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है 'पर्थ और चमकी अपनी मेट्रो के आने का इंतजार कर रहे हैं। 'मेट्रो इन दिनों' 4 जुलाई को आएगी।' सारा अली खान की इस पोस्ट को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और कई यूजर्स इस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा है 'आप दोनों को शुभकामनाएं। उम्मीद है कि आपकी फिल्म बहुत अच्छी होगी।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'आपकी केमिस्ट्री खूबसूरती से परे है।' एक और यूजर ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा है 'इस फिल्म का इंतजार नहीं कर सकते।' इससे पहले सारा अली खाना और आदित्य रॉय कपूर एक रेस्तरां पहुंचे थे। यहां दोनों ने एक दूसरे को खाना खिलाया था और प्यार भरे लम्हे शेयर किए थे। सारा अली खान ने पोस्ट में लिखा था 'यह बेंगलुरू है।



हॉलीवुड मसाला




# हेट्स ऑफ स्टेट की स्क्रीनिंग घर पर

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' की रिलीज को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। प्रियंका की हॉलीवुड फिल्म एक्शन-कॉमेडी ड्रामा है। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के अलावा जॉन सीना और इदरीस एल्बा हैं। यह फिल्म भारत में 2 जुलाई को अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। इस फिल्म को अभी लोगों ने नहीं देखा है लेकिन प्रियंका चोपड़ा के परिवार ने अपने घर पर इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी है। इस पर प्रियंका चोपड़ा काफी खुश हुई हैं।



# एफ-1 को ब्रैड पिट की पॉपुलैरिटी का मिला फायदा

**मुंबई।** 27 जून को हॉलीवुड के फेमस एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' भी भारत में रिलीज हुई। अब तक प्राप्त शुरुआती आंकड़ों के अनुसार ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' ने दूसरे दिन 7.36 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। पहले दिन इस फिल्म ने अपना खाता 5.5 करोड़ रुपए से खोला था। इस तरह देखा जाए तो वीकएंड पर यानी शनिवार को इस फिल्म की कमाई में अच्छा-खास उछाल है। हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' कमाई के मामले में काजोल की बॉलीवुड फिल्म 'मां' को पछाड़ रही है। दूसरे दिन भी इसने काजोल की फिल्म से ज्यादा कमाई कर ली है। इससे अंदाजा हो जाता है कि भारत में इस फिल्म को ब्रैड पिट की पॉपुलैरिटी का फायदा मिल रहा है। भारतीय दर्शक बतौर एक्टर ब्रैड पिट को पसंद करते हैं, उनकी एक्टिंग के कायल हैं। फिल्म 'एफ1' की एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है।



# एक्टिंग के मामले में पति को देती हैं सलाह

**मुंबई।** विक्की कौशल ने हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री में बतौर एक्टर 10 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ से शादी की है। ऐसे में उन्होंने अपनी एक्टिंग और कैटरीना कैफ के बारे में कई बातें शेयर की हैं। विक्की कौशल ने बताया कि उनकी पत्नी कैटरीना उनके काम पर प्रतिक्रिया देती हैं। हालांकि, वह अपने काम के बारे में उनकी प्रतिक्रिया नहीं सुनती हैं। उन्होंने कहा 'वह बहुत ईमानदार हैं। वह बताती हैं कि मेरा काम कैसा है। हालांकि, मेरे काम को लेकर वह थोड़ा सावधान होती हैं, क्योंकि चाहे जो भी हो इस काम में बहुत मेहनत लगी होती है। हालांकि, अक्सर वह मेरे काम को लेकर बहुत मुखर होती हैं। जब वह मेरे काम पर प्रतिक्रिया देती हैं तो वह मुझे अच्छा लगता है। वह बताती हैं कि मेरे काम में कहां कमी रह गई और क्या बेहतर हो सकता था।'



# अफवाहों का नहीं पड़ता कोई प्रभाव...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कालीधर लापता'को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। अभिनेता फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। इस बीच अभिषेक ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बात की। उन्होंने कहा- मेरी सभी फिल्में बहुत निजी हैं। मैं यह सुनिश्चित करता हूं। संभवतः एक या दो ऐसी फिल्में होंगी जो उतनी निजी नहीं होंगी। लेकिन, मेरा नियम है कि यह निजी होनी चाहिए। अगर यह निजी नहीं है, तो मैं शायद इसे नहीं करूंगा।' इस दौरान अभिषेक ने उनको लेकर होने वाली तमाम तरह की चर्चाओं और अफवाहों को लेकर भी बात की। उन्होंने बताया कि क्या उन पर इस तरह की अफवाहों का कोई प्रभाव पड़ता है। एक्टर ने कहा कि जो व्यक्ति गलत सूचना या झूठ फैला रहा है, उसे स्पष्टता या सुधार में कोई दिलचस्पी नहीं है।

टीवी मसाला

# पति को लेकर भोले बाबा के मंदिर पहुंचीं देवोलीना

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने साल 2022 में दूसरे धर्म में शादी की। उनके पति शहनवाज शेख हैं और मुस्लिम है। अब दोनों का एक बेटा भी है। दोनों के बीच कभी धर्म की दीवार नहीं आई। अब दोनों भगवान शिव के



मंदिर पहुंचे हैं। जहां उन्होंने पूजा अर्चना की और बेटे को आशीर्वाद दिलवाया। देवोलीना को छोटे पर्दे की गोपी बहू के नाम से जाना जाता है। उन्होंने सुपरहिट सीरियल साथिया में काम किया था और फिर वह बिग बॉस में भी पहुंचीं। बेटे के जन्म के बाद वह छठी मैया की बिटिया और दिल दी गलां जैसे सीरियल में नजर आई थीं। अब इस बीच देवोलिना भट्टाचार्य पति और बेटे के साथ गुवाहाटी के भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग पहुंची हैं, जहां उन्होंने परिवार के साथ मिलकर बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए। देवो ने इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। देवोलीना दिसंबर 2022 में जिम ट्रेनर शाहनवाज के साथ शादी के बंधन में बंधी थीं। वर्कफ्रंट की बात करें, तो देवोलिना ने 2011 में शो सांवरे सबके सपने प्रीतो से अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद वह साथ निभाना साथिया, लाल इश्क, साथ निभाना साथिया 2 और दिल दियां गल्लां जैसे शो में काम कर चुकी हैं। अभिनेत्री 'बिग बॉस 13', 'बिग बॉस 14', 'बिग बॉस 15', और 'डांस इंडिया डांस 2' में भी हिस्सा ले चुकी हैं।

## जिंदगी की जर्नी को करना चाहिए एंज्वॉय

**नई दिल्ली।** ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल में कभी नजर आई एक्ट्रेस लता सभरवाल ने शादी के 16 साल बाद अपने पति संजीव सेठ से अलगाव की घोषणा की है। अलगाव के बाद लता अपने काम में पूरी तरह से व्यस्त हैं। वह बतौर पर्सनालिटी ग्रूमिंग मेंटर की तरह काम करती हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट में लता ने जिंदगी को लेकर गहरी बातें साझा की हैं। लता ने कहा, 'हमारे जीवन में एक लक्ष्य खत्म हो जाता है, दूसरा लक्ष्य सामने खड़ा हो जाता है। जिंदगी तो बस अनुभव का दूसरा नाम है। हम सबकी जिंदगी रोलर कोस्टर राइड की तरह है। अगर कोई कहता है कि उसकी जिंदगी में सब सही है, तो ऐसा नहीं है। हां, बस अपनी जिंदगी की इस जर्नी को एंज्वॉय करना चाहिए। बताते चलें कि लता और संजीव सेठ ने टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में पति और पत्नी का रोल किया था। इसी सीरियल के सेट पर इन्हें प्यार हुआ, आगे चलकर ये शादी के बंधन में बंधे। इनका एक बेटा भी है। हाल ही में दोनों ने अलगाव की राह को चुना है। शादी के 16 साल बाद लता और संजीव अलग हो गए हैं।



# इन फिल्मों में दिखाई गई आदिवासियों की संघर्ष और संस्कृति की कहानी

*नई दिल्ली। 27 जून को सिनेमाघरों में फिल्म 'कन्नप्पा' रिलीज हुई है। फिल्म में विष्णू मांचू ने एक आदिवासी व्यक्ति का रोल निभाया है। फिल्म में दिखाया गया है कि आदिवासी शख्स पहले नास्तिक होता है, इसके बाद वह भगवान शिव का भक्त बन जाता है। यह किरदार विष्णु मांचू ने निभाया है। ऐसे में हम आपको उन फिल्मों के बारे में बता रहे हैं जिनमें आदिवासियों की कहानी दिखाई गई है।*

***जंगल क्राई*** : साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'जंगल क्राई' में रग्बी खेल की कहानी दिखाई गई है। फिल्म में दिखाया गया है कि ओडिशा के वंचित आदिवासी बच्चे किस तरह से ब्रिटेन में अंडर-14 रग्बी विश्व कप जीतते हैं। यह फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित है। फिल्म में एमिली शाह और अभय देओल ने अहम किरदार निभाया है।

***जय भीम*** : साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'जय भीम' में एक आदिवासी परिवार की कहानी दिखाई गई है। इसमें दिखाया गया है कि एक आदिवासी शख्स को झूठे इल्जाम में फंसाकर उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया जाता है, जहां उसकी मौत हो जाती है। इसके बाद उसकी पत्नी को एक वकील इंसाफ दिलाता है।



***शेरनी*** : साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'शेरनी' में आदिवासियों की कहानी दिखाई गई है। इस फिल्म में इंसान और जानवरों के संघर्ष और संरक्षण की कहानी दिखाई गई है। जानवरों के संरक्षण में अक्सर आदिवासी समुदाय शामिल होते हैं। फिल्म में विद्या बालन ने अहम किरदार निभाया है।

***आर्टिकल 15*** : फिल्म 'आर्टिकल 15' में भारत में चल रही जाति-आधारित भेदभाव और हिंसा को दिखाया गया है। फिल्म में आदिवासियों सहित हाशिए पर पड़े समुदायों की खस्ता हालत दिखाने की कोशिश की गई है। साल 2019 में रिलीज हुई इस फिल्म में आयुष्मान खुराना ने अहम किरदार निभाया है। फिल्म का निर्देशन अभिनव सिन्हा ने किया था।

***आक्रोश*** : साल 1980 में रिलीज हुई फिल्म 'आक्रोश' में दिखाया गया है कि कैसे सत्ता में बैठे लोग आदिवासी लोगों का शोषण और उत्पीड़न करते हैं। इसमें आदिवासियों का संघर्ष दिखाया गया है। फिल्म में अमरीश पुरी, ओम पुरी और नसीरुद्दीन शाह ने अहम रोल निभाया है।

# आज भी नए कलाकार की तरह काम करते हैं बिग बी : केके मेनन

**मुंबई।** अभिनेता केके मेनन इन दिनों अपने आगामी वेब शो 'स्पेशल ऑप्स 2' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। अभिनेता शो के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान केके मेनन ने बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को लेकर बात की और उन्हें भगवान का बच्चा बताया। उन्होंने बिग बी के साथ काम करने के अपने अनुभव को भी साझा किया। अभिनेता ने कहा, 'अमिताभ बच्चन भगवान के बच्चे हैं। उनकी पीढ़ी वाले कौन हैं अभी जो एक्टिव हों, लेकिन वो आज भी उतने ही सक्रिय हैं। वह आज भी प्रासंगिक हैं। वह हर सुबह उठते हैं और एक्सरसाइज करना शुरू कर देते हैं। हम इसे चमत्कार और जादू कहते हैं। मैंने सीखा है कि अगर कोई व्यक्ति जो इतना अनुभवी है, एक नए व्यक्ति की तरह काम कर रहा है, तो हम कौन हैं?' बिग बी के साथ स्क्रीन शेयर करने के अपने अनुभव को बताते हुए केके मेनन ने कहा कि उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। केके ने कहा कि बिग बी अपने को-एक्टर को काफी महत्व देते हैं। उन्होंने फिल्म 'सरकार'के समय को याद करते हुए एक सीन के दौरान अमित जी ने रामगोपाल वर्मा से मेरा क्लोजअप शॉट लेने को कहा, क्योंकि वो चाहते थे कि मेरे हाव-भाव कैमरे में कैद हों। उन्होंने कहा कि बिग बी एक प्रतिभाशाली और अनुशासित अभिनेता हैं। अनुशासन के बिना प्रतिभा लंबे समय तक नहीं टिकती। अमिताभ बच्चन अनुशासन के साथ प्रतिभा का एक बेहतरीन उदाहरण हैं।



## अभिनेत्री और मॉडल शेफाली की अचानक हुई मौत ने हर किसी को कर दिया हैरान

# आज भी रहस्य बनी हुई है इन सेलेब्स की मौत की वजह

*नई दिल्ली। अभिनेत्री और मॉडल शेफाली जरीवाला की अचानक हुई मौत ने हर किसी को हैरान कर दिया। शेफाली सिर्फ 42 साल की उम्र में ही दुनिया छोड़कर चली गईं। शेफाली की मौत की वजह अभी तक पता नहीं चल सकी है। शुरू में जरूर ये कहा गया कि उनकी मौत कार्डिएक अरेस्ट की वजह से हुई है। लेकिन, बाद में पुलिस ने बताया कि उनकी मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। असल वजह पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगी। उम्मीद है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद शेफाली की मौत की असल वजह का पता चल जाएगा। लेकिन, बॉलीवुड में कई ऐसे सेलेब्स भी हैं जिनकी मौत आज भी एक रहस्य बनी हुई है। उनकी मौत की वजह का आज तक पता नहीं चल पाया है।*



**दिव्या भारती :** दिव्या भारती ने सिर्फ 2 से 3 साल के कॅरियर में ही वो नाम कमाया जो शायद कई स्टार्स कई साल काम करने के बाद भी नहीं कमा पाते हैं। दिव्या भारती की फैन फॉलोइंग आज भी भारी संख्या में है और आज भी उनकी खूबसूरती की मिसाल दी जाती है। लेकिन, कॅरियर के पीक टाइम पर दिव्या भारती की मौत आज भी एक अनसुलझी कहानी बनी हुई है। 5 अप्रैल 1993 को दिव्या भारती के निधन की अचानक खबर आती है। पता चलता है कि वो अपने घर की बालकनी से गिर गईं, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। ऐसा कहा जाता है कि वो नशे की हालत में बालकनी से गिर गईं और उनकी मौत को एक एक्सीडेंटल डेथ बताया जाता है। हालांकि, इस पर संदेह आज भी है, लेकिन उनकी मौत आज भी एक रहस्य ही बनी हुई है।



**श्रीदेवी :** बॉलीवुड की हवा हवाई यानी कि श्रीदेवी की मौत भी आज तक एक पहेली बनी हुई है। श्रीदेवी की मौत भारत में न होकर दुबई में हुई थी। वो 24 फरवरी 2018 को दुबई के एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों मृत पाई गई थीं। बाद में दुबई के अधिकारियों ने उनकी मौत की वजह बाथटब में डूबने को बताया था। हालांकि, इसको लेकर तमाम तरह के सवाल भी उठे। कई लोगों ने शक की सुई को उनके पति और निर्माता बोनी कपूर की ओर भी घुमाया। तो वहीं कई बार उनके नशे की हालत में होने की बात भी कही गई। लेकिन, आज भी उनकी मौत एक रहस्य बनी हुई है।



**परवीन बॉबी :** अपने समय की टॉप एक्ट्रेस रहीं परवीन बॉबी ने अपने कॅरियर में अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना और शशि कपूर जैसे अभिनेताओं के साथ काम किया और खूब नाम कमाया। उनकी गिनती उस वक्त इंडस्ट्री की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस में होती थी। लेकिन उनकी मौत ऐसी हुई जो आज भी एक रहस्य बनी हुई है। हैरान करने वाली बात ये है कि इतनी मशहूर एक्ट्रेस होने के बावजूद परवीन बॉबी की मौत का पता तीन दिनों बाद चला था। जब उनके घर से पड़ोसियों को बदबू आनी शुरू हो गई थी। इसके बाद उनका शव सड़ी हालत में मिला था। उनकी मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया था कि एक्ट्रेस की मौत की वजह मल्टिपल ऑर्गन फेलियर रही। रिपोर्ट में उनकी बॉडी के अंदर कोई फूड भी नहीं मिला था। जिससे पता चलता है कि उन्होंने खाना छोड़ दिया था।



**गुरु दत्त :** भारतीय सिनेमा के दिग्गज निर्माता-निर्देशक और एक्टर गुरु दत्त की मौत आज तक एक पहेली बनी हुई है। हालांकि, उनकी मौत की वजह अत्यधिक शराब का सेवन और नींद की ज्यादा गोलियां लेना बताया गया। लेकिन, गुरु दत्त की मौत आज भी एक सवाल बनी हुई है। कुछ उनकी मौत को आत्महत्या मानते हैं, तो कुछ लोग आज भी उसकी असल वजह जानने का प्रयास करते हैं। हालांकि, गुरु दत्त के भाई हमेशा उनके आत्महत्या करने की बातों को खारिज करते रहे। गुरु दत्त की पर्सनल लाइफ हमेशा चर्चाओं में रही और वो अपने व्यक्तिगत जीवन में दुखी ही रहे। हालांकि, जिस रात उनकी मौत हुई उस रात उन्हें अपने बच्चों से भी मिलना था। ऐसी कई बातें हैं जो गुरु दत्त की मौत को शक के दायरे में खड़ा करती हैं।



**सुशांत सिंह राजपूत :** बॉलीवुड के उभरते सितारे माने जाने वाले अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन को अब पांच साल बीत चुके हैं। सुशांत की डेड बॉडी उनके घर में पंखे से लटकती मिली थी। सीबीआई जांच के बाद उनकी मौत को आत्महत्या ही करार दिया गया है। लेकिन, कहीं न कहीं आज भी उनकी मौत के पीछे की वजह सवालों के घेरे में है। क्योंकि, जो लोग सुशांत को करीब से जानते हैं उनका ये मानना है कि सुशांत कभी भी आत्महत्या नहीं कर सकते। हालांकि, उनकी मौत के बाद शक की घड़ी उनकी गर्लफ्रेंड और अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती समेत कई लोगों पर गई। लेकिन, अंत में सीबीआई और पुलिस ने सुशांत की मौत को आत्महत्या ही बताया।


## खबर संक्षेप



### भाटिया ने लगातार चार बर्डी लगाए, संयुक्त 55वें स्थान पर

**डेट्रॉयट।** अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर के रॉकेट क्लासिक गोल्फ के तीसरे दौर के आखिरी चार होल में लगातार चार बर्डी लगाकर दो अंडर 70 का कार्ड खेला। भारतीय मूल का यह अमेरिकी खिलाड़ी 68, 70, 70 के कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 55 वें स्थान पर है। भाटिया ने सातवें और 11वें होल में बोगी करने के बाद पिछड़ रहे थे लेकिन वह 15वें से 18वें होल तक लगातार चार बर्डी लगाकर कुछ हद तक वापसी करने में सफल रहे।

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स में संयुक्त आठवें पायदान पर



**हैम्बर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बावजूद तालिका में संयुक्त रूप से आठवें पायदान पर बनी हुई है। शुरुआती दो दौर में 69 और 73 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा तीसरे दौर में तीन बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठी। कट में प्रवेश पाने वाली अन्य भारतीयों में वाणी कपूर (76) संयुक्त 21वें और अवनि प्रशांत (74) संयुक्त 36वें स्थान पर हैं।

### सुरुचि, नीरज और सम्राट राणा ट्रायल्स में चमके



**देहरादून।** सुरुचि इंदर सिंह ने रविवार को यहां ग्रुप ए निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल में महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़कर जीत हासिल की जबकि नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन पुरुष स्पर्धा में चमकदार प्रदर्शन किया। सितारों से सजे फाइनल में सुरुचि ने 245.6 का स्कोर बनाया जो मनु भाकर से 1.1 अंक बेहतर था। भाकर ने 244.5 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अनुभवी राही सरनोबत 223.1 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

### टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाना बहुत खास हैः स्मृति



**नॉटिंघम।** भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाने के बाद कहा कि इस प्रारूप में शतक लगाना उनके लिए विशेष मायने रखता है क्योंकि वह नैसर्गिक तौर पर पावर हिटर नहीं हैं। मंधाना ने अपने 149वें मैच में अपना पहला टी20 शतक लगाया। उन्होंने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए, जिससे भारतीय टीम 210 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई। मंधाना ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''यह अच्छा अहसास है, क्योंकि यह प्रारूप ऐसा है जिसमें एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे लगातार प्रयास और सुधार करते रहना होगा। यह मेरे लिए बहुत नैसर्गिक प्रारूप नहीं है।''उन्होंने कहा, ''मैं पावर हिटर नहीं हूं और मुझे अपनी टाइमिंग पर भरोसा रखकर शॉट मारना पसंद है लेकिन मैं अपनी पावर हिटिंग पर भी काम करने की कोशिश कर रही हूं।''

# वनडे में दबदबा बना सकता है भारत हालांकि टेस्ट में बुमराह पर निर्भर


### इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज एलन लैम्ब का मानना

एजेंसी ▸▸| बर्मिंघम

दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इंग्लैंड के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज एलन लैम्ब का मानना है कि भारत को टेस्ट मैच जीतने के लिए अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा लेकिन उनकी प्रतिभा को देखते हुए वे 50 ओवर के मैचों में किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं। इंग्लैंड की तरफ से 79 टेस्ट मैच के अलावा तीन बार वनडे विश्व कप में खेलने वाले 71 वर्षीय लैम्ब भारतीय क्रिकेट के विकास विशेषकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने जिस तरह से दुनिया भर के खिलाड़ियों का जीवन बदला उससे काफी खुश हैं लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) जिस तरह से टेस्ट क्रिकेट को संचालित कर रही है उससे वह खुश नहीं दिखे। लैम्ब ने बात करते हुए काउंटी क्रिकेट में कपिल देव के साथ खेलने के दिनों के बारे में भी बात की और बताया कि वह सचिन तेंदुलकर को सुनील गावस्कर और विराट कोहली से बेहतर क्यों मानते हैं। लैम्ब से इंटरव्यू के अंशः

#### भारत हमेशा शीर्ष पर रहेगा

- **प्रश्नः** आपने 1984-85 की श्रृंखला में पहली बार भारत का दौरा किया था और इससे पहले 1982 में भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। आप भारतीय क्रिकेट के उदय को किस तरह से देखते हैं?



- **उत्तरः** मेरा शुरू से मानना था कि भारतीय क्रिकेट आगे बढ़ेगा। यह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। क्रिकेट भारत का नंबर एक खेल है और वह हमेशा शीर्ष पर रहेगा। आईपीएल ने भारत और दुनिया में क्रिकेट को बदल दिया है। 15 और 16 साल के इन युवाओं (वैभव सूर्यवंशी जैसे) को आगे बढ़ते हुए और अपनी विशिष्ट छाप छोड़ते हुए देखना अविश्वसनीय है। एक दिवसीय क्रिकेट में भारत को हर प्रतियोगिता जीतनी चाहिए। टेस्ट मैचों में आप बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर रहने वाले हैं और आपको विराट कोहली की बहुत कमी खलेगी।

#### आईपीएल ने सभी क्रिकेटरों की जिंदगी बदली

- प्रश्नः क्या आप आईपीएल में खेलना पसंद करते और इसने एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के जीवन को किस तरह बदल दिया है?
- उत्तरः आईपीएल ने वर्तमान समय के सभी क्रिकेटरों की ज़िंदगी बदल दी है। उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने की ज़रूरत नहीं है। वे दुनिया भर में टी20 लीग के साथ अनुबंध कर सकते हैं और खूब पैसा कमा सकते हैं। मेरा मतलब है, जब हम खेलते थे तो हमें इतना पैसा नहीं मिलता था। लेकिन उनके लिए यह अच्छा है। वे लाखों डॉलर के हकदार हैं। और क्या मैंने आईपीएल का आनंद लिया होता। निश्चित तौर पर क्योंकि जब मैं खेलता था, तो मैं हमेशा आखिरी 20 ओवरों तक या अगर हम 50 ओवर का मैच खेलते थे तो आखिरी 10 ओवरों तक इंतजार करता था।

#### कपिल का तरीका बहुत पसंद था

- प्रश्नः आपने नॉर्थम्पटनशर में कपिल देव के साथ खेला है तथा सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेला है। आपका पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर कौन है?
- उत्तरः मुझे कपिल देव का खेलने का तरीका बहुत पसंद था। हम नॉर्थम्पटन में साथ-साथ खेले हैं। मुझे याद है कि वह मेरे पास आए और मैंने कहा, 'कपी, मैं बहुत खुश हूं कि तुम यहां आए हो। हमें अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं अपनी गेंदबाजी को नहीं अपनी बल्लेबाजी को बेहतर बनाने आया हूं। मैं यहां एक बल्लेबाज के तौर पर आया हूं, जिसका मैंने हमेशा आनंद लिया है।'

### बीसीसीआई ने सभी रिपोर्ट्स का किया खंडन

# एशिया कप में होगी भारत-पाक की भिड़ंत! सितंबर में तय होगी तारीख

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच संशय था कि एशिया कप 2025 का आयोजन होगा कि नहीं। पहले रिपोर्ट्स आईं थीं कि भारत ने एशिया कप में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है, हालांकि बीसीसीआई सचिव ने इन सभी रिपोर्ट्स का खंडन कर दिया था। अब एशिया कप 2025 की संभावित तारीख सामने आई है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार इस टूर्नामेंट का आयोजन सितंबर में हो सकता है। टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान समेत कुल 6 टीमें हिस्सा लेने वाली है। अब देखने वाली बात यह होगी कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलता है या नहीं।

- एशिया कप 2025 का होगा आयोजन
- टूर्नामेंट का आयोजन सितंबर में हो सकता है

**खास बातें**

- भारत पाक समेत छह टीमें हिस्सा लेने वाली
- भारत-पाक के खिलाफ मैच खेलेगा या नहीं देखना होगा




#### मुंबई हमले के बाद से द्विपक्षीय सीरीज बंद

2008 के मुंबई हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज बंद हैं। अब दोनों टीमें अब केवल आईसीस और एसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे का सामना करती हैं। ऐसे में जब भी भारत-पाकिस्तान मैच होता है तो दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें इस मुकाबले पर टिकी होती हैं। ऐसे में आयोजक और ब्रॉडकास्टर भारत-पाकिस्तान मैच से ज्यादा से ज्यादा कमाई करते हैं।

#### आगाज 10 सितंबर 2025 से हो सकता है

*क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार एशिया कप 2025 का आगाज 10 सितंबर से हो सकता है और जुलाई के पहले हफ्ते में शेड्यूल जारी होने की भी संभावना है। बता दें, एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत के पास है। अगर टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत होती है तो मैच न्यूट्रल वेन्यू पर होगा।*

#### भारत ने आठ बार जीता एशिया कप

*एशिया कप का आखिरी संस्करण 2023 में श्रीलंका और पाकिस्तान में आयोजित हुआ था। फाइनल में भारत और श्रीलंका की टीम पहुंची थी, जहां टीम इंडिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर 8वीं बार खिताब उठाया था।*

#### न्यूट्रल वेन्यू के लिए यूएई सबसे आगे

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) जुलाई के पहले सप्ताह में छह टीमों के टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी करने की योजना बना रही है। इस साल, टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो एशिया कप 2025 में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और यूएई की टीमें भाग लेंगी। न्यूट्रल वेन्य पर खेले जाने वाले मुकाबलों के लिए यूएई मेजबानी की रेस में सबसे आगे है।

#### मेजबानी भारत के पास

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने के बारे में कुछ चर्चाएं चल रही हैं। मेजबानी वैसे तो भारत के पास है, लेकिन एसीसी ने पहले तय किया था कि जब भी भारत और पाकिस्तान की बारी आएगी, तो उनके मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे।

#### हाइब्रिड मॉडल पर टूर्नामेंट कराने का हो सकता है फैसला

अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान के भारत आने की संभावना खत्म हो गई है। एसीसी जुलाई के पहले हफ्ते में टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर कराने का फैसला कर सकती है।

### ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद

# अल्काराज की लगातार तीसरे विम्बलडन खिताब पर निगाहें

एजेंसी ▸▸| लंदन



स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार को यहां सेंटर कोर्ट पर विम्बलडन के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे और उनकी निगाहें इस ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरा खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी।

- फैबियो के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे

ओपन युग में सिर्फ चार खिलाड़ी ही लगातार तीन बार विम्बलडन ट्रॉफी जीत सके हैं जो 1968 में शुरू हुआ था जिसमें ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच शामिल हैं। छह साल पहले 22 साल के अल्काराज ने यहां ग्रासकोर्ट पर पहला मैच खेला था। पिछले साल के पुरुष चैंपियन को ही सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलने का मौका मिलता है। ग्रैंडस्लैम फाइनल में अल्काराज का रिकॉर्ड 5-0 है जिसमें दो बार फ्रेंच ओपन खिताब शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में भी एक दफा वह ट्रॉफी जीत चुके हैं। अल्काराज ने तीन हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से दो सेट पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता था। पिछले साल दूसरी रैंकिंग पर काबिज अल्काराज किसी भी कोर्ट (ग्रास, क्ले और हार्ड कोर्ट) में मेजर ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे। लेकिन उन्हें ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद है। वह सोमवार को करियर में सर्वश्रेष्ठ लगातार 18 मैच जीतने की लय को जारी रखना चाहेंगे।

#### जोकोविच के लिए 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का अच्छा मौका

*नोवाक जोकोविच से भले ही अब किसी टूर्नामेंट के शुरू होने पर अक्सर उनके संन्यास को लेकर सवाल किया जाता है लेकिन इस स्टार टेनिस खिलाड़ी की निगाह सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन पर टिकी हैं जिसे वह अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका मानते हैं। जोकोविच अभी 38 साल के हैं और विंबलडन से पहले उनसे यही सवाल पूछा गया कि क्या वह आखिरी बार इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। इस 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन का जवाब भी रटा रटाया था। जोकोविच ने कहा, ''क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है।*

**खराब मौसम के कारण पड़े व्यवधान से मैच पूरा होने में लगे पांच घंटे**

# चेल्सी व पाल्मेरास क्लब विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▸▸| चार्लोट (अमेरिका)

क्रिस्टोफर एनकुंकू ने अतिरिक्त समय में रिबाउंड पर गोल किया जिससे चेल्सी ने बेनफिका को 4-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। खराब मौसम और बिजली कड़कने के कारण इस मैच में व्यवधान पड़ा और इसे पूरा होने में करीब पांच घंटे लगे।

चेल्सी क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में पाल्मेरास से भिड़ेगा। पाल्मेरास ने शनिवार को खेले गए अंतिम 16 के एक अन्य मैच में बोटाफोगो को 1-0 से हराया। दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। एनकुंकू ने 108वें मिनट में गोल करके चेल्सी को बढ़त दिलाई। इसके बाद पेड्रो नेटो और किरनान डेव्सबरी हॉल ने अतिरिक्त समय में गोल करके चेल्सी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इससे पहले रीस जेम्स ने 64वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके चेल्सी को 1-0 की बढ़त दिला दी। लेकिन खेल समाप्त होने में जब केवल चार मिनट का समय बचा था तब बिजली कड़कने के कारण मैच रोक दिया गया और इसके फिर से शुरू होने में दो घंटे की देरी हुई। इसके बाद जब खेल शुरू हुआ तो बेनफिका को इंजरी टाइम में पेनल्टी मिली क्योंकि गेंद मालो गुस्टो के हाथ से टकरा गई थी।



#### निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबर रही

*एंजेल डि मारिया ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। उधर फिलाडेल्फिया में पॉलिन्हो ने अतिरिक्त समय में दो डिफेंडरों के बीच से गोल करते हुए गोल दागा जिससे पाल्मेरास ने ब्राजील के लीग प्रतिद्वंद्वी बोटाफोगो को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। निर्धारित समय तक दोनों टीम गोल रहित बराबरी पर थी जिसके बाद पॉलिन्हो ने 100वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।*

### टीवी अंपायर की आलोचना पर डैरेन सैमी पर जुर्माना

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** वेस्टइंडीज के कोच डैरन सैमी पर बारबाडोस में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान टीवी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के कारण मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमी ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में तीसरे अंपायर के फैसलों की आलोचना की थी और निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के फैसलों में निरंतरता की मांग की थी। सैमी ने निराशा व्यक्त की थी कि होल्डस्टॉक का विकेट के पीछे कैच के लिए भेजे गए दो एक जैसे मामलों में फैसला अलग-अलग था। इसमें ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को नॉट आउट दिया गया था, जबकि वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज शाई हॉप को आउट करार दिया गया था। वेस्टइंडीज के कोच ने मेजबान टीम के कप्तान रोस्टन चेज और ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन से जुड़े एलबीडब्ल्यू रेफरल का भी जिक्र किया था।

**महिला टी20 मैच में भारत के खिलाफ तय समय में दो ओवर कम किए**

# धीमी ओवर गति के कारण इंग्लैड पर लगा जुर्माना

एजेंसी ▸▸| नॉटिंघम

इंग्लैंड पर भारत के खिलाफ पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया जिसमें मेहमान टीम ने 97 रन से जीत हासिल की थी। एमिरेट्स आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल ऑफ मैच रैफरी की हेलेन पैक ने निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंकने के बाद इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को एक बयान में कहा, ''खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता का अनुच्छेद 2.22 न्यूनतम ओवर गति उल्लघंन से संबंधित है जिसके अनुसार खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।''



#### दूसरा मैच मंगलवार को ब्रिस्टल में

बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित भारत ने कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना के 112 रन से पांच विकेट पर 210 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर सिमट गई थी जिससे भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरा मैच मंगलवार को ब्रिस्टल में खेला जाएगा।

### बुमराह पर बोझ कम करने स्पिनर यादव को खिलाना चाहिए

# भारत को अनुभवी गेंदबाजों की जरुरत : अजहरुद्दीन

एजेंसी ▸▸| हैदराबाद

पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कहा कि भारत को अपने गेंदबाजी आक्रमण में अधिक अनुभव जोड़ने और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बोझ कम करने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए।

लीड्स में पहले टेस्ट में भारतीय टीम पांच विकेट से हार गई जिसमें मेहमान टीम विकेटों के लिए बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर थी। अजहरुद्दीन ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''वे बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यह आसान नहीं है क्योंकि आपको अधिक अनुभवी गेंदबाजों की जरूरत है और उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए।

**बर्मिंघम की पिच सूखी रहेगी तो कुलदीप को मदद मिलेगी**



#### हम बल्लेबाजी के विफल होने के कारण हारे

अजहर ने कहा, ''हम बल्लेबाजी के विफल होने के कारण हारे, लेकिन अब उन्हें सही खिलाड़ियों को चुनना होगा और गेंदबाजी भी सही होनी चाहिए।'' अजहरुद्दीन (62 वर्ष) ने नए टेस्ट कप्तान गिल का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें अपनी क्षमता साबित करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''यह कप्तान के तौर पर उनका पहला मैच है। आप कप्तानी के बारे में बात नहीं कर सकते। कप्तानी के बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी।'' भारत को कप्तान के तौर पर 47 टेस्ट में से 14 जीत दिलाने वाले अजहरुद्दीन ने कहा, ''हमें उन्हें उचित मौका देना चाहिए और उन्होंने अभी अभी कमान संभाली है।

#### भारत का पहली पारी में अच्छा स्कोर रहा

अब भारतीय टीम दो जुलाई से बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में खेलेगी जिसमें पिच सूखी रहने की उम्मीद है जिससे कुलदीप को कुछ मदद मिल सकती है। भारत ने कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से पहली पारी में 471 रन का अच्छा स्कोर बनाया था।

#### मध्य व अंतिम क्रम के बल्लेबाज विफल रहे

केएल राहुल और पंत के शतकों की मदद से उन्होंने दूसरी पारी में 364 रन बनाए। लेकिन दोनों ही पारियों में मध्य और अंतिम क्रम के बल्लेबाजों के विफल होने के कारण मेहमान टीम मजबूत स्कोर या लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। अजहरुद्दीन ने टीम संयोजन को सही रखने की बात की ताकि टीम को लीड्स की हार से बाहर निकाला जा सके।

# तन्वी और आयुष अमेरिकी ओपन के फाइनल में

एजेंसी ▸▸| आयोवा (अमेरिका)

प्रतिभाशाली भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। यह उनकी यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत थी। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा।



पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

## बहू की शिकायत पर पति, पत्नी बेटा भेजे गये जेल

# अब मेबन फैमिली पर लगा धर्मांतरण का आरोप

*हिंदू धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी करने और स्कूल फीस मामले में सुर्खियों में आए जॉय स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन एक बार फिर सलाखों के पीछे पहुंच गये हैं। इस बार उनकी पत्नी और बेटा भी उनके साथ जेल भेजे गये हैं।*

हरिभूमि जबलपुर।

मेबन परिवार पर उनकी बहू ने जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया और महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई उसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर मेडीकल परीक्षण कराने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उनका जेल वारंट जारी हो गया।

महिला थाना प्रभारी भूमेश्वरी चौहान ने बताया कि 28 जून को अखिलेश मेबन की बहू आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी अकांक्षा अरोरा ने महिला थाने में एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की, जिसमें उसने आरोप लगाया कि 20 दिसम्बर 2017 को तनय आईजेफ मेबिन पिता अखिलेश मेबिन निवासी विजय नगर जबलपुर के साथ उसका विवाह हुआ था। विवाह के पूर्व तनय मेबिन, अखिलेश मेबिन (ससुर), नीनू मेबिन (सास) ने उस पर धर्म परिवर्तन के लिये दबाव बनाया इसी शर्त पर शादी के लिये राजी हुये। मेथोडिस्ट चर्च बडी ओमती में 10 दिसम्बर 2017 को जबरन धर्म परिवर्तन कराया और उसके बाद शादी रचाई गई।

शादी के बाद तनय मेबिन अखिलेश मेविन, नीनू मेविन ने मेरे साथ धर्म को लेकर अत्याधिक प्रताड़ना और मारपीट की और आर्मी के कैप्टन पद से उसकी नौकरी भी छुड़वा दी। वहीं 25 दिसम्बर 2020 को घर से निकाल दिया। उसके बाद से वह मजबूरी में अपने माता पिता के साथ रह रही है। अलग होने के बाद 13 अगस्त 2023 को तनय मेबिन ने फोन किया और मिलने बोला फिर दूसरे दिन 14 अगरुत कसे को तनय मुझ से मिला और बोला कि 10-20 लाख रुपये भीख में दे देंगे समझौता कर लो। धर्म परिवर्तन तो करा ही दिया है।

लिखित शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार प्रथम दृष्टया धर्मांतरण का मामला पाए जाने पर तीनों आरोपियों अखिलेश मेबन, नीनू मेबन और तनय मेबन के खिलाफ धारा 115(2),351 (2) BNS 3,5 म।प्र। धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने गोसलपुर हाईवे पर लगाया जाम

# छेड़छाड़ से तंग लड़की ने लगाई फांसी

हरिभूमि जबलपुर।



छेड़छाड़ व प्रताड़ना से त्रस्त एक 18 साल की लड़की ने गोसलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुड़हाई स्थित अपने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सुसाईड नोट में उसने एक लड़क पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। बताया गया है की आरोपी पूर्व में छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है। इस घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे पर चकाजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

गोसलपुर थाना प्रभारी राजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि गुड़हाई निवासी 18 वर्षीय कुमारी सिद्धी ने अपने घर में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस को प्राथमिक जांच में सिद्धी के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने क्षेत्र के रहने वाले ऋषभ परिहार पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने सुसाईड नोट जप्त कर मामले को जांच में लिया है। लड़की के आत्महत्या करने के बाद क्षेत्र में यह चर्चा सरगर्म रही की आरोपी ऋषभ, लड़की को आते-जाते परेशान करता था। बताया जाता है कि ऋषभ पहले भी छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। गोसलपुर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये पहुंचाया। आक्रोशि ग्रामीणों को उचित कार्यवाही का आश्वासन देकर चकाजाम समाप्त कराया। मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है।



# महाराष्ट्र का युवक पिस्टल कारतूस के साथ गिरफ्तार

**जबलपुर**। तिलवारा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी पिस्टल और एक कारतूस जप्त किये हैं। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दयोदय गौशाला के पास हास्टल गेट के सामने महाराष्ट्र के भंडारा जिला निवासी एक आरोपी चैतन्य मुठकुरे को गिरफ्तार किया है। उसके बेग की तलाशी लेने पर एक देसी पिस्टल और एक कारतूस मिला है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 25, 27 आम्र्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

# दिनभर रुक-रुक कर होती रही रिमझिम बारिश



**जबलपुर**। पूर्वी मध्य प्रदेश के उपर मानसूनी बादल छाए हुये हैं, हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण आसमान पर बादलों की बसाहट बनी हुई है। रविवार को दिन भर बादल छाए रहे, बीच बीच में बरसात होती रही। शाम को चार बजे के बाद मध्यम वर्षा ने ठंडक घोल दी। जून माह में अषाढ बारिश के लिये जाना जाता है। इस साल जून के महीने में बारिश ने जोर दार आमद दर्ज की है। मौसम विभाग के मुताबिक 3 जुलाई तक बारिश अनवरत होने की संभावना है। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बनने से पूर्वी मध्यप्रदेश की ओर मानसून सक्रिय हो गया है।

मौसम कार्यालय के मुताबिक कल शाम हुई बारिश 3 मिलीमीटर दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 6 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 23।0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 79 प्रतिशत और सायंकाल 82 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 3 मिमि वर्षा दर्ज की गई। शहर में 1 जून से अब तक कुल वर्षा 209.5 मिमी (8इंच)दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष अधिकतम तापमान 32.7 और न्यूनतम 25.8 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है।

# अवैध उत्खनन कर ले जायी जा रही रेत से भरी दो ट्रैक्टर ट्राली जप्त



**जबलपुर**। बरगी पुलिस ने अवैध रेत से लदी बिना नम्बर की 2 ट्रेक्टर ट्राली नदिया घाट से जप्त की है। दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी की लाल रंग बिना नम्बर की ट्रैक्टर ट्राली में रेत का अवैध उत्खनन कर ले जाया जा रहा था।

इस सूचना पर पुलिस ने नादिया घाट पर दबिश दी, ट्रैक्टर चालक ग्राम सगड़ा निवासी 27 वर्षीय कृष्ण कुमार पटैल से पूछताछ की गई। उसने ट्रैक्टर मालिक मदन पटेल के कहने पर रेत लोड करके ले जाना बताया। इसी तरह दूसरे आरोपी ग्राम सगड़ा निवासी गोविंद यादव को ट्रैक्टर के साथ पकड़ा गया, पूछताछ में उसने सगड़ा निवासी मनीष उपाध्याय के कहने पर रेत खनन कर ले जाना बताया, पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2), 317(5), 3(5) बीएनएस तथा 4/21 खान एव खनिज अधिनियम तथा धारा 53 गौण खनिज अधिनियम एव 77/177, 130(3), /177 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।




डेस्टिनी 125 | बेस्ट-इन-क्लास माइलेज 60## km/l | बड़े और चौड़े एलॉय व्हील्स | बड़ी और आरामदायक सीट | एलईडी प्रोजेक्टर हेडलाइट डी आर एल के साथ

कीमत बढ़ने से पहले खरीदें | कम डाउन पेमेंट ₹1999^ | कम ब्याज दर 7.99%^ | GREEN BONUS OF ₹2000$ FOR VEHICLE SCRAPPING | pine labs PAY LATER CASHBACK UPTO ₹7500* | TOLL FREE NO. 1800-266-0018 | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. ##Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *T&C apply. Offer valid till 30th June. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

**अधिकृत डीलरः जबलपुर:** सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), **बालाघाट:** जायसवाल हीरो 9289922572, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **मण्डला:** शुभा हीरो 9289922600, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 9289922377, **रीवा:** बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), **सतना:** स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, **शहडोल:** विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, **कटनी:** हर्ष हीरो 9289923166, **वैढ़न:** कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, **सीधी:** राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **सिवनी:** सुदर्शन हीरो 9821745435, **चौरई:** श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, **एसोशिएट डीलरः पथरिया:** एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, **सेमरिया:** आकाश मोटर्स 9893918358, **अमरवाड़ा:** अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, **ब्योहारी:** श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, **बुढ़हार:** श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, **डिंडोरी:** अवधिया ऑटो 8959777333, **नैनपुर:** स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, **गाडरवाड़ा:** शेखर व्हीकल्स 9425467409, **जुन्नारदेव:** लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, **कोतमा:** सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, **मैहर:** वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, **मउगंज:** सेंगर मोटर्स 9425185568, **लांझी:** श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, **पांढुरना:** जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, **पटासिया:** श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, **रामपुर बघेलान:** साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, **रांझी:** गुरुकृपा ऑटो 9424728007, **सिहोरा:** बाईक प्वांट 9826802730, **उमरिया:** गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, **वारासिवनी:** रुसिया मोटर्स 9425822392 , **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, **पृथ्वीपुर:** महावीर एजेंसीज 7000375943, **मुलताई:** शारदा श्री मोटर्स 9522870001, **चितरंगी:** ओम मोटर्स 9685416118, **बरगवां:** बजरंग मोटर्स 9926183734, **बहरी :** श्याम एजेंसी 9981238133, **बरही:** अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, **नागोद:** चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, **देवसर:** श्री राम मोटर्स 9425086868 **अमरपाटन :** रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, **स्लीमनाबाद:** अनिल मोटर्स 9425466101, **रामनगर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, **धनोरा:** भवानी व्हीकल्स 9424950703, **सरई:** यश मोटर्स, 9981718853, **सालीचौका:** अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, **पथरिया:** एस.एस ऑटोमोबाइल, 9691147568, प्रीमिया : **सागर:** सेंट्रल मोटर्स, 7489812477, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 8815396340, **दमोह :** इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

RS/Hero/06/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240